वर्ष : 06 अंक : 299
बोकारो
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया
सोमवार, 06 मई 2024
RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com
Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### प्रो. राजीव श्रीवास्तव बने आईआईटी रांची के निदेशक

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर नगर में हुसेनाबाद मोहल्ला निवासी स्व. सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव एडवोकेट के पुत्र प्रोफेसर राजीव श्रीवास्तव को केंद्र सरकार ने आईआईआईटी रांची का निदेशक बनाया है। यह खबर मिलते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष के लिए की गई है।

### चतरा में 50 लाख के ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा पुलिस ने 50 लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में नेसार अंसारी, पंकज कुमार दांगी और मो. रेहान शामिल है। इनके पास एक आई 20 कार, 568 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन मोबाईल फोन सहित अन्य सामान बरामद किया है। जब्त कार में एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन चतरा के प्रेसिडेंट का बोर्ड लगा हुआ था। चतरा एसपी विकास कुमार पांडे रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया थाना के बगरा चतरा रोड में बजराही मोड़ के पास चार पहिया वाहन में ब्राउन सुगर की एक खेप लेकर आने वाले है। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने उक्त स्थान पर संदिग्ध स्थिती में आई 20 कार की जांच की। जांच के दौरान ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

### ओडिशा विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने किये छह प्रत्याशियों के नाम जारी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को आगामी ओडिशा विधानसभा के आगामी चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों की सूची जारी की। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने जानकारी देते हुए कहा कि उम्मीदवारों के नामों का चयन पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने किया। कांग्रेस की ओर से जारी बयान के अनुसार, देबी प्रसन्न चंद के स्थान पर सुदर्शन दास को जलेश्वर सीट से नामांकित किया गया है। अक्षय आचार्य नीलगिरि से चुनाव लड़ेंगे जबकि आरती देव की जगह देबाशीष नायक बारी से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा पार्टी ने अथमल्लिक से भी उम्मीदवार बदल दिया है।

# भारत में बनाई जाएंगी छह आधुनिक स्वदेशी पनडुब्बियां

- भारतीय नौसेना ने 60 हजार करोड़ रुपये के टेंडर जारी करके शुरू की प्रक्रिया
- मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड में लार्सन एंड टुब्रो करेगा इन पनडुब्बियों का निर्माण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जर्मन पनडुब्बी निर्माता कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के सहयोग से भारतीय नौसेना के लिए छह अत्यधिक उन्नत पनडुब्बियों का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 2020 से ही छह पनडुब्बियों के लिए विदेशी पार्टनर की तलाश थी। अब इन छह पनडुब्बियों का निर्माण भारतीय शिपयार्ड मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड में लार्सन एंड टुब्रो की साझेदारी में किया जाना फाइनल हो गया है। नौसेना ने इसके लिए 60 हजार करोड़ रुपये के टेंडर जारी करके पनडुब्बियों के निर्माण के लिए परीक्षण शुरू कर दिया है।

पारंपरिक पनडुब्बी बेड़े के आधुनिकीकरण की दिशा में काम कर रही भारतीय नौसेना ने विदेशी विक्रेताओं के साथ भारतीय साझेदारी में छह पनडुब्बियों के निर्माण के लिए भारतीय शिपयार्ड मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड और लार्सन एंड टुब्रो को निविदा जारी की है। जर्मन कंपनी मेगा थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स टेंडर के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय के शिपयार्ड मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के साथ साझेदारी कर रही है। यह प्रक्रिया इस साल मार्च में शुरू हुई थी, जब नौसेना की एक टीम ने जर्मन एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली देखने के लिए जर्मनी का दौरा किया था।

### 60 फीसदी स्वदेशी सामग्री का हो इस्तेमाल

भारतीय रक्षा पीएसयू मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और जर्मनी के थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स ने जून, 2023 में परियोजना 75 आई की निविदा में भाग लेने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। एमओयू के अनुसार थाइसेनक्रुप इंजीनियरिंग और डिजाइन की पेशकश करेगा और मुंबई स्थित एमडीएल में छह पनडुब्बियों का निर्माण होगा। एमडीएल इस टेंडर में प्रमुख भागीदार है, जहां 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ छह पनडुब्बियों का निर्माण किया जाना है।

### तीसरे चरण में शाह-दिग्विजय-डिंपल समेत कई दिग्गज मैदान में

# तीसरे चरण का शोर थमा, 94 सीटों पर कल डाले जायेंगे वोट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव में अब तक दो चरण की वोटिंग हो चुकी है। जिसके बाद अब 7 मई को तीसरे चरण की वोटिंग होनी है। तीसरे चरण की वोटिंग के चुनाव प्रचार थम गया और 7 मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर वोटिंग होगी।

तीसरे चरण के चुनाव में अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का फैसला होगा। अब तक देश में लोकसभा के पहले चरण में 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान हुआ, फिर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हुआ, जिसके बाद अब 7 मई को तीसरे चरण के मतदान होंगे। जिसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवे, 25 मई को छठे, 1 जून को सातवें चरण के मतदान होंगे। 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

### किन राज्यों में होंगे मतदान

रविवार की शाम को तीसरे चरण के लिए प्रचार का शोर थम गया। सभी प्रत्याशी और राजनीतिक दल अपने पूरे जोश के साथ चुनावी प्रचार में जुटे हैं। चुनाव आयोग तीसरे चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियों में जुटा हुआ है। तीसरे चरण में कर्नाटक, मध्य प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादरा और नगर हवेली/दमन और दीव, जम्मू-कश्मीर में होंगे मतदान। हालांकि चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग रजौरी सीट पर मतदान की तारीख में बदलाव किया है। अब यहां 25 मई को छठे चरण में वोटिंग होगी। चुनाव आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के कई कार्यक्रम कर रहा है।

### किन दिग्गजों की किस्मत दांव पर

तीसरे चरण के लिए मतदान के बाद 7 मई को जिन दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में बंद हो जाएगी। उनमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का नाम शामिल है। वे गुजरात की गांधीनगर सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। मध्यप्रदेश में विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, गुना शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ में दिग्विजय सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा उत्तर प्रदेश में मुलायम परिवार की डिंपल यादव, अक्षय यादव, आदित्य यादव के भाग्य का फैसला भी मंगलवार को होगा। महाराष्ट्र की बारामती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार की किस्मत का फैसला भी ईवीएम में बंद हो जाएगा।

# रांची में बीएसएनएल वेयर हाउस जलकर खाक, करोड़ों की क्षति

संवाददाता

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के रांची रामगढ़ रोड के जुमार पुल के पास बीएसएनएल ऑफिस के वेयर हाउस में रविवार को दिन में 11 बजे अचानक आग लग गयी, जिससे वहां रखे करोड़ों रुपयों के केबल जल कर खाक हो गये। हालांकि आग से कितने का नुकसान हुआ है इसकी जानकारी अधिकारियों ने नहीं दी है। लेकिन वेयर हाउस करीब चार एकड़ में है जिसके सभी तरफ केबल वायर भरे पड़े हैं। जिसमें आग लग गयी।

वेयर हाउस कैंपस के पीछे रहने वाले स्थानीय लोगों के मुताबिक केबल वायर के जलने से उठ रहे धुंआ व दुर्गंध मिलने के बाद कुछ लोगों ने अपने घर की खिड़कियों व बालकोनी में जाकर देखा कि वेयर हाउस में आग धधक रही थी। जिसकी जानकारी आस पास के लोगों सहित पुलिस को दी गयी। लोगों ने बताया कि रविवार होने की वजह से वेयर में कोई भी स्टाफ नहीं था, गेट में ताला लगा हुआ था उसके बावजूद आग कैसे लगी जिससे करोड़ों का नुकसान हो गया। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक वेयर हाउस का एरिया बहुत बड़ा है जिसमें केबल वायर भरे पड़े हैं, इतने मोटे केबल में आग पकड़ना आसान नहीं है, इसके बावजूद आग पूरे कैंपस के केबल व अन्य सामानों को चपेट में ले लिया। इससे यह आशंका जतायी जा रही है कि ये आग लगी नहीं बल्कि प्रायोजित तरीके से लगायी गयी, जो जांच का विषय है।

इधर बीएसएनएल के अधिकारी व पदाधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से बचते रहे। खबर लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था।

# झारखंड में घुसपैठ रोकने की निगरानी का जिम्मा केंद्र सरकार का : मुख्यमंत्री

- डेमोग्राफी बदलने की जिम्मेवारी केंद्र की है राज्य की नहीं
- केंद्र ने अंतरराष्ट्रीय सीमा को अबतक सील क्यों नहीं किया

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य में घुसपैठियों के मामले में रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि झारखंड सरकार को अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा कब मिला। यह गलती किसकी है। सीमा को सील क्यों नहीं किया जाता है। उल्टे भाजपा आरोप लगाती है कि यहां की डेमोग्राफी बदल रही है। भाजपा ही बताए गलती किसकी है। भाजपा के एजेंडे से महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं की बदहाली जैसे मुद्दे गायब हैं।

मुख्यमंत्री ने नसीहत देते हुए कहा कि जुमलों से बचिए। वैसे लोगों को सांसद चुनिए, जो आपके मुद्दों को देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठा सकें। झारखंड के अधिकतर सांसदों ने जिस प्रकार राज्य की जनता की मांगों व अपेक्षाओं को लगातार नकारा है, जिस तरह से उन्हें महंगाई, 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण, सरना-आदिवासी धर्म कोड समेत अन्य मुद्दों पर जुमले सुनाये गए हैं, उसका जवाब जनता देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में राशन कार्ड तक आधार संख्या के बिना नहीं बनते। जब आधार कार्ड बनाने वाली एजेंसी केंद्र सरकार के अधीन काम करती है, नागरिकता देना भी केंद्र के अधिकार क्षेत्र आता है, तो फिर इस प्रक्रिया में होने वाली गड़बड़ी के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी गरीबी देखी है। भाजपा सरकार के राज में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 400 रुपये से बढ़कर 1100 रुपये हो गई। राशन से लेकर सब्जी-भाजी और तेल-मसालों का हाल भी लोगों के सामने है। ऐसे हालात बन गए हैं कि देश के इतिहास में पहली बार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज देना पड़ रहा है।

### पीएम मोदी ने इटावा में की चुनावी जनसभा, विपक्षी दलों पर साधा निशाना, बोले

# विपक्ष अपने बच्चों के भविष्य के लिए लड़ रहा चुनाव

एजेंसी

**इटावा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के इटावा में एक चुनावी जनसभा में विपक्षी दलों के परिवारवाद पर कड़ा तंज कसा। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा के लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि मोदी और योगी के पास बाल-बच्चे नहीं हैं। जनता ही उनका परिवार है। मोदी-योगी आपके बच्चों के भविष्य के लिए जीवन खपा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साथियों, इन परिवारवादियों की विरासत क्या है? इनकी विरासत गाड़ी, बंगला और रसूख है। कोई इटावा, मैनपुरी और कन्नौज को अपनी जागीर मानता है तो कोई अमेठी, रायबरेली को अपनी विरासत मानता है। मोदी की विरासत गरीब को मिला मकान, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज है। मोदी की विरासत आपके बच्चों के लिए बनाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। कौन जानता है कि 2047 में आपका ही बेटा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बने। शाही परिवार का ही बेटा सीएम पीएम बने, चाय वाले ने यह प्रथा तोड़ दी है। जैसे राजा राम मोहन राय के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने कुप्रथा तोड़ दी। ऐसे ही भविष्य में मेरे बारे में कहा जाएगा कि एक चायवाले ने शाही परिवारों से ही सीएम पीएम बनने की कुप्रथा तोड़ी थी। अब कोई भी सीएम पीएम बन सकता है। तीन लोकसभा क्षेत्रों-इटावा, कन्नौज और मैनपुरी के लिए आयोजित इस जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषण के दौरान इस पूरे क्षेत्र को भावनात्मक रूप से जोड़ते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि 2019 में संसद में उन्होंने कहा था कि भाजपा की एक बार फिर सरकार बनने जा रही है। मोदी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उनका वह आशीर्वाद लग गया। इस चुनाव में वह नहीं हैं लेकिन उनके भाई हमारी सरकार बनाने की अपील कर रहे हैं।

### विपक्ष के लोग केवल झूठ बोल रहे हैं

मोदी ने कहा कि विपक्ष के लोग केवल झूठ बोल रहे हैं। कोरोना काल में भी इन लोगों ने झूठ फैलाया। वैक्सीन के बारे में भ्रम फैलाए। खुद चोरी-चुपके वैक्सीन लगवाए और गरीबों को लगवाने से मना कर रहे थे। यह लोग अब संविधान के बारे में भ्रम फैला रहे हैं। सपा, कांग्रेस समेत सारी कम्पनी एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण छीन कर मुस्लिमों को दे रहे हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ने रातों-रात मुस्लिमों को ओबीसी में शामिल कर दिया। अगर यूपी में ऐसा हुआ तो यादव, मौर्य कुशवाहा बंधुओं का क्या होगा। यह लोग केवल अपना भला करते हैं। याद रखिए इन्हें अपने परिवार के बाहर का कोई भी यादव नहीं मिला। भाजपा में कोई भी मुख्यमंत्री बन सकता है। मध्य प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री मोहन यादव बने हैं।

### रायबरेली लोकसभा सीट

### चुनावी आंकड़े कर रहे इशारा, क्या गांधी परिवार अपने गढ़ को बचा पाएगी?

# गांधी परिवार की सेफ सीट, लेकिन बहुत कठिन है डगर राहुल की!

एजेंसी

**रायबरेली।** गांधी परिवार के लिए रायबरेली हमेशा से सेफ सीट रही है। 1999 के चुनाव को यदि छोड़ दें तो सीधे तौर पर गांधी परिवार से जुड़ा व्यक्ति ही यहां से चुनाव लड़ा है। जिसमें 1996 और 1998 के अलावा सभी में वह विजयी रहे हैं। लेकिन 2024 के लिए यह सवाल सबसे महत्वपूर्ण है कि क्या गांधी परिवार अपने गढ़ को बचा पाएगी? चुनावी आंकड़े तो कुछ यही इशारा कर रहे हैं कि 2014 के बाद लोकसभा और विधानसभा में जिस तरह से कांग्रेस के वोट प्रतिशत में गिरावट आई उससे राहुल गांधी के लिए डगर बहुत कठिन है।

रायबरेली सीट पर गांधी परिवार का वर्चस्व रहा है और 2004 से लगातार कांग्रेस नेता सोनिया गांधी जीतती रही हैं, लेकिन पिछले चुनाव में उनका जीत का मार्जिन कम हो गया था। 2019 में सोनिया गांधी को 1 लाख 67 हजार वोटों के अंतर से जीत मिली थी, जबकि इसके पहले 2004, 2006, 2009 में 3 लाख वोट से अधिक अंतर से जीतती रही हैं। 2019 में सोनिया गांधी के जीत का अंतर 17.23 प्रतिशत ही रह गया था और भाजपा के वोट प्रतिशत में जिस तरह इजाफा हुआ था, कांग्रेस को मुश्किल में डालने वाला है।

2022 के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सभी पांचों विधानसभाओं के परिणाम तो कांग्रेस को और परेशान करने वाले हैं, जब किसी भी विधानसभा में पार्टी की जीत नहीं हुई। केवल बछरावां को यदि छोड़ दें तो ऊंचाहार, रायबरेली, हरचंदपुर और सरेनी सभी में कांग्रेस का वोट प्रतिशत काफी कम रह है। रायबरेली विधानसभा सीट पर कांग्रेस को 6.50 और ऊंचाहार में 4.71 प्रतिशत वोट ही मिल पाए। जबकि हरचंदपुर में 8 प्रतिशत वोट मिले हैं। केवल बछरावां और सरेनी में पार्टी 15 प्रतिशत से ज्यादा वोट पा सकी। इसके भी पीछे प्रत्याशियों का अपना मजबूत प्रभाव बताया जा रहा है। यह कांग्रेस के रणनीतिकारों के लिए बेहद कड़ी चुनौती है। जिसका समान इंडी गठबंधन प्रत्याशी राहुल गांधी को करना है।

### कांग्रेस को सपा का है भरोसा

2022 के विधानसभा चुनाव में रायबरेली के 5 में से 4 सीटों पर सपा ने जीत दर्ज कर ली, जबकि एक सीट बीजेपी के खाते में गई, मतलब साफ है कि लोग कांग्रेस को वोट नहीं देना चाहते हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में सपा ने समाजवादी पार्टी पिछले कई चुनावों से रायबरेली में अपना प्रत्याशी नहीं खड़ी करती रही है और इस बार भी सपा इंडी गठबंधन में है। सपा ने विधानसभा चुनावों में जिस तरह का प्रदर्शन किया है उससे साफ है कि राहुल का चुनावी सफलता का पूरा दारोमदार सपा पर ही रहेगा। हालांकि बसपा के ठाकुर प्रसाद यादव की कोशिश जरूर होगी कि वह सपा के मूल वोट बैंक में सेंध लगाएं लेकिन इसमें वह कितना सफल हो पाएंगे, यह समय बताएगा, लेकिन राहुल की नैया सपा के भरोसे ही है। जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी को बड़ी उम्मीदें हैं कि किसी तरह सपा का मजबूत वोट बैंक आसानी से कांग्रेस की ओर ट्रांसफर हो जाय।

# पीएम मोदी 12 को सिमरिया और बिरानी में 16 को करेंगे जनसभा

संवाददाता

**रांची।** राज्य की धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिर आएंगे। वे 12 मई को चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न तीन बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 16 मई को गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड के पेशमअरवाड़ मैदान में सुबह आठ बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने दो दिवसीय दौरे पर तीन मई को सिंहभूम में जनसभा और राजधानी रांची में रोड शो किया था। साथ ही चार मई को पलामू और सिसई क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया था।

प्रधानमंत्री मोदी का झारखंड से गहरा लगाव है। उन्होंने इस धरती से ही आयुष्मान भारत योजना की लॉन्चिंग की थी। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलीहातु जाने वाले वे देश के पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप मनाने की शुरुआत की। इतना ही नहीं मोदी ने राष्ट्रीय स्तर की कई योजनाओं की लॉन्चिंग भी झारखंड के धरती से की।

# 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर' सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को शिड्यूल करें पदाधिकारी : रवि कुमार

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत सात मई को संध्या छह से आठ बजे के बीच मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट कर इसे ट्रेंड में लाने का कार्य करें।

रवि कुमार ने रविवार को सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को लेकर सभी जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी, सोशल मीडिया के नोडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया का कार्य देख रहे सभी पदाधिकारी/कर्मी एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियान की जानकारी दी। रवि कुमार ने अभियान के तहत निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चुनाव से संबंधित फोटो,वीडियो, टेक्स्ट अपलोड करते हुए संबंधित हैशटैग को ट्रेडिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से भी अपील की कि इस विशेष अभियान का हिस्सा बनकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उपरोक्त हैशटैग लगाते हुए चुनाव से संबंधित सामग्री को जरूर पोस्ट करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान को लेकर संबंधित लोगों से कहा कि निर्धारित समय के पूर्व ही अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से तिथि एवं समय का शिड्यूल कर लें, ताकि निर्धारित समयावधि में उन्हें पोस्ट करने में कोई समस्या नहीं आए और वह ट्रेंड करता रहे। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री को पोस्ट करने की बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए तिथि एवं समय का शिड्यूल सहित अन्य संबंधित तकनीकी जानकारियां दी गईं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस लाइन में छह मई तक बसों को जमा करने के निर्देश

संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव में गाड़ियों की जरूरतों को देखते हुए रांची जिला प्रशासन तैयारियों में लग गया है। रांची जिले के अंतर्गत संचालित सभी बस संचालकों (स्कूल बस) को कहा गया है कि छह मई की रात आठ बजे तक गाड़ियों को पुलिस लाइन, रांची में जमा कर दें। इस संबंध में रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची ने कहा कि पांच मई को सुबह 10 बजे से छह मई की शाम तक गाड़ियों को जमा कर देना है। परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में किसी बाधा के बगैर ससमय चुनाव कार्य पूरा कराना अनिवार्य है। ऐसे में वाहनों का अधिग्रहण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अंतर्गत किया गया है। वाहन जमा करने के आदेश की लापरवाही चुनाव अपराध के तौर पर लिया जाएगा। निर्धारित प्रावधान के तहत एक वर्ष की सजा या अर्थदण्ड या दोनों के साथ-साथ वाहन मालिकों के खिलाफ एफआईआर भी हो सकता है। संबंधित वाहनों को ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है। ऐसे में निर्धारित तिथि तक गाड़ियों को जमा करा दिया जाए।

## एक नजर

### नि:शुल्क चलंत प्याउ शुरु

**रांची।** राजधानी में बढती गर्मी के प्रकोप से लोगों को राहत प्रदान करनें के उद्देश्य से अग्रवाल युवा सभा द्वारा महाराजा अग्रसेन नि:शुल्क चलंत प्याऊ का शुभारंभ रविवार को अपर बाजार के बकरी बाजार स्थित भारतीय युवक संघ दुर्गा मंदिर के प्रांगण में किया गया। इसमें चलंत प्याऊ में शीतल पेय जल, सत्तू पानी, ग्लूकोज पानी, आम पानी एवं अन्य पेय पदार्थ की सुविधा राजधानी के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग दिन वहां के नागरिकों, दुकानदारों एवं राहगीरों को नि:शुल्क रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। प्याऊ का उद्घाटन समाजसेवी एवं रांची गौशाला के अध्यक्ष पुनित पोद्दार, भारतीय युवक संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं अग्रवाल सभा सचिव मनोज चौधरी द्वारा किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष सौरभ बजाज ने अतिथियों को पौधा देकर, दुपट्टा ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। इस मौके पर अग्रसेन धारा प्रभारी मयूर पोद्दार, मोहित अग्रवाल, निशान अग्रवाल को बनाया गया। यह जानकारी संस्था के प्रवक्ता सन्नी टिबडेवाल, अमित बजाज ने दी।

### राहुल गांधी का एक दिवसीय दौरा सात को

**रांची।** मंगलवार सात मई को अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के एक दिवसीय दौरा कार्यक्रम को लेकर संबंधित जिलों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि राहुल गांधी सर्वप्रथम टाटा कॉलेज चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार श्रीमती जोबा मांझी के समर्थन में पूर्वाह्न 11:30 बजे तथा लोहरदगा उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में 2:00 बजे गुमला जिला के बसिया के कोनवीर में चुनावी सभा में भाग लेंगे उन्होंने कहा कि दोनों जगह पर आमसभा को सफल बनाने के लिए रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा के कार्यकर्ता एवं नेताओं को निर्देश दिए गए हैं,साथ हीं सभा स्थल पर तैयारी की समीक्षा भी लगातार की जा रही है।

### भगवान परशुराम जयंती 10 को

**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची के तत्वाधान में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पूर्व सभा द्वारा समाज की महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन रविवार को मारवाड़ी ब्राह्मण भवन प्रांगण में किया गया। इसमे ब्राह्मण समाज की महिलाएं एवं बच्चों की सहभागिता रही विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए भाषण, लेखन, कुर्सी दौड़ एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवा महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ जैसे ही मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर निर्णयाक मंडल में विभिन्न स्कूलों की शिक्षिकाओं में सुश्री अनुभा शर्मा, श्रीमती रश्मि शर्मा, श्रीमती स्नेहा शर्मा ने आज निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका को निभायी ।

### झामुमो ने महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में किया जनसभा

रांची। कर्रा प्रखंड बक्सपुर पंचायत के लापा सरना टोली में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के द्वारा इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करके प्रचार- प्रसार किया गया. इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को भारी मतो से विजय बनाने का संकल्प लिया गया. और जनता इंडिया महागठबंधन को चुनाव चिन्ह हाथ छाप में वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने कि अपील कि गयी. कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो नेता सुदीप गुड़िया,कॉग्रेस नेत्री दयामनी बारला, जगदीश मुंडा, जयसिंह, सोनू इमरान ,राहुल केशरी, विनोद उरांव, शम्भू शर्मा, पूनम बारला, ग्लोरिया लुगून, मुन्ना हेरेंज, संजय मुंडा, लछुवा लोहरा, बिमल तोपनो, जोसफ आईन्द, पौलुस होरो, नंदू कच्छप, केलेमिस्या ओरया, रोशन उरांव, पूनम कोंनगाड़ी, शोभा बारला, सुधीर होरो, बाका लकड़ा, राजू उरांव, संजय मुंडा, बिरसा होरो, जोहान आईन्द,मंगल पहान, सुनील धान के अलावे अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह सांसद के.सी वेणुगोपाल द्वारा दिनांक 20 मई 2024 को पांचवे चरण के होनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए झारखंड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गयी है। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमिटी, मीडिया विभाग के चेयरमेन सतीश पॉल मुंजनी ने दिया। उन्होंने बताया कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा, के.सी. वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ. अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, जयशंकर पाठक, अमुल्य नीरज खलखो, केदार पासवान, गुंजन सिंह, अभिजीत राज, शामिल है।

### भाजपा प्रभारी ने की रामटहल से मुलाकात

**रांची।** राज्यसभा सांसद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई ने रविवार की सुबह राजधानी के ओरमांझी प्रखंड स्थित पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता रामटहल चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की। श्री बाजपेई भाजपा नेता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू के साथ ओरमांझी पहुंचे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई यह मुलाकात लगभग 1 घंटे तक चली।

## चुनाव की तैयारियों पर आईजी अभियान ने की समीक्षा बैठक

### बैठक में जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए

### राज्य में कुल मिलाकर 2.54 करोड़ से अधिक मतदाता हैं

संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आईजी अभियान की अध्यक्षता में रविवार को समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। इसमें जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। इस दौरान चुनाव को लेकर क्या-क्या तैयारियां की गई हैं और क्या कमियां रह गई हैं, इस पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए गए। झारखंड में 14 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें पांच सीटें एसटी और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। राज्य में कुल मिलाकर 2.54 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इनमें 22 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। राज्य में चौथे, पांचवे, छठवें और सातवें चरण में मतदान होगा। चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा। चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में 20 मई को पांचवे चरण का मतदान होगा। गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को छठवें चरण में मतदान होगा। इनके अलावा राजमहल, दुमका और गोड्डा में एक जून को सातवें चरण में मतदान होगा।

## 11 लाख के ब्राउन शुगर के साथ महिला तस्कर सहित तीन गिरफ्तार

संवाददाता

**रांची।** राजधानी को नशे के सौदागरों से निजात नहीं मिल रहा है,गिरोह में शामिल तस्कर कभी बस से तो कभी रेलवे से सप्लाई करते पकड़े जा रहे हैं।

शनिवार को भी रांची रेलवे पुलिस के अधिकारियों ने गुप्तचरों की सूचना पर चुटिया थाने की पुलिस के साथ साझा कार्रवाई करते हुए रेलवे परिसर से ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। जिनके पास से पुलिस ने 11 लाख 13 हजार कीमत की 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है।

मिली कामयाबी पर आरपीएफ रांची स्टेशन के इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने बताया कि रेलवे के बड़े अधिकारियों को पूर्व से सूचना मिल रही थी की रांची स्टेशन परिसर में कुछ तस्करों द्वारा ब्राउन शुगर की तस्करी की जाती है। तब से रेलवे पुलिस को सर्तक कर टीम को कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया था।

शनिवार की शाम में एक महिला समेत तीन लोगों के द्वारा स्टेशन परिसर में ब्राउन शुगर खरीद फरोख्त करने की सूचना मिली, जिस पर त्वरित टीम का गठन कर चुटिया थाने की पुलिस के साथ बताये गये स्थान की घेरा बंदी कर एक महिला व दो युवकों को ब्राउन शुगर बिक्री करते रंगे हाथ धबोच लिया गया।

इंस्पेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि पुलिस गिरफ्त में आये तीनों तस्करों में विकास कुमार सिंह जो वर्तमान में मोरहाबादी टैगोर हील तीनेश कुमार सोनी किशोरगंज हरमु का और इनके लिए महिलाओं व छात्राओं के बीच दुकानदारी चलाने वाली लालपुर थाना के करमटोली की रहने वाली सोनाली खलखो शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को जानकारी दी की ये लोग ट्रेन से सासाराम के डेहरी ऑनसोन जाते हैं और मुख्य डीलर से ब्राउन शुगर खरीद कर रांची लौट जाते हैं, और यहां अलग अलग इलाकों में घूम घूम कर बिक्री करते हैं। आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि उन्हें वहां कोई अनजान आदमी पैसे लेकर पैकेट दे जाता है जिसका वे नाम पता नहीं जानते। बाद में तीनों तस्करों को चुटिया पुलिस के हवाले कर दिया गया जहां से उन्हें जेल भेज दी गयी।

## भारत को परम वैभव पर ले जाने के लिए मोदी को प्रधानमंत्री बनना जरूरी: सांसद

संवाददाता

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने रविवार को खलारी के कोनका , हेसालन, नावाडीह में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर श्री सेठ ने कहा नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है।

स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय हर शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी। 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया इससे कश्मीर पंडितों को ही नहीं बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा जिससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया।

इसी तरह राम मंदिर का निर्माण 5 सालों की प्रतीक्षा का प्रतिफल आज प्राप्त हुआ आज पाकिस्तान के आंख में आंख डालकर भारत बात करता है सर्जिकल स्ट्राइक इसका एक जीता जागता उदाहरण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। मोदी का लक्ष्य है अंतोदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा हमें अपने घरों से निकाल कर देश के विकास के लिए मतदान अवश्य करनी चाहिए यह हमारा अधिकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। आज हम विश्व के पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं ।

## यशस्विनी सहाय आज करेंगी नामांकन

### जुलूस के साथ नामांकन दाखिल करने जायेंगी यशस्विनी सहाय

### कांग्रेस के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के समर्थक रहेंगे मौजूद

संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची लोकसभा क्षेत्र से आईएनडीआईए की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। यशस्विनी सहाय नामांकन दाखिल करने जुलूस के साथ जायेंगी। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के समर्थक मौजूद रहेंगे।

नामांकन के लिए जुलूस मणि टोला काली मंदिर से पूजा-अर्चना कर सुबह सात बजे प्रारंभ होगी। इसके बाद 7:30 बजे धुर्वा सेक्टर तीन स्थित आवास से प्रस्थान और दुर्गा मंदिर के दर्शन, 7:45 में बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण, 8.00 बजे हिनू चौक स्तिथ (हनुमान मंदिर ,शनि मंदिर में दर्शन, 8:15 बजे डोरंडा एजी मोड़, 8:30 बजे स्वामी विवेकानंद चौक, 8:45 बजे बाबा साहेब आंबेडकर चौक, नौ बजे रिसलदार बाबा के मजार, 9:30 बजे कडरू ब्रिज, 9:40 में कडरू महावीर मंदिर में दर्शन, अरगोड़ा चौक, हरमू चौक, स्वामी सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक, भारत माता चौक, किशोरगंज चौक, रातू रोड चौराहा, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए समाहरणालय भवन पहुंचेंगी। यहां यशस्विनी सहाय नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

इसके बाद रांची के मोरहाबादी मैदान में एक जनसभा होगी। इसमें मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सहित गठबंधन के अन्य नेता शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि रांची में लोकसभा चुनाव छठें चरण 25 मई को होना है। रांची के अलावा गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर संसदीय सीटों पर भी इसी दिन वोटिंग होगी। छठे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 29 अप्रैल से चल रही है, जो छह मई तक चलेगी। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नौ मई तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र में ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया और कांके विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

### समर्पण शाखा की बैठक संपन्न

रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के नये सत्र (2024 - 25) की दूसरी कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष श्रीमति विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में स्थित होटल माइस में हुई। दबैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही सभापटल में रखी गई। उसके बाद सचिव ने अप्रैल माह का प्रतिवेदन पेश किया। शाखा अध्यक्ष ने सभी प्रभारियों के अच्छे कार्य की प्रशंसा की और सभी दानदाताओं का धन्यवाद दिया। बैठक में मई माह में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई जिसमे विशेष रूप से मदर्स डे, रक्तदान शिविर,स्वस्थ जांच शिविर, स्थायी अमृतधरा, मंडलीय सभा में उपस्थिति, सावन मेला का आयोजन जैसे कई कार्यक्रमों पर चर्चा कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में कोषाध्यक्ष दीपिका टेकरेवाल ने अपनी रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान बैच पहनाकर किया गया। बैठक में सचिव शुभा अग्रवाल, सरिता बथवाल, दिपीका टेकरीवाल, विनीता सिंधानिया, कोमल झुनझुन वाला, रितू पोद्दार, शशी बंका रोजी खंडेलवाल साहित कई अन्य सदस्य शामिल थी।

### मतदाता जागरूकता के लिए माहेश्वरी सभा ने की बैठक

रांची। माहेश्वरी सभा रांची माहेश्वरी महिला समिति एवं माहेश्वरी युवा संगठन की संयुक्त बैठक हुई। इसमें चुनाव के महापर्व पर मतदाताओं को मतदान करने के लिए कैसे जागरूक बनाया जाए तथा उन्हें अपने मत के अधिकार का क्या महत्व है यह कैसे बताया जाए इस पर विस्तृत चर्चा हुई। सभा की तीनों शाखों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया की सभा का प्रत्येक सदस्य अपने स्तर पर मतदाताओं से संपर्क करके उन्हें मतदान के दिन मत अवश्य दें इसके लिए प्रेरित करेगा तथा अपनी अपनी पहुंच के क्षेत्र में मतदान के दिन यह सुनिश्चित करने की चेष्टा करेगा की सब लोग मत देने के लिए अवश्य जाएं।

## मतदाता पहचान पत्र बांटने के लिए रविवार को भी खुले रहे डाकघर

संवाददाता

**रांची।** रांची डाक मंडल के डाकघर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को भी खुले रहे। निर्वाचन आयोग से भेजे गए 53 हजार मतदाता पहचान पत्रों को डाक के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के लिए शनिवार को देर रात तक रांची जीपीओ कार्यालय खुला रहा और रविवार सुबह तक वोटर कार्ड डाकघरों तक पहुंच गए। डाकियों ने भी आज घर-घर तक जाकर वोटर कार्ड का वितरण किया।

वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने बताया कि डाक कर्मी, डाकिया और जीडीएस की मदद से 10 हजार वोटर आईडी कार्डों का वितरण घर-घर किया गया है। उन्होंने इस अद्वितीय पहल के लिये डाक कर्मियों, डाकियों और जीडीएस को धन्यवाद दिया। साथ ही उनके सहयोग के लिए आम नागरिकों को भी धन्यवाद दिया। सिंह ने कहा कि इस महापर्व को सफल बनाने के लिए अमूल्य मतदान जरूर करें। इसके साथ उन्होंने आने वाले चुनाव में सुधारित सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प भी दोहराया और कहा कि आने वाले चुनाव में डाक विभाग नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा।

## एक नजर

### लड़का-लड़की पक्ष के लोगों में मारपीट

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत गोविंदपुर एफ पंचायत के लहरियाटांड़ में लड़का एवं लड़की पक्ष के लोगों में मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गये। घटना रविवार दोपहर की है। घटना के बाद दोनों ही पक्षों की ओर से थाना में लिखित आवेदन दिया गया है, जिसके आधार पर पुलिस ने पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में ले रखा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लहरियाटांड़ निवासी जलेश्वर प्रजापति की पुत्री सुजाता का विवाह रामगढ़ निवासी राजू प्रजापति के पुत्र अजय कुमार के साथ आठ माह पूर्व हुआ था। विवाह के बाद सुजाता को ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा मारपीट की वारदात की जाती थी। मारपीट से तंग होकर वब अपने मायके चली आयी थी। रविवार को सुजाता का पति अजय, ससुर राजू प्रजापति, सास फूलमति देवी सहित चार-पांच लोग लहरियाटांड़ सुजाता को बातचीत कर विदा करवाने आये थे। बातचीत के क्रम में विवाद बढ़ने पर दोनों ही पक्षों में मारपीट की घटना घट गयी। मारपीट में रामगढ़ के अजय कुमार, राजू प्रजापति, फूलमति देवी तथा लहरियाटांड़ निवासी सुजाता, टिकैत प्रजापति सहित सुजाता की दो बहन घायल हो गयी। मारपीट की घटना के बाद दोनों ही पक्षों ने थाना में लिखित आवेदन दिया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों में लड़की को ले जाने के मामले में मारपीट की घटना के बाद दोनों ने आवेदन दिया है। मामले में पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पावर प्लांट से बिजली उत्पादन आरंभ

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले पावर प्लांट से बिजली का उत्पादन आरंभ हो गया है। इसके पूर्व शनिवार को यूनिट को लाईट अप किया गया था। गुरुवार को यूनिट के बॉटम हॉपर के वाटर भॉल्व के पास टयूबलीकेज के कारण यूनिट को सुबह साढ़े नौ बजे बंद करना पड़ा था। रविवार को यूनिट को फूल लोड 500 मेगावाट पर चलाया जा रहा है।

### गंभीर बीमारी से ग्रसित डीवीसी कर्मी को भी दी गई चुनाव डयूटी

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी सिविल वाटर डिपार्टमेंट में भाल्व ऑपरेटर के पद पर कार्यरत कर्मी अनिल घांसी विगत डेढ़ वर्ष से लीवर एवं किडनी की गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। डीवीसी कर्मी का इलाज बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी हॉस्पिटल के अलावा रांची एवं कोलकाता के फोर्टिस हॉस्पिटल से चल रहा है। बीमारी से ग्रसित डीवीसी के भॉल्व ऑपरेटर का नाम लोकसभा चुनाव की लिस्ट में शामिल है। चुनाव को लेकर होने वाले प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए डीवीसी कर्मी को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए चुनाव कोषांग बोकारो एवं डीवीसी के विभागीय अधिकारी द्वारा बार-बार मोबाइल पर फोन कर सूचित किया जा रहा है। शनिवार को डीवीसी कर्मी की तबीयत बिगड़ने पर उनके परिजन उसे आनन फानन में कोलकाता फोर्टिस हॉस्पिटल के लिए ले गये। डीवीसी कर्मी के परिजन इस बात को लेकर काफी परेशान हैं कि ऐसी परिस्थिति में जब वे अनिल का इलाज करा रहे हैं और वे स्वयं खड़ा होने की स्थिति में भी नहीं हैं तो चुनाव का प्रशिक्षण या डयूटी कैसे कर पायेंगे।

### एथलीट अदिति को मिला स्पॉन्सरशिप

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी की सिंदरी निवासी एथलीट अदिति दास को बोकारो थर्मल निवासी समाजसेवी तथा टोटल टोटल कम्प्यूटर सोल्यूसन के संचालक नीशित कुमार ने वर्ष 2028 तक के लिए स्पॉन्सरशिप दिया है। अदिति विगत वर्ष नेशनल जूनियर एथलीट मीट में झारखंड का प्रतिनिधित्व की थी। साथ ही झारखंड राज्य स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट रही है। नीशित कुमार एथलीट अदिति का वर्ष 2028 तक का सभी प्रकार का खर्च वहन करेंगे। रविवार को नीशित ने अदिति को चेक प्रदान किया। इसकी जानकारी भाटिया एथलेटिक्स एकेडमी के कोच सह सचिव आशु भाटिया ने रविवार को दी।

### अमलाबाद में अगलगी में झुलसे पेड़ पौधे

बोकारो : बोकारो जिले के अमलाबाद ओपी क्षेत्र के केंदुलिया व अमलाबाद बस्ती के समीप रविवार की दोपहर आगलगी से सैकड़ों पेड़ पौधे जलकर राख हो गए। इसके अलावा खेतों के आसपास सूखी झाड़ियों समेत जानवरों के चरागाह जलकर नष्ट हो गए। कयास यह लगाया जा रहा है कि किसी असामाजिक तत्वों द्वारा यह आग लगाई गई होगी। लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन देखते हीं देखते करीब आधा किमी की परिधि तक आग फैल गई। आसपास में पानी की किल्लत है, जिसके कारण इसे काबू में कर पाना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बाद में सूचना पाकर ओएनजीसी के दमकल भी पहुंचे थे। ग्रामीणों ने बताया कि ओएनजीसी का दमकल सिर्फ दिखावा है। दमकल की टंकी काफी छोटा है, इसमें पानी रखने की क्षमता काफी कम रहता है। जबकि ओएनजीसी का खुद का इतना बड़ा प्रोजेक्ट चल रहा है।

### परशुराम जन्मोत्सव मनायेगा संपूर्ण विप्र समाज

**बोकारो :** शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर संपूर्ण विप्र समाज, बोकारो जिला इकाई द्वारा संध्या 5 बजे से विशेष पूजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 5 स्थित आशा लता के हेलेन केलर सभागार में किया जायेगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार की शाम सेक्टर 6 डी में बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर परिसर स्थित भगवान परशुराम मण्डप में एक बैठक का आयोजन संपूर्ण विप्र समाज के बोकारो जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई।

# झारखंड में खुलकर सामने आया जदयू का अंतर्कलह

### खीरू महतो को अध्यक्ष मानने से किया इनकार

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 स्थित जनता दल यू कार्यालय में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकताओं की हुई बैठक में झारखंड में जदयू में अंतर्कलह का मामला खुलकर सामने आ गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व बियाडा अध्यक्ष जदयू के नेता अशोक चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में संवैधानिक तौर पर सांसद खीरू महतो अध्यक्ष नहीं हैं। श्री चौधरी ने कहा कि जब वह अध्यक्ष थे, तब भी डेढ़ वर्षो में कार्यकारिणी का गठन नहीं कर पाए और संगठन को सुदृढ़ और सशक्त बनाने की जगह दल को दिशाहीन कर नीतीश कुमार द्वारा प्रदत्त शक्तियों का दुरुपयोग किया। आज उनके क्रियाकलाप से कार्यकताओं में आक्रोश है और इसका निदान नहीं होने के कारण पार्टी में शिथिलता आ गई है। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार कोटे से एक महतो समुदाय के व्यक्ति को नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा सदस्य बनाना झारखंड के प्रति उनके स्नेहिल स्वभाव को दशार्ता है और पिछड़ों को सशक्त बनाना उनका मकसद था। लेकिन उन्होंने उस समुदाय को सशक्त बनाने के बजाय अपने सशक्तिकरण पर ज्यादा ध्यान दिया है। झारखंड में एक भी सीट लेने के लिए उन्होंने कोई प्रयास नहीं किया, न रुचि दिखाई। श्री चौधरी ने कहा कि उन्होंने संगठन को सुदृढ़ बनाने के बजाय पार्टी में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, डीआईजी संजय रंजन जैसे लोगों को आने में बाधा उत्पन्न की।

श्री चौधरी ने कहा कि बैठक में कई साथियों ने लोकसभा चुनाव में समर्थन के सवाल पर अपना विरोध प्रकट किया। लेकिन उनका विरोध प्रत्याशी ढुल्लू महतो से नहीं, बल्कि पूर्व के विधानसभा चुनाव में बोकारो के कुछ स्थानीय भाजपा नेताओं द्वारा भीतरघात करने को लेकर था। नेताओं ने इस संदर्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से दिशा-निर्देश प्राप्त करने पर काफी जोर दिया और इसके लिए अशोक चौधरी को जिम्मेदारी सोंपी। श्री चौधरी ने कहा कि मान-सम्मान किसी के देने से नहीं मिलता, आप को अपनी योग्यता के अनुसार मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में और सामाजिक जीवन में आपको अपमान सहने की कला भी आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप पार्टी के स्थापना काल से जुड़े हुए पुराने साथी हैं। हम आपके विचारों को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से पुनः 19 मई को बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया, जिसमे पार्टी नेतृत्व का निर्देश प्राप्त कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक का संचालन डॉ के कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करने वालो में प्रवीण कुमार, वाल्मीकि सिंह, कौशल राय, दिलीप महतो, प्रेम यादव, जनार्दन चौधरी, रविंद्र कुमार, विनोद कुमार, तारकेश्वर प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बोकारो रोटरी ने प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर पत्रकारों को किया सम्मानित

संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा विश्व पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार की रात एक संगोष्ठी आयोजित कर स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सोशल मीडिया के वर्तमान दौर में समाचार पत्रों पर पड़ते प्रतिकूल प्रभाव की चर्चा करते हुए आज के समय में भी अखबारों की भूमिका व उसकी महत्ता को प्रासंगिक बताया।

साथ ही फेसबुक, यूट्यूब आदि के माध्यम से भ्रामक खबरों को बढ़ावा दिए जाने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए इनकी निरंकुशता पर लगाम लगाने की जरूरत बताई। कार्यक्रम को डॉ अनिल त्रेहन, चंद्रिमा रे, बी के पांडेय, सुनील तिवारी, विजय सिंह आदि ने संबोधित किया। जबकि, मंच संचालन प्रदीप नारायण एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय तिवारी ने किया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के अध्यक्ष घनश्याम दास, सचिव महेश गुप्ता, प्रदीप सिंह, डॉ एससी मुंशी, पीडीजी महेश केजरीवाल, बीएस जायसवाल, प्रदीप रे, अशोक तनेजा, पीए जकारिया, अशोक केडिया, राजेश सिंह, विवेक कक्कड़, संजय तिवारी, अशोक तनेजा, मन्नू श्रीवास्तव, अशोक जैन, हरदीप सिंह, डॉ राजदीप, अभय गिरि, नीलम दास, संध्या राज, कुंजला नारायण, सीमा गिरि, अलका गुप्ता, जसविंदर कौर, पुष्पा केजरीवाल, पूनम त्रेहन, राखी बनर्जी, किरण सिंह, निरुपमा सिंह, मीनू सिंह, शीला जायसवाल, बिन्नी कक्कड़, सोनाली सिंह, नामित श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## उलगोड़ा में रोटरी क्लब ने दंत चिकित्सा शिविर किया आयोजित

संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने रविवार को उलगोड़ा स्थित आशा की किरण प्ले स्कूल में बोकारो के सुविख्यात दंत चिकित्सक डॉ जॉन लियु के नेतृत्व में एक दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिसमें डॉक्टर अदिति का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में दांतों को स्वस्थ रखने की दिशा में आवश्यक निर्देश देना और आवश्यकता अनुरूप उचित उपचार एवं दवाइयां देना तथा अन्य आवश्यक मार्गदर्शन करना था। सभी बच्चों को सुबह और रात में भोजनोपरान्त ब्रश करने का निर्देश दिया गया। जिन बच्चों के दांतों में कैविटी पाई गई, उनको डॉक्टर जॉन लियु ने अपने सिटी सेंटर स्थित क्लिनिक में बुलाकर उनका मुफ्त इलाज करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा 30 ऐसे बच्चे, जो कक्षा 6 के विद्यार्थी थे और मोहन आजाद द्वारा पेंटिंग की शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, उनका भी समुचित मार्गदर्शन और उपचार किया गया। शिविर के समापन पर रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास ने सभी डॉक्टरों और उपस्थित सहयोगियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह इस प्रकार के और शिविरों का भी आयोजन समय समय पर करते रहेंगे। इस शिविर में मुख्य रूप से रोटेरियन घनश्याम दास, रोटेरियन अशोक जैन, रोटेरियन अशोक तनेजा, रोटेरियन देवाशीष सहाना, रोटेरियन डॉक्टर अनिल त्रेहन, रोटेरियन डॉक्टर आर एन प्रधान, रोटेरियन डॉक्टर जॉन लियु, मोहन आजाद और डॉक्टर अदिति की उपस्थिति रही। इस शिविर में कुल लाभार्थियों की संख्या 160 रही।

### बोकारो में कुल 2785 अभ्यर्थियों ने दी नीट की परीक्षा

## कदाचार-मुक्त एवं सफल आयोजन के लिए डॉ. गंगवार ने जताया आभार

संवाददाता

**बोकारो :** मेडिकल शिक्षण संस्थानों में दाखिले को लेकर आवश्यक परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट (यूजी) 2024 का आयोजन रविवार को बोकारो में पांच केंद्रों पर किया गया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यह परीक्षा सभी केंद्रों पर पूरी तरह शांतिपूर्ण, कदाचार-मुक्त एवं सफल रही। इसके लिए एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी वीक्षकों, पर्यवेक्षकों, केंद्राधीक्षकों एवं विशेष रूप से जिला प्रशासन के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। डॉ. गंगवार ने बताया कि बोकारो में कुल 2884 अभ्यर्थियों ने नीट (यूजी) 2024 के लिए अपना पंजीकरण कराया था। इनमें से 99 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे और डॉक्टर बनने का सपना संजोए कुल 2785 कैंडिडेट इस उच्च प्रतिष्ठित परीक्षा में शामिल हुए। सेक्टर- 4एफ स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में बनाये गए सेंटर पर कुल पंजीकृत 840 अभ्यर्थियों में से 816, होली क्रॉस स्कूल बालीडीह में 720 में 702, सेक्टर- 5 के गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में 720 में 684, सेक्टर- 6 स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में 480 में 468 और सेक्टर- 4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस बोकारो) में 124 में से 115 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुरक्षा जांच के उपरांत अभ्यर्थियों को अंदर प्रवेश करने दिया गया। दोपहर 11.00 बजे से सेंटरों के बाहर उनकी अच्छी-खासी भीड़ लगनी शुरू हो गयी। 2.00 बजे से परीक्षा शुरू हुई और शाम 5.20 मिनट तक चली।

## मथुरा प्रसाद महतो की सभा में आप पार्टी सशक्त भागीदारी निभाएगी: कुमार राकेश

### बोकारो में जिला संयोजक विधान चंद्र राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में तैयारी बैठक की गयी

### धनबाद से भी जिला संयोजक अशोक महतो के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में आप कार्यकर्ता नामांकन में शिरकत करेंगे

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो समाहरणालय में झामुमो और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्कलुसिव अलायंस के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन और पुस्तकालय मैदान की सभा में आम आदमी पार्टी अन्य घटक दलों के साथ सशक्त भागीदारी निभाएगी। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक देवनाथ सिंह के नेतृत्व में गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिलों से सैकड़ों कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी आप के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने दी है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के जिला संयोजक और प्रदेश पदाधिकारियों ने तैयारी बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित कर ली है। विशेष तौर पर बोकारो में जिला संयोजक विधान चंद्र राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में तैयारी बैठक की गयी।

धनबाद से भी जिला संयोजक अशोक महतो के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में आप कार्यकर्ता नामांकन में शिरकत करेंगे।

# जयराम की गिरफ्तारी के प्रयास व मुकदमा की निंदा, समर्थकों को रिहा करने की मांग

संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड स्थित दुगार्पुर पंचायत के मुखिया आवास में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति तथा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने की। बैठक में एक मई 2024 को बोकारो जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में संगठन के सुप्रीमो जयराम महतो के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान जयराम महतो को नगड़ी रांची पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के प्रयास तथा तीन केंद्रीय पदाधिकारी फरजान खान, रिजवान अंसारी, संजय महतो पर मुकदमा दर्ज कर आधी रात को बोकारो सिटी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की निंदा की गयी। गोमिया विधानसभा प्रभारी अमरेश कुमार महतो ने कहा कि जयराम की लोकप्रियता से घबराकर एक साजिश के तहत यह सब हुआ है। उन्होंने तीनों कार्यकर्ताओं को रिहा करने व मुकदमा वापस लेने की मांग की है। कहा कि ऐसा नहीं हुआ तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। बैठक में केन्द्रीय संगठन सचिव भुनेश्वर महतो, केन्द्रीय महामंत्री सुकदेव राम, प्रखंड सचिव ब्रजेश कुमा, संयोजक बिष्णु महतो, बिनोद कुमार, कुमार महतो, संतोष कुमार, विवेक कुमार, सुशील कुमार महतो, राहुल कुमार मिडिया प्रभारी, नरेंद्र घासी, नंदकिशोर महतो, गयाराम महतो, सत्यनारायण कपरदार, नागेश्वर, भागीरथ कपरदार, कार्तिक महतो, धनेश्वर महतो, प्रकाश महतो, मदन, मोतीलाल, अनिल महतो, शिवचरन महतो, अशोक महतो, सुचित महतो, जयवीर महतो, प्रवीण, योगेश्वर महतो, रवींद्र कुमार, सृष्टिधर महतो, सबिता कुमारी, विनोद कुमार नायक मधुकरपुर पंचायत प्रभारी, दशरथ महतो, नन्दलाल महतो, किष्टो महतो, श्रीपद महतो, विशेश्वर महतो, शिवा महतो मौजूद थे।

## भाजपा ने की बूथ स्तरीय बैठक

संवाददाता

**बोकारो :** भारतीय जनता पार्टी बोकारो नगर के द्वारा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोकारो नगर के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो, बोकारो विधानसभा के विधायक बिरंची नारायण, बोकारो विधानसभा के प्रभारी धनबाद के पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल, लोकसभा के सह संयोजक रोहित लाल सिंह, बोकारो के उपाध्यक्ष कमलेश राय, बोकारो नगर के प्रभारी वीरभद्र सिंह, कृष्ण कुमार मुन्ना, पूर्व ज़िला अध्यक्ष अम्बिका खवास, नगर उपाध्यक्ष मनजीत सिंह, प्रकाश सिंह मोंटी ,कुमार राहुल, महामंत्री अमित सिंह, गोलू युवा मोर्चा के अध्यक्ष विशाल गौतम, महामंत्री अंकित पांडेय, रवि कुमार, राजा कुमार,देव त्रिपाठी, शंकर त्रिपाठी एवं सभी कार्यकर्ता गण, किसान मोर्चा के अध्यक्ष बबलू पाण्डेय, महिला मोर्चा की अध्यक्षा ममता गोस्वामी एवं सभी पदाधिकारी गण, ओबीसी मोर्चा के सभी कार्यकर्ता गण, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष अमित कुमार, अनुसूचित जनजातीय मोर्चा के अध्यक्ष विक्की लोहरा एवं सभी कार्यकर्तागण एवं विधानसभा के अन्तर्गत बोकारो नगर के सभी बूथ के प्रभारी, अध्यक्ष एवं संयोजक उपस्थित रहे। मौके पर भाजपा को जीत दिलवाने के लिए विस्तार रूप से चर्चा की गई।

## एक नजर

### मथुरा प्रसाद महतो छह मई को करेंगे बोकारो में नामांकन

**गिरीडीह।** लोकसभा चुनाव को लेकर तमाम दलों के प्रत्याशी अपनी नामजदगी का पर्चा दाखिल कर रहे हैं।गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो 6 मई को बोकारो में नामांकन दाखिल करेंगे। गौरतलब है कि गिरिडीह लोकसभा के लिए बोकारो में नामांकन हो रहा है। वहीं कोडरमा लोकसभा के लिए गिरिडीह में प्रत्याशी अपना नामांकन करवा रहे हैं। जनता भी चाहती है कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में बदलाव लाया जाय। बता दें कि 6 मई को हीं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी भी नामांकन करेगे। अब देखना यह है कि किन के समर्थन में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्रवासी खड़े रहते हैं और कौन से प्रत्याशी जनता के उम्मीदों पर खरे उतरते हैं।

### गिरिडीह लोकसभा से चंद्रप्रकाश चौधरी भी सोमवार को करेंगे नामांकन

**गिरिडीह।** भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर भी चुनावी तपिश बढ़ती जा रही है। कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन समाप्त होने के बाद गिरिडीह लोकसभा को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। सोमवार को गिरिडीह लोकसभा से दो प्रमुख दलों के प्रत्याशी बोकारो में नामांकन करेंगे। राजग गठबंधन से वर्तमान सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ बोकारो समाहरणालय पहुंचेंगे और नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस बाबत आजसू के जिलाध्यक्ष गुड्डु यादव ने बताया कि एनडीए प्रत्याशी श्री चौधरी के नामांकन में शामिल होने के लिए गिरिडीह से भी सैकड़ों भाजपा, आजसू व लोजपा कार्यकताओं का काफिला सोमवार की सुबह बोकारो के लिए रवाना होगा। कहा कि श्री चौधरी के नामांकन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक शामिल होंगे। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन से टुंडी विधायक मथुरा महतो गिरिडीह लोकसभा से नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस दौरान गिरिडीह शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में झामुमो कार्यकता बोकारो जायेंगे और मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन में शामिल होंगे। इस दौरान बोकारो समाहरणालय में काफी गहमागहमी का भी माहौल होगा। जिसे देखते हुए बोकारो जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है।

### जनता भाजपा सरकार को सबक सिखाने को तैयार : राजेश यादव

**गिरिडीह।** भाजपा सरकार ने देश की जनता को बबार्दी के सिवा कुछ भी नहीं दिया। देश की जनता मोदी सरकार की नीतियों से 10 सालों की तबाही झेलने के बाद अब इसे उखाड़कर व फेंककर बदला लेने को तैयार है। उक्त बातें आज भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के इंडिया प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह तथा गांडेय उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन के समर्थन में गिरिडीह सदर प्रखंड क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चलाने के दौरान कही। गिरिडीह प्रखंड के कोदयडीह उपर टोला, कोदयडीह नीचे टोला, अलगुंदा सिंह टोला, अलगुंदा आदिवासी टोला, कोवाड़ आदि जगहों पर जन संपर्क के दौरान माले नेता ने स्थानीय लोगों से उनकी बातें भी सुनीं। वहीं इस क्रम में लोगों ने भाकपा माले के इंडिया समर्थित प्रत्याशी कॉमरेड विनोद सिंह के लिए घर-घर से आर्थिक सहयोग के साथ मतदान का ऐलान किया। माले नेता ने कोडरमा लोकसभा तथा गांडेय विधानसभा उपचुनाव में इंडिया प्रत्याशी विनोद सिंह और श्रीमती कल्पना सोरेन के लिए मतदान करने की अपील की। कहा कि इस राज्य को अस्थिर करने की भाजपा की साजिश का मुंहतोड़ जबाव वोट से दिया जाएगा। दोनों हीं सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत होगी। आज के जन संपर्क अभियान में मुख्य रूप से पार्टी नेता मनोज यादव, सदानंद स्वर्णकार, दर्शन टुडू, सोबराती अंसारी, बिनोद दास, पंकज वर्मा, अशोक हेंब्रम, सीताराम हेंब्रम, रोहित किस्कू, हेमलाल हेंब्रम, बुधन टुडू, सुखदेव मुर्मू, गणेश हेंब्रम, मंजू ने लाल लाल टुडू, सिद्धांत हेंब्रम, पोखन किस्कू, श्रृजल हेम्ब्रम, मंटू हेंब्रम, सीताराम टुडू, अरविंद हेंब्रम, रामेश्वर महतो सहित अन्य मौजूद थे।

# विपक्ष मोदी को हटाना चाहता है पर उनके पास मोदी जैसा चेहरा नहीं : सांसद

संवाददाता

**बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को विजई बनाने के लिए रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र स्तरीय बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि आज देश में राष्ट्रवाद और राष्ट्र विरोधी लोगों के बीच चुनावी लड़ाई चल रही है। विपक्षी दलों के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाना चाहते हैं लेकिन उनके पास मोदी जैसा कोई चेहरा नहीं। वे देश को किस ओर ले जाएंगे यह सभी को चिंता करने की जरूरत है। कहा कि आज देश को श्री मोदी की जरूरत है। पुनः सत्ता में मोदी जी को बैठने के लिए देश के 65% युवाओं को मेहनत करने की जरूरत है। कहा कि एक तरफ मोदी सरकार की अनगिनत उपलब्धियां और मेरे द्वारा किए गए कार्यों को जनता तक ले जाए और एक बार फिर श्री मोदी के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश को लूटे और अब झामुमो कोयला लोहा, बालू, यहां तक सेना की जमीन भी लूट लिए।

आज झारखंड और बंगाल में वैकेंसी खाली है। जिससे बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है युवाओं को आने वाले कल की भविष्य के लिए घर-घर जाकर लोगों को समझना पड़ेगा तभी मोदी जी का 400 पार का नारा सफल होगा। उन्होंने अपने द्वारा 6 मई को बोकारो उपयुक्त लोकसभा निर्वाचित पदाधिकारी के समक्ष नामांकन में शामिल होने का आग्रह किया। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि देश में 65% युवाओं की संख्या है।

इसलिए युवाओं के कंधे पर जिम्मेदारी बढ़ गई है। युवा घर-घर जाए और मोदी सरकार की उपलब्धियां और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के विकास कार्यों को गांव-गांव ले जाकर श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए वोट मांगे जनता का भरपूर समर्थन मिलेगा। बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार जो कहती है उससे अधिक करती है दूसरी और झूठ बोलने वाले विपक्ष के लोग हैं श्री मोदी ने राम मंदिर बनाने की बात कही पूरा किया, धारा 370 हटाने की बात कही हटाए, इसके अलावा अनगिनत राष्ट्रहित और जनहित में विकास करके दिखाया और अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए पुनः राष्ट्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने को तैयार है। भारत के नवनिर्माण के लिए युवा और भाजपा के कार्यकर्ता जन-जन तक जाएं और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का पिछला चुनाव ढ़ाई लाख से जीतने के मत से दोगुना मतों से जीता कर रिकॉर्ड तोड़ें, सारा श्रेय युवाओं को जाएगा।।बैठक में चतरा के सांसद सुनील सिंह, गिरिडीह लोकसभा सह प्रभारी भरत यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश मंत्री अज्ञात शत्रु, ब्रज दुबे, संजीव जी, विनोद महतो व अन्य लोग शामिल थे।

## 8 साल की एक आदिवासी बच्ची की दुष्कर्म के बाद गला घोटकर कर हत्या

संवाददाता

**तेनुघाट/ जारंगडीह ।** बेरमो अनुमंडल में दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। पेटरवार थाना क्षेत्र के ओरदाना पंचायत का एक गांव महलीजारा में करीब 8 साल की एक आदिवासी बच्ची की दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर कर हत्या कर शव को घर से महज कुछ हीं दूरी पर सुनसान झाड़ियों में छुपा दिया गया। परिवार वालों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जतायी है। बच्ची का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने दुष्कर्म के बाद गला दबा कर हत्या करने की बात कही है। परिजनों ने बताया कि बच्ची दादी के मायके शादी समारोह में शामिल होने आई थी। कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौटने की तैयारी कर रही थी। इस क्रम में एकाएक बच्ची गायब हो गई। जिसके बाद काफी खोजबीन की गई, पर उसका कोई पता नहीं चल सका । सुबह खून से लथपथ शव घर के बगल के सुनसान झाड़ियों में मिलने की सूचना पर पेटरवार थाना से पुलिस की टीम पहुंची और जांच में जुट गई है। घटना स्थल पर पहुंचे बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि लड़की के साथ दुष्कर्म किये जाने की संभावना के बाद हत्या का मामला लग रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में तेनुघाट अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की हर बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## झामुमो उलगुलान महिला मोर्चा की बैठक में दर्जनों महिलाओं ने ली सदस्यता

संवाददाता

**फुसरो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान की बैठक रविवार को पार्टी के चंद्रपुरा मोड़ फुसरो स्थित कार्यालय में केंद्रीय अध्यक्ष किरण देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महेंद्र मंडल के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो उलगुलान में शामिल हुई। इस मौके पर महेंद्र मंडल, गणेश महतो आदि उपस्थित थे। केंद्रीय अध्यक्ष किरण देवी ने कहा कि झामुमो उलगुलान हमेशा महिलाओं को संरक्षण देने का काम करती है, जिसके कारण पार्टी के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो पर आस्था व्यक्त करते हुए दर्जनों महिलाएं पार्टी में शामिल हुई। झामुमो उलगुलान में शामिल होने वालों में संजू देवी, कुंती देवी, कोसमी देवी, संगीता देवी, पिंकी देवी, सोनिया देवी, सोनी देवी, मंजू देवी, शीला देवी, कालो देवी, मुन्नी देवी आदि दर्जनों महिलाएं शामिल थीं।

## निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. उषा सिंह ने किया दुग्दा क्षेत्र का दौरा

**दुगदा।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से स्वतंत्र प्रत्याशी डा० उषा सिंह ने चंद्रपुरा प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा कर मतदाताओं से सीधा संपर्क किया। इसी दौरान दुगदा के गुप्ता मिष्ठान भंडार में चाय की चुस्की लेते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र से पलायन रोकना एवं बंद पड़े कोयला खदान व कोल वाशरी को चालू करवाना मेरा चुनावी मुद्दा रहेगा। इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे। कहा कि दुगदा कोल वाशरी दो वर्षों से बंद है। मगर किसी भी जन प्रतिनिधियों ने इसे चालू करवाने के प्रति सुध नहीं ली। जिसके कारण क्षेत्र में बेरोजगारी एवं पलायन की समस्या उत्पन्न हो गई है। यहां युवा दूसरे प्रदेशों में पलायन करने को मजबूर हैं।

## गांडेय विस क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह गिरफ्तार

संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को बेंगाबाद थाना पुलिस ने रविवार को अहले सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह की गिरफ्तारी के दौरान एसडीपीओ बिनोद रवानी, नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और इंस्पेक्टर ममता कुमारी के साथ बेंगाबाद थाना प्रभारी जित्तेंद कुमार समेत पुलिस जवान इस दौरान शामिल थे। अहले सुबह पुलिस ने उनके शहर के झंडा मैदान के समीप आवास में धावा बोला और इसे बेंगाबाद थाना कांड संख्या 122/22 के मामले में गिरफ्तार किया है। हालाकि आरोपी अवधेश सिंह इस दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार होने के प्रयास में थे। लेकिन तीन थानों की पुलिस ने इस आरोपी को फरार होने का मौका नहीं दिया और इनको घर से दबोचने में सफल रही।

फिलहाल आरोपी निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस बेंगाबाद थाना ले गई। जानकारी के अनुशार प्रखर किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आरोपी अवधेश सिंह ने दो साल पहले बेंगाबाद अंचल में घुस कर जमीन के कागजात में छेड़छाड़ की थी। उस वक्त इनके खिलाफ बेंगाबाद थाना में अंचल अधिकारी के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। जबकि कुछ दिन पहले इनके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद इन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं इनके खिलाफ नगर थाना, मुफ्फसिल थाना और पचम्बा थाना में केस दर्ज है। हालाकि पुलिस सूत्रों की माने तो मुफ्फसिल थाना के एक मामले में इनकी जमानत होने की बात कही जा रही है। लेकिन पुलिस मुफ्फसिल और पचम्बा थाना मामले में इन्हें रिमांड पर ले सकती है। बताते चलें कि जमीन के खतियान को लेकर गांडेय के निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह ने कई बार आंदोलन किया था। तो कई बार जिला प्रशासन की सख्ती के बाद भी अवधेश सिंह ने गलत तरीके से धारा 144 तोड़ा था। उस वक्त भी इनके खिलाफ नगर थाना पुलिस ने कारवाई की थी।

# गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत कई महिलाओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत सिरसिया पंचायत के शीतलपुर से रविवार को दर्जनों की संख्या में वहां के स्थानीय महिला ,पुरुष एवं युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की नीति व सिद्धांतों को अपनाते हुए, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गिरिडीह विधानसभा के निवर्तमान विधायक निर्भय शाहाबादी के आवासीय कार्यालय में एक कार्यक्रम के तहत सभी नए सदस्यों को नेतागण, पदाधिकारीगण एवं कार्यकताओं की उपस्थिति में सभी का अभिनंदन किया गया। मौके पर पूर्व विधायक श्री शाहाबादी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व, उनके विकसित भारत के संकल्प, विकास कार्यों से अभिभूत होकर, भारतीय जनता पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों को अपनाते हुए वहां के स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी दास के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने में विशेष रूप से महिलाएं सबसे आगे रहीं। कहा कि पंचायत से और नए साथी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। आज जिन लोगों ने सदस्यता ग्रहण की सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में और चुनाव के समय में नए साथियों के आने से हमारा ठऊअ गठबंधन निश्चित रूप से मजबूत होगा। हम सभी का सतत प्रयास है कि चुनाव के इस समय में हम भाजपा की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जायेंगे और गिरिडीह लोकसभा से ठऊअ प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में जनसमर्थन को अपील करेंगे। गिरिडीह मे ठऊअ को मजबूती देकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को हम सभी मजबूत करने का काम करेंगे। इस दौरान यहां जिला महामंत्री सुभाष चन्द्र सिन्हा ,उपाध्यक्ष संजय सिंह ,मनोज सिंह ,गोपाल विश्वकर्मा ,सुरेश सिन्हा , रउ मोर्चा के जिला महामंत्री प्रकाश दास,मनोज जोशी ,इनोद साव व चौधरी दास सहित कई लोग उपस्थित थे।।सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य से चौधरी दास, राजू दास, कौशल्या मोसमात, गीता देवी, सुमित्रा देवी, रूपनारायण दास, बुलाकी दास, बासदेव दास, विजय दास ,टुनटुन दास, चिंता देवी, गीता देवी, विजया देवी, बिछुआ देवी, सुमा देवी, गुजरी देवी ,सरिता देवी, मीरा देवी, सावित्री देवी ,मीरा देवी ,शांति देवी, कुंती देवी निशा देवी ,गुड़िया देवी, देवकी देवी समेत अन्य लोग रहे। आज के इस सदस्यता कार्यक्रम का नेतृत्व सुरेश सिन्हा ने किया।

## 870 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

**तेनुघाट/ जारंगडीह।** तेनुघाट अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ट नारायण सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गोमिया थाना क्षेत्र के ग्राम होसिर में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से गांजा तस्करी के लिए ले जाते हुए महेन्द्र प्रसाद उम्र करीब 59 वर्ष पिता स्व० गोपेश्वर प्रसाद, ग्राम पटवा टोला होसिर, थाना गोमिया, जिला बोकारो के पास से 160 पुड़िया गांजा जब्त किया गया। वहीं गिरफ्तार महेन्द्र प्रसाद साडम बाजार में खैनी का दुकान चलाता है। आज उसी खैनी दुकान में बेचने के लिए गांजा अपने दुकान ले जा रहा था उसी क्रम में गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता ने अनुमंडल पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के निर्देश पर छापा मारी कर गिरफ्तार किया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट ने अपने कार्यालय मे प्रेस कांफ्रेस कर छापेमारी में गिरफ़्तारी की जानकारी दी । वहीं श्री सिंह ने बताया कि एक थैले में कुल छोटा बड़ा 160 पुड़िया गांजा का पुड़िया जिसका कुल वजन 870 ग्राम के साथ एक इलेक्ट्रोनिक तराजू और दो चिलम बरामद किया गया। इस छापेमारी में पुअनि अरुण कुमार, पुअनि बिरसा बारा सहित थाना सशस्त्र बल हवलदार कामेश यादव, शमीम अंसारी, संदीप हांसदा, धर्मेन्द्र रवानी सहित जमुना यादव शामिल थे।

## जारंगडीह में श्रद्धा और उल्लास से चल रहा है श्री रामचरितमानस नवाहन महायज्ञ

# मनुष्य को मानवता के साथ स्थापित करना सबसे बड़ी चुनौती : दिनेशाचार्य

संवाददाता

**कथारा।** जारंगडीह में नौ दिवसीय श्री श्री रामचरितमानस नवाहन परायण महायज्ञ के आठवें दिन रविवार को अहले सुबह से हीं पूजा अर्चना व परिक्रमा को लेकर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी। जहां यज्ञ आचार्य पुरेन्द्र जी महाराज तथा पाठ कर्ता मधुरेश जी द्वारा विधिवत रूप से पाठ किया जा रहा है और श्रद्धालु भक्त पूजा अर्चना के उपरांत परिक्रमा कर रहे हैं। नौ दिवसीय यज्ञ के आठवें दिन महायज्ञ स्थल पर श्रद्धालु भक्तों का उत्साह काफी बढ़ी दिखी। पूजा व परिक्रमा के क्रम में भक्तों ने जमकर भगवान राम तथा वीर बजरंगबली की चहुं ओर गगन भेदी जयकारे लगाए। वहीं यज्ञ के इस आयोजन में देश भर से मानस मर्मज्ञ और राम कथा के विद्वान अपनी ओजस्वी वाणी से रामकथा का रसपान करा रहे हैं। इसी क्रम में अयोध्या से पधारे मुख्य प्रवक्ता जगत गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य जी महाराज ने कहा कि धर्म का अर्थ है लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता प्रदान करना। जिसने जीवन में दुसरे को सुख देने के भाव को आत्मसात कर लिया। सच्चा धार्मिक व्यक्ति वहीं हो सकता है ।भगवान जाति पाती, उच्च नीच नहीं देखते। यदि सदा मांस खाने वाला जटायू एक नारी की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाने में पीछे नहीं हटते है तो परमात्मा भी उसे गोद में उठाकर जो गति पिता को प्रदान नहीं करते वह गति गिद्धराज जटायु को प्रदान कर देते हैं।

आगे उन्होंने कथा को विस्तार पूर्वक समझाते हुए कहा कि रामचरितमानस की कथा इस बात के लिए हमें प्रेरित करती है कि पत्थर में तो हमने देवता को स्थापित कर दिया पर मनुष्य को मानवता के साथ स्थापित करना सबसे बड़ी आज की चुनौती है। वहीं अयोध्या से पधारे आचार्य शत्रुघ्न शरण जी महाराज तथा बाल विदुषी हर्शिका किशोरी ने भी श्रोताओं को रामकथा का रसपान कराया। आचार्य पुरेन्द्र जी ने श्री राम रावण युद्ध का वर्णन करते हुए कहा कि देखा जाए तो प्रभु श्री राम और रावण का युद्ध असत्य पर सत्य का, अधर्म पर धर्म का और प्रभाव पर स्वभाव का युद्ध था। जारंगडीह स्थल पर मीना बाजार-जारंगडीह में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री रामचरितमानस मानस नवाहन परायण यज्ञ के अवसर पर मीना बाजार भी लगाया गया। जिससे शोभा और भी बढ़ी हुई है। लोग इस अवसर का भरपूर आनंद ले रहे हैं व आकर्षक वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं।

आयोजन की विधि व्यवस्था बनाए रखने में यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुइन, सचिव बसंत कुमार ओझा,और कोषाअध्यक्ष योगेन्द्र सोनार, निर्मल मंडल,नेमचंद मंडल सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं। सोमवार को आयोजन के नौवें दिवस पर भगवान राम का राज्याभिषेक किया जायेगा। जिस कार्यक्रम में भक्तों की भारी संख्या में यज्ञ कमेटी द्वारा जारंगडीह वासियों सहित आसपास के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## आग लगने से झाड़ी एवं पेड़ जले दमकल टीम ने आग पर पाया काबू

संवाददाता

**तेनुघाट/ जारंगडीह।** तेनुघाट डैम के ऊपरी भाग में किसी शरारती तत्वों के द्वारा आग लगा देने से बांध किनारे लगी झाड़ी एवं पेड़ पौधे जल कर राख हो गए। आग बुझाने के लिए दमकल टीम ने आकर आग पर काबू पाया। बताते चले तेनुघाट शिविर संख्या दो और तीन के बीच डैम के ऊपर लगी झाड़ियां में अचानक आग की लपटे उठने लगी जिसको देखकर डैम के निकट हीं रह रही सरहचीया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य गुड़िया सिंह ने इसकी सूचना तेनुघाट थाना प्रभारी को दी। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तेनुघाट दमकल टीम को इसकी सूचना दी। अग्निशामक पदाधिकारी निर्मल कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर आग पर काबू पाया और अब आग को बुझा दिया गया है। शरारती तत्वों के द्वारा आग लगाए जाने के कारण छोटे-छोटे जीव जंतु एवं पेड़ पौधों को काफी नुकसान हुआ है।

## भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष का फुसरो में हुआ स्वागत

**बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को फुसरो पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज का स्वागत फुसरो बाजार में युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के नेतृत्व में किया गया। उनके साथ प्रदेश के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, प्रदेश मंत्री आजाद शत्रु, जिला अध्यक्ष बिनोद महतो का भी स्वागत किया गया। सभी ने राजग गठबंधन के उम्मीदवार सीपी चौधरी को रिकॉर्ड मतों से जिताने की चर्चा की। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद भरत वर्मा, भाजपा नेता अभय विश्वकर्मा, सुमित सिंह, रोहित मित्तल व अन्य लोग शामिल थे।

## एक नजर

### झरिया विधायक के नेतृत्व में निवर्तमान वार्ड पार्षदों के साथ आवश्यक बैठक

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर धनबाद के सरायढेला स्थित रघुकुल आवास पर माननीय सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के नेतृत्व में धनबाद नगर निगम अंतर्गत झरिया अंचल क्षेत्र के निवर्तमान वार्ड पार्षदों के साथ आवश्यक बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में अधिक से अधिक वोट दिलाने हेतु आवश्यक सहयोग हेतु विधायक के द्वारा वार्ड पार्षद गणों को दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में हर्ष सिंह, विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, निवर्तमान पार्षद शिवदत्त, जय कुमार, हरिपद महतो, चंदन महतो, शेख सुलतान, आफताब अंसारी, विनय रजवार, रविंद्र प्रसाद, निरंजन बाउरी तथा बनवारी यादव आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने हेतु झरिया विधायक ने की बैठक

**धनबाद।** सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की उपस्थिति में जनता मजदूर संघ बस्ताकोला क्षेत्र के सभी शाखा सदस्यों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक क्षेत्रिय अध्यक्ष श्री राम कृष्ण पाठक के बस्ताकोला आवास पर संपन्न हुई। इस दौरान उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए विधायक ने लोकसभा चुनाव 2024 की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान हेतु अपील की। साथ हीं माइंस रेस्क्यू मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी की उपस्थिति में होने वाली विशाल सभा के आयोजन के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, हरेराम सिंह, धीरेंद्र सिंह, हरे राम कुमार, अक्षय प्रसाद यादव, कृष्णा यादव, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह, अभिषेक कुमार, दिलीप सिंह, पारस यादव, मनोज यादव, गौतम चौहान, टारजन भुइया, टाइगर चौरसिया, राहुल वर्मा, शोभा देवी, कंचन चौहान, नितेश पासवान, रमेश राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जिला में चुनाव के मद्देनजर बैरियर लगा

**सिंदरी।** सिंदरी थाना, गौशाला ओपी व बलियापुर थाना के अंतर्गत जगह - जगह चुनाव को देखते हुए बैरियर लगाया गया है। सिंदरी एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद रावत ने जानकारी दी कि चुनाव को देखते हुए धनबाद एसएसपी हृदीप पी. जनार्दन के आदेशानुसार सभी अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जिला को बैरियर लगाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाय। साथ हीं उधर से आने - जाने वाले सभी का चेकिंग किया जाय। ताकि गलती से भी अनाधिकार पैसा, अस्त्र - सस्त्र, नशीली वस्तुएँ न आ जाएँ। इसके लिए थाना एवं ओपी प्रभारी औचक निरिक्षण करते रहते है और मै भी खुद और जिला अधिकारी आकर चेकिंग करते रहते है।

### रामचंद्र दल ने जनसंपर्क सह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया

**झरिया।** रामचंद्र दल ने शनिवार को भाजपा नेता संजू वर्मा की अध्यक्षता में जनसंपर्क सह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो एवम भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। सैकड़ों की संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने ढुल्लू महतो एवम रागिनी सिंह का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि 25 मई को झरिया की जनता इतिहास बनाएगी। साथ हीं भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से विजई बनाएगी। कारण कि पहले की सरकार में कोई गरीब यह नहीं सोचा होगा कि हमारे पास पक्का मकान, घर में नल और रोजगार होगा। जिसे देश के यशश्वी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी के साथ पूरा करके दिखाया है। लेकिन वर्तमान की गठबंधन सरकार के कार्यकाल में झारखंड में हत्या, लूट, फिरौती, रंगदारी व महिलाओं पर उत्पीड़न समेत कई समस्याओं से यहां की जनता त्रस्त है। अब समय आ गया है, जब झारखंड की जनता अपने मतदान से जवाब देगी। वहीं सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि 70 वर्षो से देश में कोंग्रेस का शासन रहा, लेकिन अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का मंदिर नही बन सका। लेकिन राम मंदिर निर्माण भाजपा के एजेंडा और घोषणा पत्र में था कि जब मोदी जी प्रधानमन्त्री बनेंगे तो प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर भी बनेगा। चिटाही धाम मंदिर में मैंने भी वर्ष 2019 में प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना की थी कि बहुत जल्द आपका भव्य मंदिर अयोध्या धाम में बने। प्रभु श्री राम ने मेरी प्रार्थना स्वीकार कर ली। कार्यकर्म में मुख्य रूप से राजकुमार अग्रवाल, अरुण साव, अखिलेश सिंह ,राजकिशोर जेना,श्रवण राय, योगेंद्र यादव, राजेश शर्मा, मोनू मंडल, दीपक मंडल, अमित वर्मा, रोहित ठाकुर, पिंकू चंद्रवंशी , मुन्नी देवी, पुनीता देवी, कुसुम वर्मा, लीला देवी समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

# डीसी ने की चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित अन्य के साथ बैठक

- सात मई को अपराह्न छह बजे से आठ बजे तक चलाया जाएगा सोशल मीडिया कैम्पेन

संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव में वोटर टर्न आउट बढ़ाने के उद्देश्य से चेंबर ऑफ कॉमर्स, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर तथा मीडिया के साथ बैठक कर अभियान की सफलता एवं लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चुनाव को लेकर जो स्वीप गतिविधियों की गई है या की जाएगी, उसे हैश टैग में भी इलेक्शन एम्बेसडर के साथ विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी को टैग करते हुए अपलोड करें। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में धनबाद तथा झरिया में कम वोटर टर्न आउट पर चिंता प्रकट करते हुए उपायुक्त ने युवा, फर्स्ट टाइम, शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान को सर्वश्रेष्ठ प्राथमिकता देते हुए 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से पेयजल, शेड, रैप, शौचालय सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। वहीं गर्मी को देखते हुए उन्होंने सभी से सुबह जल्दी से मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट करने का आह्वान किया।बैठक में फेडरेशन ऑफ जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने कहा कि जिले के सभी 56 चैंबर ऑफ कॉमर्स मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का साथ देंगे और स्वीप एक्टिविटी चलाएंगे। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, डीएसडब्ल्यूओ श्रीमती अनिता कुजूर, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह, फेडरेशन ऑफ जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका, महासचिव अजय नारायण लाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रमोद गोयल, लोकेश अग्रवाल, विकास पटवारी, धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के प्रदीप सिंह, संदीप मुखर्जी, जीतेन्द्र अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर, प्रमोद कुमार यादव सहित विभिन्न चेंबर के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर मौजूद थे।

## उपायुक्त व एसएसपी ने बलियापुर स्थित वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से की वार्ता

संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन ने आज बलियापुर क्षेत्र अंतर्गत सुरंगा पंचायत स्थित बूथ नंबर 303 के वल्नरेबल मतदाताओं से वार्ता की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसएसपी ने वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से बिना किसी डर, दबाव व प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ है। साथ हीं उन्होंने कहा कि इस वर्ष पर्व के तरह इस चुनाव को मनाए, सपरिवार सभी लोग मतदान करें एवं लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर से बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह मौजूद रहे।

### महिलाओं के पास सुरक्षा नहीं, युवाओं के पास नौकरी नहीं : अनुपमा सिंह

**सिन्दरी।** इंडिया गठबंधन के धनबाद लोकसभा कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह ने कहा है कि आज महिलाओं के पास सुरक्षा नहीं है। युवाओं के पास नौकरी नहीं है। लेकिन, अब लोगों को दिख रहा है सच क्या है। जनता त्रस्त है, शिक्षित युवा के पास नौकरी नहीं है। महिलाओं को घर चलाने में दिक्कत हो रही है। कम से कम पैसा घर आ रहा है। महंगाई आसमान छू रही है। मोदी जी ने मार्केटिंग तो अच्छी की थी, बातें बहुत बड़ी-बड़ी की गई थी, लेकिन प्रोडक्ट वैसा नहीं दे पाए। घनबाद की बात करें तो झारखंड राज्य बने हुए 24 साल हो गए हैं। 18 साल तक यहां बीजेपी का शासन था। इन सालों में घनबाद का जितना विकास होना चाहिए था, नहीं हुआ। अगर मैं सांसद बनती हूं तो मैं पार्टी के बड़े नेताओं के साथ मिलकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय स्थापित करूंगी।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया वल्नरेबल बूथ का निरीक्षण

संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर 40 - धनबाद विधानसभा के एआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने वासेपुर और कुसुंडा में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस संबंध में उन्होंने बताया कि वासेपुर के कमर मकदूमी रोड स्थित उर्दू प्राइमरी स्कूल के मतदान केंद्र संख्या 87, 88, बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया - 6 महाप्रबंधक कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 345 तथा बीसीसीएल के कुसुंडा एरिया - 7 में नया प्राइमरी स्कूल में मतदान केंद्र संख्या 352 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदाताओं से मिलकर 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ हीं बिना किसी डर, भय या प्रलोभन के निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी धनबाद पल्लवी सिन्हा, अंचल अधिकारी पुटकी विकास आनंद, कार्यपालक दंडाधिकारी रवींद्रनाथ ठाकुर भी मौजूद थे।

## पोस्टल बैलट व होम वोटिंग के लिए पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर भूमि सुधार उप समाहर्ता सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता के नेतृत्व में आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में पोस्टल बैलट एवं होम वोटिंग के लिए राजपत्रित पदाधिकारियों तथा माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए डीसीएलआर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुसार लोकसभा चुनाव में चुनावी कार्य व आवश्यक सेवा में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट तथा 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, 40% से अधिक दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना है, को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करनी है। वहीं जिला प्रशासन ने होम वोटिंग एवं पोस्टल बैलेट से शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया है।

साथ हीं बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी मतदाता को पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देने, मतदान के बाद पोस्टल बैलट को मोड़ने, मतदान की गोपनीयता बरकरार रखने, वीडियो रिकॉर्डिंग करने, सीलिंग करने, पोस्टल बैलट स्ट्रांग रूम में जमा करने, सभी तरह के प्रपत्र, लिफाफे, एनेक्सचर सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। डीसीएलआर ने बताया कि होम वोटिंग के दौरान मतदाता का घर हीं मतदान केंद्र होगा। मतदान केंद्र की तरह वहां वोटिंग कंपार्टमेंट लगेगा। पोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। होम वोटिंग के साथ पोस्टल बैलट के लिए विभिन्न फेलिसिटेशन सेंटर में प्रतिनियुक्त राजपत्रित पदाधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया। पोस्टल बैलट के लिए एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज, पुलिस लाइन, गोल्फ ग्राउंड, जैप-3 गोविंदपुर, जीआरपी, धनबाद पॉलिटेक्निक, कृषि बाजार, निरसा पॉलिटेक्निक तथा रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में फेलिसिटेशन सेंटर बनाया जाएगा।

## एनडीए उम्मीदवार ढुलू महतो लोकसभा क्षेत्र में धुंआधार जनसंपर्क कर रहे हैं

संवाददाता

**सिन्दरी।** भारतीय जनता पार्टी नगर उपाध्यक्ष संजू महतो ने कहा कि कार्यकताओं के सहयोग से घनबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार ढुलू महतो लोकसभा क्षेत्र में धुंआधार जनसंपर्क कर रहे हैं । विभिन्न जगहों पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि घनबाद लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव जा रहा हूं। सैकड़ों गांवों में जनसंपर्क और जनसंवाद किया है। हर क्षेत्र में लोगों में एनडीए और भाजपा विशेषकर मोदी सरकार को लेकर एक अलग तरीके का उत्साह देख रहा हूं। मोदी सरकार ने राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर देश और देशवासियों का मान- सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि घनबाद लोकसभा क्षेत्र एनडीए के पक्ष में है। प्रचंड लहर और रुझान है। क्षेत्र की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को तैयार है। कहा कि सबका साथ- सबका विकास की मोदी की गारंटी को स्वीकार करें और तीसरी बार देशहित और जनहित में मोदी सरकार बनाएं। फिर एकबार मोदी सरकार बनाने की अपील करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान हरेक गांवों में राजग प्रत्याशी का स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहित होकर स्वागत किया।

## वोटिंग में अब केवल 18 दिन बाकी, लेकिन वोटर अब तक नहीं दिख रहे मुखर

- 25 मई को धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है, मतदान में अब केवल 18-19 दिनों का समय रह गया है

रत्न कुमार अग्रवाल

**सिन्दरी।** 25 मई को धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। यानी मतदान में अब केवल 18-19 दिनों का समय रह गया है। लेकिन चुनाव प्रचार जिस रंग में होना चाहिए, उस ढंग से दिख नहीं रहा है। पुर्व में एक माह से सभी प्रत्याशियों की प्रचार गाड़ी शहर से गांव तक धुंआधार जनसम्पर्क कर घुमने लगती थी। बेरोजगारों को प्रचार करने के लिए रोजगार मिल जाता था। सभी घरों में मतदाताओं के घरों में मतदान शिल्प मिल जाती थी। सभी प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदान हाथ जोड़कर मांगते थे। कम से कम दो राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों के पास संसाधन की कोई कमी नहीं है। फिर भी चुनाव प्रचार का रंग दिख नहीं रहा है। यह अलग बात है कि चुनाव को लेकर वोटर अभी तक मुखर नहीं हुए हैं। बात करने पर लोकल समस्याएं तो गिनाते जरूर हैं लेकिन वोट किसके पक्ष में करना है, इस सवाल पर किनारे से निकल जाते हैं। 2019 में धनबाद लोकसभा सीट से पशुपतिनाथ सिंह ने 4.86 लाख वोट से जीत दर्ज की थी। झारखंड में यह जीत का आंकड़ा सर्वाधिक था। लेकिन इस बार पशुपतिनाथ सिंह टिकट से वंचित कर दिए गए हैं। राजग गठबंधन प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो भाजपा से उम्मीदवार हैं। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस ने भी कई दावेदारों को खारिज करते हुए बेरमो की रहने वाली अनुपमा सिंह को टिकट दिया है। मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी भी चुनाव मैदान में हैं। वह ग्रामीण परिवेश से आते हैं। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने नाराज लोगों को मनाने की भरपूर कोशिश की है। यह अलग बात है कि ढुल्लू महतो के टिकट के बाद उपजी नाराजगी को कंट्रोल करने के लिए भाजपा के प्रदेश प्रभारी और संगठन मंत्री तक धनबाद पहुंचे।

**नाराज को मनाने की सभी कर रहे प्रयास :** उन लोगो ने कम से कम इतना तो कर हीं दिया है कि सभी भाजपा नेताओं के हाथ मिलवा दिए हैं। दिल मिलने वाली बात का पता तो 4 जून को हीं चलेगा। इधर कांग्रेस उम्मीदवार को भी टिकट मिलने से कई लोग नाराज हैं। अनुपमा सिंह भी घर-घर घूम कर नाराजगी दूर करने की कोशिश कर रही हैं। इसमें अब तक वह कितनी सफल हो पाई हैं, यह तो नहीं कहा जा सकता। लेकिन नाराज लोगों को साथ लेने का वह हर प्रयास कर रही हैं। धनबाद लोकसभा क्षेत्र कई तरह की समस्याओं से घिरा हुआ है। बिजली, पानी की समस्या तो बनी हुई है, विस्थापन भी यहां सबसे बड़ी समस्या है। ट्रैफिक, सड़क भी समस्याओं की सूची में टॉप पर रहते हैं। ऐसी बात नहीं है कि यह समस्या 2024 की है, पहले से हीं समस्याएं चली आ रही है। धनबाद को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वह मिली नहीं है। धनबाद को एयरपोर्ट भी नहीं है, दिल्ली तक की सीधी ट्रेन भी नहीं है। प्रदूषण की समस्या मुँह बाए खड़ी है। धनबाद के जनप्रतिनिधियों से लोगों की अपेक्षाएं बहुत है। लोगों को उम्मीद थी कि झारखंड अलग राज्य बन जाने के बाद सरकार का ध्यान जाएगा और लोगों को सुविधा मिलेगी। लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। वोटर चाहे शहरी क्षेत्र का हो, कोलियरी क्षेत्र का हो या ग्रामीण क्षेत्र का हो, किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता हो, लेकिन फिलहाल वह मुखर नहीं दिखता। सिर्फ इतना भर कहता है कि समय आने पर निर्णय लिया जाएगा।

## वोटिंग में अब केवल 18 दिन बाकी, लेकिन वोटर अब तक नहीं दिख रहे मुखर

रत्न कुमार अग्रवाल

**सिन्दरी।** 25 मई को धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। यानी मतदान में अब केवल 18-19 दिनों का समय रह गया है। लेकिन चुनाव प्रचार जिस रंग में होना चाहिए, उस ढंग से दिख नहीं रहा है। पुर्व में एक माह से सभी प्रत्याशियों की प्रचार गाड़ी शहर से गांव तक धुंआधार जनसम्पर्क कर घुमने लगती थी। बेरोजगारों को प्रचार करने के लिए रोजगार मिल जाता था। सभी घरों में मतदाताओं के घरों में मतदान शिल्प मिल जाती थी। सभी प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदान हाथ जोड़कर मांगते थे। कम से कम दो राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों के पास संसाधन की कोई कमी नहीं है। फिर भी चुनाव प्रचार का रंग दिख नहीं रहा है। यह अलग बात है कि चुनाव को लेकर वोटर अभी तक मुखर नहीं हुए हैं। बात करने पर लोकल समस्याएं तो गिनाते जरूर हैं लेकिन वोट किसके पक्ष में करना है, इस सवाल पर किनारे से निकल जाते हैं। 2019 में धनबाद लोकसभा सीट से पशुपतिनाथ सिंह ने 4.86 लाख वोट से जीत दर्ज की थी। झारखंड में यह जीत का आंकड़ा सर्वाधिक था। लेकिन इस बार पशुपतिनाथ सिंह टिकट से वंचित कर दिए गए हैं। राजग गठबंधन प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो भाजपा से उम्मीदवार हैं। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस ने भी कई दावेदारों को खारिज करते हुए बेरमो की रहने वाली अनुपमा सिंह को टिकट दिया है। मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी भी चुनाव मैदान में हैं। वह ग्रामीण परिवेश से आते हैं। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने नाराज लोगों को मनाने की भरपूर कोशिश की है। यह अलग बात है कि ढुल्लू महतो के टिकट के बाद उपजी नाराजगी को कंट्रोल करने के लिए भाजपा के प्रदेश प्रभारी और संगठन मंत्री तक धनबाद पहुंचे।

**नाराज को मनाने की सभी कर रहे प्रयास :** उन लोगो ने कम से कम इतना तो कर हीं दिया है कि सभी भाजपा नेताओं के हाथ मिलवा दिए हैं। दिल मिलने वाली बात का पता तो 4 जून को हीं चलेगा। इधर कांग्रेस उम्मीदवार को भी टिकट मिलने से कई लोग नाराज हैं। अनुपमा सिंह भी घर-घर घूम कर नाराजगी दूर करने की कोशिश कर रही हैं। इसमें अब तक वह कितनी सफल हो पाई हैं, यह तो नहीं कहा जा सकता। लेकिन नाराज लोगों को साथ लेने का वह हर प्रयास कर रही हैं। धनबाद लोकसभा क्षेत्र कई तरह की समस्याओं से घिरा हुआ है। बिजली, पानी की समस्या तो बनी हुई है, विस्थापन भी यहां सबसे बड़ी समस्या है। ट्रैफिक, सड़क भी समस्याओं की सूची में टॉप पर रहते हैं। ऐसी बात नहीं है कि यह समस्या 2024 की है, पहले से हीं समस्याएं चली आ रही है। धनबाद को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, वह मिली नहीं है। धनबाद को एयरपोर्ट भी नहीं है, दिल्ली तक की सीधी ट्रेन भी नहीं है। प्रदूषण की समस्या मुँह बाए खड़ी है। धनबाद के जनप्रतिनिधियों से लोगों की अपेक्षाएं बहुत है। लोगों को उम्मीद थी कि झारखंड अलग राज्य बन जाने के बाद सरकार का ध्यान जाएगा और लोगों को सुविधा मिलेगी। लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। वोटर चाहे शहरी क्षेत्र का हो, कोलियरी क्षेत्र का हो या ग्रामीण क्षेत्र का हो, किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता हो, लेकिन फिलहाल वह मुखर नहीं दिखता। सिर्फ इतना भर कहता है कि समय आने पर निर्णय लिया जाएगा।



## मासस प्रत्याशी को जीत दिलाने को लेकर अरुप चटर्जी ने चिरकुंडा में कई जगहों पर की बैठक

संवाददाता

**कुमारधुबी।** लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी प्रत्याशी पुरे दम खम के साथ मैदान में उतर चुके हैं और इस गर्मी में डोर टू डोर प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार की शाम निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी अपने मासस के प्रत्याशी जगदीश रवानी को जीत दिलाने को लेकर चिरकुंडा क्षेत्र के ठठेरा मुहल्ला व गोसाई पाड़ा सहित कई जगहों पर बैठकें की। वहीं पूर्व विधायक चटर्जी ने कहा कि कामरेड प्रत्याशी जगदीश रवानी को जीत दिलाने को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में बैठकें कर रहे हैं। ताकि क्षेत्र की जनता सही प्रत्याशी को चुन सके। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि 21 तारीख को हम लोग रैली और शक्ति प्रदर्शन करेंगे जो मुगमा मोड़ से लेकर चिरकुंडा तक चलेगा और एक आमसभा भी चिरकुंडा में करेंगे, जिसकी तैयारी में हम लोग जुट गए हैं। वहीं उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा अभी तक कुछ नहीं कर पाई है और कांग्रेस की जो प्रत्याशी हैं वह भी बाहर से आयी हैं। इसलिए हम लोग चाहते हैं कि लोकल प्रत्याशी कामरेड जगदीश रवानी हैं उन्हीं को अपना साथी चुनिए जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। मौके पर कल्याण राय, अमरेश चक्रवर्ती, नंटु गोस्वामी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सुभाषितम्

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। (कर्म करने में ही तुम्हारा अधिकार है, फल में कभी भी नहीं) - गीता

## राजनीति पर राजनीति छोड़ सब हो रहा

अजब राजनीति है ,गजब राजनीति है। आज की राजनीति में राजनीति पर बात ही नहीं हो रही। राजनीति पर बातचीत के अलावा हर विषय पर बात हो रही है। और तो और अब काल्पनिक उपाधियां राजनीति का विकल्प बन गयीं है विमर्श के लिए। राजनीतिक दलों को एक-दूसरे पर वार करते देख हमारे पड़ौसी पाकिस्तान ने भी हमारी सेना पर आतंकी हमला कर दिया। क्योंकि वार प्रति वार में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी बार-बार पाकिस्तान को घसीट रहे थे, जबकि बेचारा पाकिस्तान अपनी ही समस्याओं से बाहर निकल नहीं पा रहा है। बात शरू करते हैं उपाधियों से। माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी जी ने कांग्रेस के नेता माननीय राहुल राजीव गांधी को शहजादे कहना शुरू किया तो कांग्रेस दस साल तो मौन रही लेकिन अब शाहजादे की सहोदरा प्रियंका ने मोदी जी को ही शंहशाह बताना शुरू कर दिया है। प्रियंका कहतीं है कि उनके भाई ने तो पैदल 4 हजार किलोमीटर की यात्रा कर भारत को जोड़ने की कोशिश की है लेकिन शंहशाह माननीय नरेंद्र भाई मोदी महलों में रहते हैं। आपने कभी टीवी पर उनका चेहरा देखा है? एकदम साफ सुथरा सफेद कुर्ता, एक दाग नहीं है धूल का। एक बाल इधर से उधर नहीं होता है। वो कैसे समझ पाएंगे कि आप किस दलदल में धंसे हुए हो। महंगाई से आप दब चुके हो। हर तरफ महंगाई, मेरी बहनें मिट्टी का तेल आज कितने का है? सब्जी खरीदने जाती हो,मिलती है क्या? भाव क्या है उसका? आपको बता दूं कि जैसे मै टीवी पर नेताओं के दर्शन नहीं करता, उनके प्रवचन नहीं सुनता वैसे ही अखबारों में भी नेताओं की बातों पर ध्यान नहीं देता। मै नौन,तेल ,लकड़ी से ही नहीं उबर पाता फिर भी सबकी बातें कानों में पड़ ही जातीं हैं। मै कभी-कभी सोचता हूं कि यदि राहुल गांधी शाहजादे हैं तो फिर अम्बानी और अडानी के तो जिल्लेइलाही से बढ़कर ही होंगे,क्योंकि उनके पास तो राहुल गाँधी और नरेंद्र भाई मोदी से ज्यादा धन-दौलत है। अडानी और अम्बानी तो कभी देश जोड़ने सड़कों पर नहीं निकलते। उन्हें तो देश में नौन ,तेल,लकड़ी आटा का भाव मालूम नहीं होगा। हमारे देश की जनता बड़ी भोली-भाली है, आजकल तो आधी जनता अंधभक्ति में भी डूबी है। जनता माननीय मोदी जी की बात पर भरोसा कर जैसे राहुल गांधी को शाहजादा नहीं मान रही मुझे लगता है कि प्रियंका के कहने पर मोदी जी को शहंशाह नहीं मानेगी। बकौल मोदी जी कांग्रेस और कांग्रेस के नेता विश्वास खो चुके हैं। इस समय देश में शहंशाह तो हमारे अमिताभ भाई बच्चन ही हैं। हां मोदी जी राजनीति के शहंशाह हो सकते हैं,क्योंकि उनके पास सब कुछ है लेकिन एक अदद साइकल नहीं है। अब तो मां भी नहीं है। पत्नी को वे पहले ही त्याग चुके हैं भारत में जिस देश के पास साइकिल भी न हो,माँ न हो पत्नी न हो उसे शहंशाह कहना भारत में शहंशाह रहे तमाम शंशाहों की तौहीन है। खुला अपमान है। बहरहाल दाल-भात में मूसलचंद की तरह माननीय मोदी जी ने जब बार-बार पाकिस्तान को भारत के चुनावों में घसीटा तो वो सचमुच भारत आ ही गया। पाकिस्तान के आतंकवादियों ने पूंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिखा दिया कि पाकिस्तान के आतंकी किसी 56 इंच के सीने वाले से नहीं डरते। पाकिस्तान को इस हिमाकत की सजा मिलना चाहिए। मुमकिन है कि मतदान का तीसरा चरण पूरा होते-होते ये छोटा सा आतंकी हमला पुलवामा काण्ड की तरह बड़ा स्वरूप ले ले। भले ही ये सब देशहित में नहीं होगा लेकिन इससे सत्तारूढ़ दल की डूबती नाव तो बचाई जा सकती है। मुझे कभी -कभी आशंका होती है कि मोदी जी राहुल की तरह बार-बार पाकिस्तान को भी उकसाते रहते हैं कि -आ बैल मुझे मार। मोदी जी सनातनी आदमी हैं। सनातन को मानते हैं लेकिन केंद्रीय चुनाव आयोग को नही। वैसे ये उनके मन की बात है। पिछले दिनों जब इसरो के वैज्ञानिकों ने अपना तमाम कामकाज छोड़कर माननीय के निर्देश पर रामलला को सूर्यतिलक कराया था तब माननीय मोदी जी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अयोध्या नहीं गए थे।

## चिंतन-मनन

### नफरत का बोझ

**बहुत पुरानी कथा है। एक बार एक गुरु ने अपने सभी शिष्यों से अनुरोध किया कि वे कल प्रवचन में आते समय अपने साथ एक थैली में बड़े-बड़े आलू साथ लेकर आएं। उन आलुओं पर उस व्यक्ति का नाम लिखा होना चाहिए, जिससे वे नफरत करते हैं। जो शिष्य जितने व्यक्तियों से घृणा करता है, वह उतने आलू लेकर आए। अगले दिन सभी शिष्य आलू लेकर आए। किसी के पास चार आलू थे तो किसी के पास छह। गुरु ने कहा कि अगले सात दिनों तक ये आलू वे अपने साथ रखें। जहां भी जाएं, खाते-पीते, सोते-जागते, ये आलू सदैव साथ रहने चाहिए। शिष्यों को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन वे क्या करते, गुरु का आदेश था। दो-चार दिनों के बाद ही शिष्य आलुओं की बदबू से परेशान हो गए। जैसे-तैसे उन्होंने सात दिन बिताए और गुरु के पास पहुंचे। सबने बताया कि वे उन सड़े आलुओं से परेशान हो गए हैं। गुरु ने कहा- यह सब मैंने आपको शिक्षा देने के लिए किया था। जब सात दिनों में आपको ये आलू बोझ लगने लगे, तब सोचिए कि आप जिन व्यक्तियों से नफरत करते हैं, उनका कितना बोझ आपके मन पर रहता होगा। यह नफरत आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण आपके मन में भी बदबू भर जाती है, ठीक इन आलुओं की तरह। इसलिए अपने मन से गलत भावनाओं को निकाल दो, यदि किसी से प्यार नहीं कर सकते तो कम से कम नफरत तो मत करो। इससे आपका मन स्वच्छ और हल्का रहेगा। सभी शिष्यों ने वैसा ही किया।**

## आज का राशिफल

**मेष :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन :** हित के काम में आ रही बाधा दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**सिंह :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कन्या :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला :** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**वृश्चिक :** पर-प्रपंच में ना पडकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मकर :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मीन :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

# अस्तित्व के संकट से जूझती कम्यूनिस्ट पार्टियां

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

देश की कम्यूनिस्ट पार्टियों के सामने अस्तित्व का संकट है। साल 2004 के बाद लोकसभा में वामदलों का प्रतिनिधित्व लगातार कम होता जा रहा है। अब 18 वीं लोकसभा के चुनाव में वामदलों के सामने अस्तित्व बचाए रखने का संकट है। आजादी से पहले और उसके बाद के दौर में एक समय पूरे देश में वामदल काफी प्रभावी थे। सरकार भले कम ही राज्यों में रही हो पर वामदल और उसके अनुशांगिक संगठन चाहे वह स्टूडेंट फेडरेशन हो या मजदूर संगठन या लेखक संघ सभी की अपनी पहचान थी। पर कुछ समय के बदलाव तो कुछ अपने धत्कर्मों की वजह से वामदलों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया है। प. बंगाल में वामदलों ने तीन दशक से भी अधिक समय तक एकछत्र राज किया। वहीं, त्रिपुरा, केरल में भी वामदलों की सरकार रही है। पर 2019 के लोकसभा के चुनाव आते-आते हालात यह हो गई कि वामदलों के गढ़ प. बंगाल में वामदलों को एक भी सीट नहीं मिली, वहीं त्रिपुरा में भी खाता खोलने में विफल रही। दरअसल, समय की मांग को समझना और उसके अनुसार समयानुकूल बदलाव करना अपने आप में बड़ी बात होती है। जनभावना को भी समझना जरूरी हो जाता है। केवल विचारधारा और एग्रेसिव होने से काम नहीं चल सकता। फिर समय पर सही निर्णय नहीं लेने का परिणाम देर-सबेर भुगतना पड़ता है। ज्योति बसु के पास तीन बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर आये पर पोलिट ब्यूरो ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने पर सहमति नहीं दी। कल्पना कीजिए कि ज्योति बसु तीन में से किसी एक अवसर पर प्रधानमंत्री बनते तो उसका लाभ अंततोगत्वा वामदलों को ही मिलता पर आपसी मतभेदों के चलते सही विकल्प नहीं चुनने का परिणाम आज सामने है।

गत 2019 के लोकसभा चुनाव की ही बात की जाए तो वामदलों को लोकसभा के लिए छह सीटें मिली। इसमें भी एक समय कम्यूनिस्टों के गढ़ रहे प. बंगाल और त्रिपुरा में तो वामदलों का खाता भी नहीं खुल सका। तमिलनाडू में गठबंधन के सहारे माकपा और भाकपा को दो-दो सीटे मिल गई। वहीं, केरल में माकपा और आरएसपी एक-एक सीटें जीतने में सफल हो सकी। जैसे-तैसे केवल माकपा राष्ट्रीय दल के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रही है।

यह भी कोई ज्यादा पुरानी बात नहीं है कि लोकसभा के इससे पहले के तीन चुनावों के पहले 2004 के चुनाव में वामदलों के पास 59 सीटें थी। कांग्रेस-भाजपा के बाद लोकसभा की तीसरी बड़ी ताकत वामदल थे। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वामदल सरकार में भी शामिल हुए। लोकसभा स्पीकर का पद भी वामदलों के पास ही गया। देखा जाए तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार भी ठीक ही चली पर परमाणु समझौते के चलते बाद में वामदल सरकार से बाहर हो गए। ममता के चलते प. बंगाल में वामदल लगभग अप्रासंगिक होता जा रहा है और प. बंगाल में वामदल के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी उभर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वायनाड से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना भी वामदल को हानि पहुंचाने वाला ही रहा है।

एक समय था जब ज्योति बसु को केन्द्र की राजनीति में लाने के प्रयास हुए पर आपसी मतभेदों के चलते वामदलों ने इसे सिरे से चढ़ने ही नहीं दिया। वामदलों के अस्तित्व के संकट को यों भी समझा जा सकता है कि किसी समय विपक्षी दलों में वामदलों की तूती बोलती थी आज कोई बड़ा नाम सामने नहीं आ पा रहा है। प्रकाश करात या सीताराम येचुरी आदि के नाम यदाकदा ही सामने आ पाते हैं। एक समय था जब सोम दा, इन्द्रजीत गुप्त, एबी वर्द्धन, ज्योति बसु और उससे पहले की भारतीय राजनीति पर दृष्टिगोचर किया जाए तो पी. सुन्दरैया, सी. राजेश्वर राव, ईएमएस नंबुदरीपाद, एके गोपालन, बीटी रणदीव जैसे अनेक नाम थे जिनका भारतीय राजनीति में अपनी पहचान रही।

वामदलों के लिए चुनावों में सूखा 2009 से लगातार बढ़ता गया है। 2004 में जहां 59 सीटें थी जो 2009 में कम होकर 24 रह गई, 2014 के चुनाव में उसकी भी आधी यानी 12 और 2019 के चुनावों में उसकी आधी यानी कि 6 रह गई। अब 2024 के लोकसभा के चुनाव में वामदलों के सामने पहचान बनाये रखने का संकट आ गया है। प. बंगाल, त्रिपुरा से कोई खास लगता नहीं है, केरल में भी हालात ज्यादा नहीं बदले हैं।

दरअसल वामदलों के हाशिये में जाने के अन्य कारणों के साथ ममता का प. बंगाल में पकड़ बनाये रखना है तो बीजेपी वहां अपनी पैठ लगातार बढ़ाने के प्रयास कर रही है। दूसरी ओर मोदी को सत्ता से हटाने के लिए विपक्षी दलों द्वारा आपसी सहमति या यूं कहें कि इंडी का कंसेप्ट भी चल नहीं पाया। तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि वामदल जिसे अपना वोटबैंक मान कर चलता रहा है उस वोटबैंक पर सेंधमारी भी उन्हीं के साथ समझौता कर रही कांग्रेस पार्टी कर रही है। केरल में अल्पसंख्यकों के साथ हिन्दुओं के वामदलों के वोट कांग्रेस अपनी ओर करने में सफल रही है। फिर वामदलों के नेताओं की जो यूएसपी अच्छे वक्ता के रूप में होती थी वह आज दिखाई नहीं देती। समय के साथ बदलाव को आत्मसात नहीं करने के कारण ही सोशिल मीडिया जो आज प्रमुख माध्यम बन गया है, उस क्षेत्र में वामदल कहीं पिछड़ गए हैं।

ऐसे में वामदलों को 18 वीं लोकसभा में अपनी पहचान बनाये रखने के लिए कठोर परिश्रम करना होगा। वामदलों के सामने दरअसल विकल्प कम ही है। वामदल के कमिटेड वोटर्स छिटक गए हैं तो नेतृत्व द्वारा ना तो दूसरी लाइन के नेता तैयार किये गए और ना ही कैडर को मजबूत करने के प्रयास किये गये। जन आंदोलन जो कभी वामदल की पहचान थे, कहीं नेपथ्य में चले गए। 2024 के चुनाव नतीजे जो भी हों पर आगे के लिए वामदलों को भारतीय राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी, अन्यथा ऐसे दलों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा।

# विरासत के सहारे जीत की तलाश

**सुरेश हिंदुस्तानी**

राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ भी नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस की स्थिति कमोवेश ऐसी ही है, जिसमें कांग्रेस के बड़े बड़े नेता देश की संसद में पहुंचने के लिए सुरक्षित सीट की तलाश करते दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस में राहुल गांधी भले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन उनकी हैसियत आज भी अध्यक्ष से कहीं अधिक है। परन्तु सवाल यह है कि राहुल दो सीट से चुनाव क्यों लड़ रहे हैं। क्या उनको अपनी जीत के प्रति अंदेशा है या फिर उनको एक और पराजय का भय सता रहा है। पहले राहुल गांधी अमेठी में हार का स्वाद चख चुके हैं। अब वायनाड से रायबरेली आकर फिर से कई प्रकार से सवाल छोड़ दिए हैं। हालांकि कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को राष्ट्रीय नेता के रूप में प्रचारित किया जाता है, इसका तात्पर्य यही है कि राहुल को देश के किसी भी हिस्से से चुनाव लड़ने में किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस उनके लिए सुरक्षित ठिकाने ढूंढकर खुद ही संशय की स्थिति निर्मित कर रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तरप्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखित कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और माँ सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहाँ सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा। क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहाँ से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थीं, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पायी है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहाँ लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहाँ तक कि प्रियंका वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए। ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहाँ कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू गांधी परिवार की विरासत भी है। कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहाँ से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं। मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेंगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। जब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसा तो तब हुआ, जब उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तरप्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तरप्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है।

अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी। वर्तमान में कांग्रेस के लिए यह पेचीदा सवाल ही था कि कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से किसको प्रत्याशी घोषित किया जाए, क्योंकि इन दोनों सीटों पर प्रथम तो गांधी परिवार का पुख्ता दावा बनता था। इसलिए दोनों क्षेत्रों में से किसी एक से प्रियंका वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने की कवायद भी की जा रही थी, लेकिन प्रियंका को इस बार चुनाव लड़ने से दूर कर दिया। लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी के रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस अमेठी के चुनाव को गंभीरता से लेगी, क्योंकि अब कांग्रेस का पूरा जोर राहुल गांधी को जिताने में लगेगा। राहुल गांधी को जिताना कांग्रेस की मजबूरी है, क्योंकि अब राहुल गांधी ही नहीं, पूरी कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। अगर कांग्रेस रायबरेली से चुनाव हारती है तो देश में कांग्रेस के बारे में गलत सन्देश जाऐगा। यहां पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी आ रहा है कि राहुल गांधी द्वारा पिछले चुनाव में भी दो स्थानों से चुनाव लड़े थे, जिसमें अमेठी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब वायनाड से उम्मीदवारी के बाद रायबरेली की रुख करके फिर से संदेह को जन्म दिया है। ऐसा लग रहा है कि इस बार वायनाड का चुनाव बहुत ही टक्कर का माना जा रहा है। कुछ खबरें तो राहुल गांधी के हारने तक की बात कह रही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि इसलिए ही राहुल गांधी को फिर से दो स्थानों से चुनाव लड़ाया जा रहा है।

# हेल्थ सिस्टम में नर्सिंग पेशे का योगदान अतुलनीय

**डॉ. रमेश ठाकुर**

बिना नर्स के समूचा चिकित्सा तंत्र अधूरा है क्योंकि वह अस्पतालों की रीढ़ होती हैं। वे अपने कर्तव्य, समर्पण और प्रतिबद्धता से चिकित्सीय पेशे का संचालन करती हैं। सालाना 6 मई को राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। पिछले वर्ष यानी 2023 को इस दिवस की थीम थी हमारी नर्सें, हमारा भविष्य। राष्ट्रीय नर्स दिवस की स्थापना किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं की गई थी, बल्कि 1982 में संयुक्त राज्य कांग्रेस द्वारा की गई। ये दिवस नर्सिंग की संस्थापिका फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रीय नर्स दिवस ऐसा दिन है, जो नर्सों के योगदान और उनकी कड़ी मेहनत का सम्मान और जश्न मनाने के लिए होता है। वैसे इस दिवस को पूरे एक सप्ताह के लिए मनाया जाता है। यानी 6 से 12 मई तक। गौरतलब है कि ये पेशा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, बीमारियों को रोकने और विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय स्थितियों वाले रोगियों की देखभाल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नर्सें देश के विभिन्न अस्पतालों, क्लीनिकों, नर्सिंग होम व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में काम करती हैं। दवाइयां देने, मरीजों के महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करने, मरीजों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने और मरीजों की देखभाल के बारे में अन्य स्वास्थ्य देखभाल और संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बड़ा अस्पताल हो, या फिर कोई प्रसिद्ध चिकित्सक, बिना नर्सिंग स्टॉफ के कोई भी मरीजों का इलाज नहीं कर सकता।

**राष्ट्रीय नर्स दिवस (6 मई) पर विशेष**

सामान्य दिनों के मुकाबले कोविड काल में पूरे संसार ने नर्सों के योगदान को करीब से देखा था। वो ऐसा वक्त जब संक्रमितों के नजदीक जाने मात्र से लोग कतराते थे। तब, नर्सें ही मरीजों की देखरेख में लगी थीं। नर्सिंग क्षेत्र के योगदान को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र और उनके समकक्ष स्वास्थ्य संगठनों ने हेल्थ कर्मियों पर अधिक निवेश करने की वकालत की है।

वैश्विक स्वास्थ्य कर्मचारियों की कुल में एक तिहाई आबादी नर्सों की होती है। इसलिए तकरीबन पूरा का पूरा हेल्थ सिस्टम उन्हीं के कंधों पर टिका है। भारत में नर्सों की संख्या करीब 28 लाख के करीब है जिसमें प्रति वर्ष इजाफा हो रहा है। आज पूरे भारत में लाखों की संख्या में नर्सिंग कॉलेज-स्कूल संचालित हैं। क्योंकि नर्सों की डिमाडं दिनोंदिन बढ़ जो रही है। नर्सों के काम की जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है। आज उनके साहस और निष्ठा प्रयाण कर्तव्य की प्रशंसा करने का दिन है। भारत में नर्सों के साहस की सराहना न सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर चुके हैं, बल्कि हाल ही में डब्ल्यूएचओ ने भी इसे सराहा है। इंजेक्शन लगाने से लेकर, मरहम-पट्टी आदि की जिम्मेदारी सिस्टरों के सिर होती है। हालांकि नर्सिंग क्षेत्र में पुरुष स्टाफ भी हैं, लेकिन महिलाओं के मुकाबले काफी कम हैं। कमी के दो मूल कारण हैं। अव्वल, महिला नर्स में मरीजों को ममता की करुणा दिखती हैं। दूसरा, वह अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारी से निभाती हैं। यही कारण है नर्सों को अच्छे से प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वह मरीजों को मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और चिकित्सकीय तौर पर मदद कर सकें।

## दैनिक पंचांग

**06 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.56 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 07.54 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.08 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.24 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.36 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 16.47 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.01 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.17 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.22 बजे से |
| | | कुंभ | 01.09 बजे से |
| | | मीन | 02.42 बजे से |
| | | मेष | 04.12 बजे से |

राहुकाल
7.30 से 9.00
बजे तक

सोमवार 2024 वर्ष का 127 वां दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
पक्ष कृष्ण
तिथि त्रयोदशी 14.41 बजे को समाप्त।
नक्षत्र रेवती 17.43 बजे को समाप्त।
योग प्रीति 00.28 बजे रात्र को समाप्त।
करण वणिज 14.41 बजे तदनन्तर विष्टि 01.10 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 24.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 16° 37'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871971
जूलियन दिन 2460436.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सव्वाल तारीख 26
विशेष मासिक शिवरात्रि।

**दिन का चौघड़िया**

| | | |
|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक |

**रात का चौघड़िया**

| | | |
|---|---|---|
| चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## नंद देव ने राजद प्रत्याशी ममता को साड़ी शॉल देकर किया स्वागत

# राजनीतिक बदलाव का मन बना चुकी है जनता : ममता

संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** चुनावी प्रचार के क्रम में पिपरा गांव पहुंची ममता भुईयां का स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। साथ हीं यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष नंद देव यादव के द्वारा महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां का साड़ी और शॉल देकर सम्मानित किया। मौके पर नंद देव यादव ने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी स्वरूप होती हैं। ममता पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए लक्ष्मी स्वरूप बेटी ही बनकर चुनावी मैदान में मां गठबंधन प्रत्याशी के रूप में खड़ी है। ऐसे में हम सभी संकल्प के साथ उसके साथ समर्थन में खड़े हैं। वही पहुंचे सैकड़ो स्थानीय लोगों ने एक स्वर में अपना मतदान पक्ष में करने का अपना संकल्प दोहराया। वहीं रविवार को विश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा किया। कई जगहों पर आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने आम लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया।

**नंद देव यादव ने कहा बेटिया घर की है लक्ष्मी, सैकड़ो समर्थकों के साथ क्षेत्र का कर रही भ्रमण**

जगह जगह गठबंधन के कार्यक्रताओं ने उनका जोरदार स्वागत भी किया। ममता भुइंया ने कहा कि पलामू के पूर्ण विकास हेतु राजनीतिक परिवर्तन बेहद जरूरी है। इस बार पलामू की जनता बदलाव का मन भी बना चुकी है। वरीय राजद नेता सह अधिवक्ता पप्पू सिंह ने कहा कि आम लोग भाजपा के जुमले बाजी से ऊब चुके हैं। विकल्प के रूप में राजद की ओर देख रहे हैं। श्यामदास सिंह यादव ने कहा कि जात धर्म की राजनीत कर समाज को बांटने वाली भाजपा को पलामू की जनता नकारेगी। उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन प्रत्यासी ममता भुइंया को अपर समर्थन मिल रहा है।

मौके पर यादव महासभा की प्रखंड अध्यक्ष नंद देव यादव, 20 सूत्री के अध्यक्ष सह कांग्रेसी नेता रामचंद्र दीक्षित, राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, नगर अध्यक्ष सिराजुदीन अंसारी, सूर्यदेव यादव,राघवेन्द्र चौबे,सुमित चौबे, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डु,आलोक चौबे, नासिर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# शिवाजी मैदान में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एलेक्शन फूड फेस्टिवल का आयोजन

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से जिले में कई तरह के स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार शाम 7 बजे स्थानीय शिवाजी मैदान में भव्य इलेक्शन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन की तरफ से उप विकास आयुक्त रवि आनंद, मेदनीनगर नगर आयुक्त सह स्वीप के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिंहा व जेएसएलपीएस डीपीएम शांति मार्डी उपस्थित रहे।

शिवाजी मैदान के दोनों तरफ लगे थे, 34 विभिन्न व्यंजनों के फूड स्टॉल, सभी स्टॉल से 13 मई को मतदान करने के स्टीकर लगे थे। शिवाजी मैदान के दोनों तरफ अलग-अलग प्रकार के कुल 34 विभिन्न व्यंजनों के फूड स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉल से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था।सभी पदाधिकारियों ने भी विभिन्न स्टॉल पहुंचकर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया।

इस दौरान बड़ी संख्या में आगंतुक भी पहुंच रहे थे। अभी आगंतुकों को वीएचए एप के जरिये फ्री में एंट्री करायी जा रही थी। बड़े स्क्रीन पर मतदाता जागरूकता से संबंधित वीडियो का प्रसारण किया जा रहा था,आईपीएल देखने में मग्न रहे लोग।

## एक नजर

### बराही धाम महोत्सव की तैयारी पुरी दो दिवसीय आयोजन आज से



**हुसैनाबाद/पलामू।** हुसैनाबाद प्रसिद्ध शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से पलामू जिला का चर्चित बराही धाम परिसर में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना के दो वर्ष पूरे हो गए, इसको लेकर सोमवार से दो दिवसीय वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारी को लेकर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट और बराही धाम परिवार के परिवार लोग धाम परिसर की साफ सफाई व्यवस्था और और फूलों से सजाया जा रहा है। वहीं धाम परिसर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान जी की 105फिट प्रतिमा को रंगीन बल्ब से सजाया गया है। सोमवार की पहले दिन धाम के पूजारी दिलीप मिश्रा और अजित चौबे की देख रेख में पुजा अनुष्ठान शुरू होगा, दोपहर में हवन के बाद मंदिर परिसर में दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिक महोत्सव का अतिथियों द्वारा उद्घटन किया जाएगा। इसके बाद महाआरती होगी, सात मई को अखंड कीर्तन के साथ भव्य भंडारा का अयोजन कर लोगो की बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### मेराल में बिजली तार की चपेट में आने से एक बकरी सहित दो गाय की मौत

**नावा बाजार (पलामू)।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तुकबेरा विद्युत पावर सब स्टेशन से कांड पंचायत के कंडा घाटी, पिपरहवा, माधी, सिंजो, मेराल तक सप्लाई बिजली का तार पोल की स्थिति जर्जर होने के कारण क्षेत्र में लगातार तार गिरने से मवेशी चपेट में आ जाने के कारण मौत हो जाती है। वही मेराल के जंगल में बिजली तार गिरने से एक बकरी एवं दो गाय की मौत हो गई। मवेशी मलिक को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ क्षेत्र में हमेशा बिजली करंट की दहशत रहती है। बरसात के दिनों में कंडा घाटी से सप्लाई बिजली फाल्ट होने के कारण सप्ताह एवं महीना दिन भी बिजली ब्लैक आउट हो जाती है, बिजली बनाने को लेकर हमेशा ग्रामीण परेशान रहते हैं। अपने से मेहनत कर वहां के ग्रामीण जान को जोखिम में डालकर बनाते हैं। कंडा से से मेराल तक विद्युत सप्लाई का तार पोल दुरुस्त अगर विभाग द्वारा कर दिया जाए तो लाइन हमेशा ठीक-ठाक हो जाएगा लेकिन विभाग के रवैया ठीक नहीं रहने के कारण गांव में हमेशा अंधेरा कायम रहती है।

### चोरी की मोटरसाइकिल को पुलिस ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन से किया बरामद

**मेदिनीनगर।** शहर के टीओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह और टाइगर मोबाइल के जवान सूर्यनाथ सिंह ने डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल (बीआर 31 सी 9290) को रविवार की दोपहर सही सलामत बरामद कर लिया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए टीओपी प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 2 मई को कोऑपरेटिव चौक स्थित ग्रामीण बैंक के एक कर्मचारी का मोटरसाइकिल गुम हो गया था। मोटरसाइकिल गुम हो जाने के बाद कर्मचारी ने अपना मोटरसाइकिल गुम होने की लिखित आवेदन शहर थाना को दिया था। आवेदन मिलने के बाद पुलिस भी मोटरसाइकिल चोर और मोटरसाइकिल की खोजबीन में जुट गई थी। रविवार की दोपहर पुलिस को किसी व्यक्ति के द्वारा सूचना मिला कि रेलवे स्टेशन के पास लावारिस हालत में एक मोटरसाइकिल पड़ा हुआ है।वही सूचना मिलने पर अनिल सिंह रेलवे स्टेशन पहुंचकर बाइक को जप्त कर उसे थाना ले गई है। इसके बाद अनिल सिंह के द्वारा मोटरसाइकिल मालिक को इसकी सूचना दे दी गई है।

### एबीवीपी ने चलायी मतदाता जागरूकता अभियान

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीतीश दुबे की अध्यक्षता में पलामू जिले की मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक हुई. बैठक में झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन उपस्थित थें. सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्पगुच्छ अर्पण व दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत हुई. प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन ने छात्रों को परिषद के कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी. बैठक में परिषद के विभाग संयोजक गोविंद मेहता, रत्नेश त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजन कश्यप, अभय वर्मा,नितीश दूबे अभिषेक रवी, कालेज अध्यक्ष विपिन यादव, आकाश वर्मा,अभिषेक तिवारी, अभय कुमार, राहुल तिवारी, कौशल कुमार मिश्रा,नीतीश लाल, उत्कर्ष तिवारी, सौरभ तिवारी, सूरज लाल, रोशन पांडे, प्रभात दुबे, आकाश कुमार रवि, राहुल कुमार चरों,हिमांशु कौशल सोनी आदि उपस्थित थे।

# तीसरे चरण के चुनाव प्रशिक्षण को लेकर आत्मविश्वास से भरे दिखे मतदानकर्मी

- हेरिटेज स्कूल में मतदान के साथ ही चुनाव में लगे कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में मतदानकर्मियों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण जारी है। अब तक 5200 मतदानकर्मियों को अर्थात 1300 पोलिंग पार्टी को चुनाव का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन चालीस-चालीस के समूह में दो हजार अस्सी मतदानकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण को सुलभ बनाने के लिए पीपीटी का सहारा लिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशिरंजन ने गुणवत्ता युक्त चुनाव प्रशिक्षण के लिए सख्त निर्देश दिये हैं। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने सफल प्रशिक्षण के लिए समुचित प्रबंधन किया है।

जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद,अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह,प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरभ कुमार व कनीय अभियंता विपिन कुमार पटेल के द्वारा कमरों में घूम-घूम कर शंकाओं का समाधान किया गया।तीसरे चरण के प्रशिक्षण के दौरान मतदानकर्मी अपनी पोलिंग पार्टी के सदस्यों के साथ घूले-मिले तथा आत्मविश्वास से भरे दिखे।वहीं दूसरी ओर इसी परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदानकर्मियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान भी कराया जा रहा है।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत चतरा लोकसभा से तय : कमेश सिंह

संवाददाता

**नीलांबर/पितांबरपुर।** भाकपा माले नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड सदस्य कामरेड जितेंद्र कुमार सिंह ग्राम जुरु के आवास को संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नीलांबर पितांबरपुर सतबरवा प्रखंड कमेटी सचिव कमेश सिंह चेरो ने किया। बैठक शुरू करने से पहले शहीद जगदेव शर्मा और पिछले महीने में आकस्मिक कामरेड जनक राम का निधन हो गया था उनके याद में 1 मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कामरेड जगदेव शर्मा भाकपा माले के बहुत ही जुझारू और पलामू प्रमंडल के जननेता थे।

जिनकी हत्या इसी पलामू के सामंती ताकतों द्वारा 2002 में मेदिनीनगर में कर दिया गया था। उन्हें याद करते हुए कमेश सिंह चेरो ने कहा की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगा जब कामरेड जगदेव शर्मा के अधूरे सपनों को साकार करने के लिए एक-एक क्षण शोषित पीड़ित समाज के हक अधिकार के अगुवाई करने में लगाएंगे।

तभी उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगा। उन्होंने कहा कि इस बैठक में चतरा एवं पलामू संसदीय लोकसभा में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार को दिन-रात एक कर भारी मतों से जीताना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार 10 वर्षों में धर्म के नाम पर जात-पात के नाम पर नफरत फैलाने के सिवाय कोई काम नहीं किया। महंगाई, बेरोजगारी ,भ्रष्टाचार भाजपा के राज्य में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इसलिए देश के मजदूर किसान पढ़े लिखे बेरोजगार नौजवान भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन के समर्पित उम्मीदवार के पक्ष में रुझान मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि भाकपा माले एक-एक क्षण इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीताने के लिए डोर टू डोर जनता के बीच जाएगी और वोट के लिए अपील करेगी। भाजपा हटाओ देश बचाओ मोदी हटाओ संविधान बचाओ नारों के साथ वोट मांगेगा । उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में 14 सीटो पर इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनता मूड बना ली है। इस चुनाव में भाजपा का सफाया तय है।

# भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने रविवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर अपने पक्ष में जनसमर्थन मांगा। मौके पर उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में पलामू लोकसभा क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य कराया है। क्षेत्र की जनता के लिए हर समय वह उपलब्ध रहे हैं। तीसरी बार जनता का आशीर्वाद मिलता है तो विकास के कार्यों को आगे भी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि जब से देश में भाजपा की सरकार नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बनी है तब से अनेकों विकास के कार्य निरंतर जारी है। भारत तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है उन्होंने भाजपा को जीत दिलाकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, प्रफुल्ल सिंह एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, रामजी पासवान, अरविंद पासवान, सत्येंद्र पासवान, मुन्ना विश्वकर्मा, मुखिया जितेंद्र पासवान, गोपाल गुप्ता, शंभू सिंह, इंद्रदेव राम, दिनेश पासवान, विकास पासवान, रामेश्वर चौधरी, गिरवर चौधरी, शंकर चौधरी, धनंजय, मृत्युंजय पासवान, जितेंद्र पासवान, पिंटू चौधरी, रविंद्र चौधरी, शंकर पासवान सहित कई लोग शामिल थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर संध्या चौपाल का किया गया आयोजन

संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसीगी पंचायत में शुक्रवार की शाम मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। जहां लोकतंत्र का महापर्व यानी 13 मई को लोकसभा चुनाव के रूप में संपन्न होगा। पलामू उपायुक्त के निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के अनुरूप विश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा सिगसीगी गांव में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। जहां सत प्रतिशत मतदान करने को ले लोगों के बीच जन जागरूकता लाने का कार्य किया गया। लोगों को बताया गया कि लोकतंत्र का महापर्व 5 वर्ष के बाद ही आता है। ऐसी में सभी की जिम्मेदारी बनता है कि हम सभी अपने घरों से समय पर निकल कर मतदान करें। जो हमारे क्षेत्र में व क्षेत्र के लिए विकास करने वाले योग्य जनप्रतिनिधि के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका स्थापित करेगा। वहीं मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल प्रखंड कर्मी, पंचायत कर्मी, पंचायत क्षेत्र की विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका, जेएसएलपीएस की महिला सदस्य सहित शामिल महिला-पुरुष सभी अपने हाथों में कैंडल लेकर लक्ष्य के अनुरूप सत प्रतिशत मतदान कराने को शपथ दिलाया गया। प्रखंड नाजिर अनिकेत सिंह सहित सिगसीगी पंचायत सचिव रामदेनी सिंह आदि ने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी तरह के प्रबंध किए गए हैं। दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए और भी व्यापक प्रबंध है। सुविधा उपलब्ध को लेकर सभी मतदान केंद्र पर वालंटियर की भी नियुक्ति की गई है।

जो हर संभव सुविधाओं का ख्याल रखेंगे। वहीं सभी लोगों से बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लेने का अनुरोध किया। मौके पर नाजिर अनिकेत सिंह, बीपीओ भी कुमार पांडेय, पंचायत सचिव रामदेनी सिंह, मुकेश कुमार, रोजगार सेवक अनिकेत दुबे, मनोज चौबे, शिक्षक , आंगनबाड़ी सेविका, डीलर, जेएसपीएल की महिला सदस्य सहित पंचायत क्षेत्र के भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

# लोस चुनाव में मतदाताओं की जागरूकता अभियान में सहयोग करने की अपील

- आप सब भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें
- अभियान के बारे में विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में जानकारी साझा करें

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 में अधिकाधिक मतदान कराने के उद्देश्य से पूरे देश में विभिन्न तरीकों, चरणों, स्थानों आदि में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार के स्तर से पूरे राज्य में आगामी मंगलवार को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक #MainBhiElectionAmbassador सोशल मीडिया कैम्पेन चलाने के निर्देश प्राप्त है। ऐसे में इस कार्य को सफल बनाने में आप सभी मीडिया के प्रतिनिधियों का सहयोग अपेक्षित है। उक्त बातें स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने जिले के विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधियों व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से आयोजित बैठक में कही। उन्होंने पत्रकारों से अनुरोध किया कि वे अपने स्तर से इस सोशल मीडिया कैंपेन को समाज के हर तबके तक पहुंचने में सहयोग करें ताकि इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारियों से कहा कि इस कार्य हेतु मल्टिपल स्टेकहोल्डर, इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब,बूथ अवेरनेस ग्रुप को एक्टिव करने की बात कही। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्रज्ञा केंद्रों, जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों, कृषि मित्रों, जिले के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स सहित अन्य लोगों को इस कार्य से जोड़ने की बात कही।उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में रह रहे लोगों को इस अभियान से जोड़ें ताकि उन्हें 13 मई को मतदान हेतु प्रेरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बारे में विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में जानकारी साझा करें ताकि अधिकाधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा सके। उन्होंने ऑनलाइन जुड़े सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से कहा कि आप सब भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा 7 मई को होने वाले सोशल मीडिया कैम्पेन में आप कुछ भी यूनिक कंटेंट या मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों के डिजिटल कंटेंट को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर#MainBhiElectionAmbassador हैशटैग के साथ अपलोड करें। इस गूगल मीट में उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य उपस्थित रहे।

### पलामू में हताश और निराश दिखे पीएम मोदी : बिट्टू पाठक

**पलामू।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइया की जीत सुनिश्चित करने को लेकर डाल्टनगंज विस क्षेत्र के सदर प्रखंड में रविवार को कांग्रेसजनों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी व संचालन ललित कुमार सिंह ने किया। बैठक में पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने महागठबंधन प्रत्याशी का जीत सुनिश्चित करने के लिए विमर्श किया। बैठक में सभी बूथों के बीएलए से श्री पाठक ने कहा कि भाजपा के सांसद पिछले दो बार से जीतते रहे हैं। उनका कार्यकाल नहीं के बराबर रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल की सभा में हताश और निराश दिखे। भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यों पर वोट नहीं मांग रही बल्कि लोगों के भावनाओं से खेल रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता जान चुकी है कि उनकी करनी और कथनी में कितना फर्क है। 10 वर्षों में इस देश की सरकार ने हर वर्ग को परेशान करके रखा है। उन्होंने कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता भईया भारी मतों से चुनाव जीत रही है क्योंकि लोगों को विश्वास है कि इंडिया गठबंधन ही विकास की नई गाथा लिखेगा।

एक नजर

### मतदाता जागरूकता के लिए स्काउट गाइड के बच्चों ने निकाली साइकिल रैली

**फारबिसगंज/अररिया।** फारबिसगंज में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य को लेकर मतदाता जागरूकता साइकिल रैली स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा निकला गया, जिसे जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद, स्काउट मास्टर मो शाहिद आलम, राष्ट्रपति स्काउट अमन राय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल मतदाता जागरूकता रैली में बच्चों के द्वारा वृद्धि, युवाओं, महिला, दिव्यांगों से अपने मतदान का प्रयोग करने का आह्वान किया गया। बच्चों ने प्रभात फेरी के दौरान लोकतंत्र की पहचान मतदाता और मतदान , देश तरक्की तभी करेगा हर वोटर जब वोट करेगा, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, सब की जिम्मेदारी आदि नारों से वोटरों को जागरूक किया। साइकिल मतदाता जागरूकता रैली अनुमंडल मुख्यालय होकर पंचमुखी मंदिर, कस्टम ऑफिस, गोढ़ीयारे चौक, कोठी हाट मोड़, छुआ पट्टी, राजेन्द्र चौक होते हुए ।

### ऑटो और एंबुलेंस की आमने-सामने टक्कर, दो लोग घायल

**भागलपुर।** जिले के तिलकामांझी थाना क्षेत्र के नौलखा के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर रविवार को एंबुलेंस और ऑटो में टक्कर हो गयी। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब यात्री से भरा ऑटो भागलपुर स्टेशन से सबौर की ओर जा रही थी। इसी दौरान नौलखा के समीप तेज रफ्तार एंबुलेंस ने ऑटो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में ऑटो का आधा हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है और एंबुलेंस भी क्षत्रिग्रस्त हो गया। इस टक्कर में ऑटो पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का मायागंज अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुट गई है।

### अज्ञात युवती का शव बरामद

**भागलपुर।** जिले के सजौर थाना क्षेत्र के दरियापुर खैरा के सीमा पर साहेब कोठी बहियार में रविवार को एक बीस वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा शव की मिलने की सूचना सजौर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सजौर थानाध्यक्ष सूरज सिंह सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या से संबंधित मामले को लेकर छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह पूर्व युवती को किसी धारदार हथियार से हत्या कर दरियापुर एवं खैरा के बीच सीमा पर साहेब कोठी के सुनसान बहियार में फेंक दिया था। वहीं शव को देखने से पता चलता है कि साक्ष्य को छुपाने का भी प्रयास किया गया है।

### भारतीय मजदूर संघ ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**सहरसा।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन रविवार को विभिन्न राजनीतिक दल द्वारा जोर-शोर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।इस क्रम में भारतीय मजदूर संघ द्वारा कार्यकर्ताओ के बीच मतदाता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के बिहार झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला एवं प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी शंभू कुमार चौबे नें राष्ट्र हित मे अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि देश सर्वोपरि है ऐसे में हमें सोच समझकर देश का विकास करने तथा अपने सभ्यता संस्कृति की संरक्षण करने वाली पार्टी को बहुमत देकर अपने दायित्व का निर्वहन करे। उन्होंने कहा आजादी के बाद देश पर पाश्चात्य संस्कृति को बढाबा दिया गया।वही भारतीय महापुरुष एवं रीति-रिवाज को नकार दिया गया,जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण है एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है जबकि वास्तविक मजदूर दिवस विश्वकर्मा जयंती को मनाया जाना चाहिए।

### तीन बच्चों को छोड़कर घर से फरार हुई मां

**भागलपुर।** जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के रविदास नगर दुधैला में तीन बच्चे की माँ पति और बच्चो को छोड़कर घर से फरार हो गई है। इस मामले में नगर परिषद सुलतानगंज थाना क्षेत्र के रविदास नगर दुधैला के रहने वाले सोनू दास ने रविवार को थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में पत्नी ने कहा है कि हिन्दू रिति रिवाज के साथ चार अप्रैल 2017 ई. को शाहकुण्ड प्रखण्ड के पचकडिया गाँव में सुनिता कुमारी से उसकी शादी हुई थी। तीन अप्रैल 2024 को घर में बिना किसी को बताए तीन बच्चे को छोड़कर घर से फरार हो गई है। खोजबीन करने पर कोई पता नहीं चल पाने पर सुलतानगंज थाना में लिखित आवेदन देकर बरामदगी की गुहार लगायी है। पुलिस मामले की तहकीकात करते हुए लापता विवाहिता की बरामदगी में जुट गई है।

## जेल से बाहर आए बिहार के बाहुबली अनंत सिंह ने कहा

# ललन सिंह को 4 लाख वोटों से जिताएंगे

- अनंत सिंह ने कहा कि जेल से निकलने के बाद बाहर की खुली हवा में बहुत अच्छा लग रहा है

एजेंसी

**पटना (बिहार)।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच बिहार में मोकामा के पूर्व विधायक एवं बाहुबली अनंत सिंह 15 दिनों के पेरोल पर रविवार सुबह जेल से बाहर आ गये। बेऊर जेल अधीक्षक जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गृह विभाग से मिले आदेश की कॉपी जेल प्रशासन के पास आयी है। पूर्व विधायक अनंत सिंह को सुबह एम्बुलेंस से जेल से बाहर लाया गया। एम्बुलेंस से उतरकर वह निजी वाहन से आगे गये। जेल से बाहर आने की खुशी में सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर काफी भीड़ रही। वहां से वह रोड शो में शामिल हुए। जगह-जगह पर जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई और नारे लगाये गए। पटना से लेकर मोकामा के बीच कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया। जेल से बाहर आने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए अनंत सिंह ने कहा कि जेल से निकलने के बाद बाहर की खुली हवा में बहुत अच्छा लग रहा है। हम लोगों से घूम-घूम कर मिल रहे हैं। जनता से मिलने के बाद गांव में जमीन का बंटवारा करना है। उन्होंने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार ललन सिंह को इस बार चार लाख वोटों से जीत दिलायेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत पिछले दिनों बहुत खराब हो गयी थी। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अनंत सिंह ने जेल से बाहर आने का कारण स्वास्थ्य और जमीन का बंटवारा बताया है लेकिन 13 मई को चौथे चरण में मुंगेर में मतदान के देखते हुए सीधे-सीधे यह राजनीति खेल माना जा रहा है। क्योंकि, हाल ही में राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुईं अनंत सिंह पत्नी ललन सिंह के लिए चुनाव प्रचार भी कर रही हैं। पूर्व विधायक अनंत सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत पटना की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट के फैसले के बाद उनकी विधायकी भी चली गई थी।

### मतदान से 48 घंटे पहले मालदा पुलिस में फेरबदल, हबीबपुर आईसी को आयोग ने हटाए

संवाददाता

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मालदा जिलान्तर्गत हबीबपुर थाने के आईसी (प्रभारी निरीक्षक) देबब्रत चक्रवर्ती को हटा दिया है। आयोग की ओर से कहा गया है कि उक्त पुलिस अधिकारी को मतदान कार्य में शामिल नहीं किया जा सकता। उनकी जगह पर तीन नाम आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय के सीईओ को भेजने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हबीबपुर के आईसी देबब्रत का एक फोन कॉल वायरल हुआ था। जिसमें उन्हें स्थानीय पंचायत के उपप्रधान के साथ भैंस तस्करी के बारे में बात करते सुना गया था। इस आधार पर, मालदा उत्तर भाजपा उम्मीदवार खगेन मुर्मू ने आईसी देबब्रत चक्रवर्ती के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए चुनाव आयोग ने आईसी को हटाया गया है। दूसरी तरफ मुर्शिदाबाद जिला अंतर्गत रानीनगर रानीनगर ग्राम पंचायत के आईसी रबींद्रनाथ सरकार को भी हटा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सात मई को तीसरे चरण में मालदा और मुर्शिदाबाद की दो सीटों पर लोकसभा चुनाव होंगे।

### खानाकुल में तृणमूल उम्मीदवार की गाड़ी में तोड़फोड़, आरोप

संवाददाता

**कोलकाता।** आरामबाग लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार पर मिताली बाग की गाड़ी पर रविवार को खनाकुल में हमला हो गया। स्थानीय तृणमूल नेतृत्व ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रायोजित उपद्रवियों ने सुबह प्रचार के दौरान मिताली और तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं पर हमला किया। इस घटना में उम्मीदवार की कार का पिछला शीशा टूट गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तृणमूल उम्मीदवार मिताली बाग की कार पार्टी कार्यालय के सामने रखी गयी थी। आरोप है कि उस समय भाजपा के गुंडों ने तृणमूल उम्मीदवार को नुकसान पहुंचाने के इरादे से उनकी कार को घेर लिया और तोड़फोड़ की। घटना में कार का पिछला शीशा और खिड़की टूट गई। कार का अगला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस संदर्भ में स्थानीय तृणमूल नेता स्वपन नंदी ने कहा, "आज हमारे उम्मीदवार के प्रचार के दौरान उनकी कार पार्टी कार्यालय के सामने खड़ी थी। उस समय भाजपा प्रायोजित उपद्रवियों ने हमारे उम्मीदवार की कार में तोड़फोड़ की। पार्टी कार्यकताओं पर भी हमला किया गया। मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं। पुलिस प्रशासन से अनुरोध है कि इस संबंध में तत्काल कार्रवाई की जाए।ह्व वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। आरामबाग सांगठनिक जिला भाजपा अध्यक्ष बिमान घोष ने कहा, "अब जो भी होगा, आरोप भाजपा पर ही लगेंगे। तृणमूल को सिर्फ भाजपा की परछाई नजर आती है। उन्होंने जहां प्रचार किया वहां माकपा के कुछ लोग भी हैं।

## लॉकेट ने सिंगूर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ का लगाया आरोप

संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की हुगली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी ने हुगली के सिंगूर ग्रामीण अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किए जाने का आरोप लगाया है। लॉकेट चटर्जी ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि सिंगूर ग्रामीण अस्पताल में वर्षों से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लॉकेट चटर्जी रविवार सुबह अचानक हाथों में कागज का बंडल लेकर सिंगुर ग्रामीण अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों से शिकायत की कि गर्भवती महिलाओं की जांच एक्सपायर्ड अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनों से की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन सात साल पहले ही एक्सपायर हो चुकी है और उस मशीन का उपयोग अभी भी सिंगुर और हरिपाल ग्रामीण अस्पतालों में किया जा रहा है। साथ ही एक मशीनों का कोई लाइसेंस (पीएनडीटी) भी नहीं है। इसके बावजूद लगातार उनका उपयोग कर गर्भवती महिलाओं की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। लॉकेट चटर्जी ने डॉक्टरों से बात करने के साथ ही अस्पताल में आये मरीजों के परिजनों से भी बात की तथा आम लोगों को अल्ट्रासाउंड मशीन की अवधि समाप्त होने की जानकारी दी। भाजपा उम्मीदवार ने दस्तावेज दिखाते हुए कहा कि सिंगूर ग्रामीण अस्पताल की अल्ट्रासाउंड मशीन वर्ष 2017 में एक्सपायर हो चुकी है। वर्ष 2022 में इसके नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र भेजा गया था। आवेदन पत्र पर सीएमओएचए के हस्ताक्षर भी हैं। आगे यह भी आरोप है कि उस अस्पताल में एक तकनीशियन द्वारा अल्ट्रासोनोग्राफी की जा रही थी जबकि जहां पीजी डिप्लोमा डॉक्टर को ही यूएसजी करना चाहिए। उन्होंने चिकित्सा सेवाओं के लिए उपकरणों की खरीद में व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अर्पिता मुखर्जी ने कहा, ₹हमें कोई जानकारी नहीं थी कि मशीन 2017 में एक्सपायर हो गई थी, लेकिन हमारी कुछ रिपोर्टें समस्याग्रस्त लगीं। हमने उच्च अधिकारी को सूचित किया। बीएमओएच ने सीएमओएच को सूचित किया। जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी के मुताबिक सरकार से अनुबंध के तहत एक संस्था यह सेवा मुहैया कराती है, उसके लाइसेंस का समय-समय पर नवीनीकरण कराना पड़ता है। इस मामले में संस्था के पास लाइसेंस है या नहीं, इसकी जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## इंडी एलायंस महाठगंधन,घमंडिया और चंडाल चौकड़ी का गठबंधन है: अश्विनी चौबे



एजेंसी

**अररिया।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बक्सर के सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने विपक्षी पार्टी के बने गठबंधन इंडी एलायंस को महाठगबंधन, घमंडिया गठबंधन और चंडाल चौकड़ी का गठबंधन करार दिया।अररिया के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में लड़े सन 74 के छात्र आंदोलन के अपने को अनुयायी कहने वाले लालू प्रसाद ने उनके सपने को चकनाचूर करने का काम किया।उनको सजा हो चुकी है,लेकिन अपने केके सजायाफ्ता न्हों मानते हैं। उन्होंने लालू प्रसाद के काल को याद करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में कौन कौन से घोटाले नहीं हुए।उनका कार्यकाल बिहार को 25 साल पीछे धकेलने का काम किया।उन्होंने कहा कि छात्र आंदोलन के समय भी उन्होंने एक लाख कूपन का हिसाब नहीं दिया था,जिसको लेकर जेपी ने उनको डांट भी लगाई थी। माय समीकरण तो भूरा बाल साफ करो का नारा देने वाले तुष्टिकरण की नीति अपनाकर वंशवाद को बढ़ावा दिया।अपने परिवार के चार चार लोगों को टिकट दिया।यादव मुसलमान के आंखों में धूल झोंकने का काम किया। मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के निशाने पर कांग्रेस के राहुल गांधी भी रहे।उन्होंने कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए युवराज आज संविधान खतरे की बात कह रहे हैं।लेकिन उस समय का क्या,जब कांग्रेस ने दर्जनों बार संविधान को तोड़ मरोड़ कर धज्जियां उड़ाई। उन्होंने इंडी एलायंस के लोगों को नकली लोग करार देते हुए कहा कि महाठगबंधन, घमंडिया और चंडाल चौकड़ी की जमात है। उन्होंने कहा कि ये लोग चुनाव केवल खानदानवाद ,परिवारवाद और वंशवाद को पालने पोसने के लिए लड़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में काम करके दिखा दिया कि विकास क्या होता है।कांग्रेस के लोगों में मिथिलांचल और सीमांचल को शुरू से ठगने का काम किया।उन्होंने सीमांचल को अंग जनपद और मिथिलांचल का सम्मिश्रण करार दिया।

### ट्रक से दस हजार बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद

**सिलीगुड़ी।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और एनजेपी थाने की पुलिस ने फूलबाड़ी संलग्न जियागंज इलाके में रविवार दोपहर को अभियान चलाकर एक ट्रक से दस हजार बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद की है। जिसे साइकिल की पाटर््स में छुपा कर तस्करी की जा रही थी। जिसके बाद तस्करी में शामिल ट्रक के चालक व खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम हरदीप सिंह और मंजीत सिंह हैं। दोनों पंजाब के निवासी हैं। सूत्रों के अनुसार, पंजाब नंबर की एक ट्रक में साइकिल के पाटर््स भरकर अगरतला ले जाए जा रहे थे। जिसके अंदर भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप होने की सूचना एसटीएफ को मिली। सूचना पर एसटीएफ ने एनजेपी थाने की मदद से फूलबाड़ी संलग्न जियागंज इलाके में एक होटल के पार्किंग में खड़े ट्रक को गहन तलाशी शुरू की। जिसके बाद ट्रक से एक-एक कर दस हजार बोतल कफ सिरप बरामद हुआ।

### चेस क्रॉप्स शतरंज में अमन बने चैंपियन

एजेंसी

**किशनगंज।** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में चेस क्रॉप्स द्वारा खेल भवन खगड़ा में रविवार को एक निःशुल्क ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अमन कुमार गुप्ता चैंपियन बने। इसमें मुकेश कुमार ने दूसरा तथा रोहन कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के वरीय उपाध्यक्ष डा. एम आलम ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब तो यह सिद्ध हो चुका है कि शतरंज खेलने से मनुष्य के मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि होती है, जो शारीरिक स्वास्थ्य से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। अतः बच्चे सहित सभी मनुष्य को शतरंज खेलने का अभ्यास करना चाहिए। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा चेस क्रॉप्स के सीईओ कमल कर्मकार ने सूचित किया कि इस निःशुल्क ओपन शतरंज प्रतियोगिता में इस्लामपुर सहित अपने शहर के कुल 45 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। उपरोक्त 3 शीर्ष खिलाड़ियों के पश्चात क्रमशः आयुष कुमार, धान्वी कर्मकार, ऋत्विक मजूमदार, हार्दिक प्रकाश, ज्योती कुमारी, अंकुश बाईन (इस्लामपुर), अनिमेष कुमार, अथर्व राज, सार्थक आनंद, सोफिया परवीन, सुब्रत बाईन (इस्लामपुर), प्रतीक कुमार साहा, मो. अमानुल्लाह, विवान दे, रचित बियानी, आयुष आनंद, श्रृजॉय पाल, सार्थक कुमार अग्रवाल, निमित जैन, आरव राज, रौनक साहा, रूही कुमारी एवं अन्य ने जगह बनाई। इस प्रतियोगिता के शीर्ष विजेताओं को चेस क्रॉप्स की ओर से पुरस्कार-स्वरूप नगद 1400/-रुपया प्रदान कर सम्मानित किया गया।

श्रद्धा-भक्ति

### मठ और मंदिर' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कही

## संस्कृति व सभ्यता के निर्माण स्थल हैं मठ और मंदिर : विमशार्नंद

- मनुष्यता और अध्यात्म को समझना होगा। इन केन्द्रों को पुनजार्गृत करने का प्रयास करना होगा

एजेंसी

**कोलकाता।** मंदिर और मठ कोई कल्पना नहीं हैं वरन ये अपनी संस्कृति और सभ्यता के निर्माण स्थल है तथा ऊर्जा के केन्द्र है। मठों और मंदिरों को समझने के लिए मनुष्यता और अध्यात्म को समझना होगा। इन केन्द्रों को पुनजार्गृत करने का प्रयास करना होगा। उपरोक्त बातें श्री लालेश्वर महादेव मंदिर, शिव बाड़ी, बीकानेर के पूज्य स्वामी श्री संवित विमशार्नंद गिरि महाराज ने श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय द्वारा कोलकाता के रथीन्द्र मंच सभागार में आयोजित आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री स्मृति व्याख्यानमाला समारोह के उन्नीसवें व्याख्यान के अंतर्गत राष्ट्र निर्माण के आधार स्तम्भ हैं : मठ और मंदिर' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कही। प्रधान वक्ता एवं दीनदयाल शोध संस्थान, दिल्ली के प्रधान सचिव अतुल जैन ने कहा कि प्राचीन काल से मठ-मंदिर केवल देवालय नहीं है, यह एक भरा पूरा संसार है जहां श्रद्धा, भक्ति और विश्वास का महत्व है। प्रधान अतिथि प्रख्यात कथावाचक एवं श्रीराम भक्त पंडित श्रीकांत शर्मा ₹बाल व्यास' ने कहा कि शुद्ध मानसिकता अगर हो तो मन मंदिर बन सकता है। राष्ट्र के निर्माण में धर्म और अध्यात्म का अपना एक विशिष्ट महत्व है। विशिष्ट अतिथि राजस्थान के शहरी विकास राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि यदि मन का भाव शुद्ध हो तो रैदास की भांति ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा' वाली कहावत चरितार्थ हो सकती है। कार्यक्रम के आरंभ में सुप्रसिद्ध गायिका सुश्री इन्दु चांडक ने राम वंदना की प्रस्तुति दी। स्वागत भाषण दिया पुस्तकालय के अध्यक्ष महावीर बजाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन किया पुस्तकालय के मंत्री बंशीधर शर्मा ने। कार्यक्रम का संचालन किया विदुषी साहित्यकार डॉ. तारा दूगड़ ने। कार्यक्रम में प्रख्यात आयकर सलाहकार सज्जन कुमार तुल्स्यान एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, सत्यप्रकाश राय, नन्दकुमार लढ़ा, अरुण प्रकाश मल्लावत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नवादा में शुरू हुआ डायल 112 की बाइक सेवा, एसपी ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी

**नवादा।** नवादा शहरी क्षेत्र में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पहले डायल 112 का चार पहिया वाहन की सेवा शुरू किया गया था, अब डायल 112 बाइक की बाइक सेवा का भी रविवार से शुभारंभ हुआ है। इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम के माध्यम से आपातकालीन सेवा नवादा शहर को दिया गया है। एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने पुलिस मुख्यालय से मिली डायल 112 की 8 बाइक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन डायल 112 बाइक से पुलिस शहरी क्षेत्र के गलियों में गश्त करेगी तथा बैंक चेकिंग के अलावा आपातकालीन समस्याओं से निपटेगी। डायल 112 बाइक सेवा लेने के लिए भी डायल 112 पर कॉल करना होगा। एसपी ने कहा कि नवादा शहर को चार जोन में बांटा गया है। सभी जोन में दो-दो बाइक से गश्ती होगी। बताया गया कि यह एक ऐसी प्रणाली है, जिसके जरिए आपात स्थिति में जरूरतमंद लोगों को तेज और कुशल तरीके से मदद और संचार की सुविधा दी जाती है। इस प्रणाली के तहत किसी भी तरह की इमरजेंसी में फंसे व्यक्ति को सिर्फ एक कॉल करके मदद मिल जाती है। इसके लिए पीड़ित को 112 नंबर पर कॉल करना होता है। कॉल आते ही कंप्यूटर अपने-आप पीड़ित का मामला रजिस्टर कर लेता है और एक यूनीकोड जेनरेट करता है। इसकी जानकारी पीड़ित के मोबाइल पर भी भेज दी जाती है साथ ही कॉलर का मोबाइल नंबर और बाकी की जानकारी ईआरएसएस के कंट्रोल रूम में मॉनिटर पर दिखने लगती है। इस सुविधा से आपात स्थितियों में त्वरित सेवा तो मिलेगी ही, अपराध नियंत्रण का भी बेहतर माध्यम साबित हो सकेगा।

## एक नजर

### कोवाली पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जमशेदपुर ।** कोवाली थाना अंतर्गत होटलों और दुकानों में गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी ओडीशा तिरिंग निवासी मोतीलाल साहू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उसको तिरिंग में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। वह क्षेत्र में पिछले 5 सालों से गांजा सप्लाई का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि कोवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में युवा पीढ़ी नशा का शिकार हो रहे हैं। जिसके बाद थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने 22 अप्रैल को प्रधान होटल में पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर गांजा बेचने वाले सुकू महाकुड़ को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं पूछताछ में उसने गांजा तस्कर मोतीलाल साहू की जानकारी भी पुलिस को दी थी। जिसके तहत पुलिस लगातार छापेमारी भी कर रही थी और अंततः उन्हें सफलता भी मिली।

### लोस झामुमो प्रत्याशी ने सोनारी गुरुद्वारा में टेका मत्था

**जमशेदपुर ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नामांकन करने के बाद प्रत्याशी वोट के लिए लोगों के घरों तक पहुंचने लगे हैं। जिसके तहत रविवार जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर महंती सोनारी गुरुद्वारा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मत्था टेककर आशीर्वाद भी लिया। उनके साथ जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी भी उपस्थित रहे। साथ ही गुरुद्वारा के प्रधान और सिख समुदाय ने उनका समर्थन करते हुए जीत दिलाने का दावा भी किया।वहीं समीर महंती ने कहा कि गरीब के बेटे को इतनी बड़ी जिम्मेवारी दी गई है। हम जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों और समस्याओं को भी उठा रहे हैं। जिसमें जनता का समर्थन भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह का रुझान देखने को मिल रहा है। उससे ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा के प्रत्याशी को बड़े अंतर से हराना है। चुनाव मैं नहीं बल्कि जमशेदपुर की जनता लड़ रही है। अंत में उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई समेत अन्य मुद्दों पर यहां की जनता भाजपा को हराएगी।

### प्रखंड से मजदूरों का हो रहा पलायन

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड में लगातार मजदूरों का पलायन जारी है। जिससे लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत घटने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि प्रखंड और जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर रही है। जिसमें प्रखंड कर्मी, पंचायत कर्मी, जेएसएसपीएल, शिक्षक, आंगनबाड़ी, मेठ, कृषि मित्र आदि का सहयोग लिया जा रहा है। बावजूद मतदान बेहतर होने की उम्मीद नहीं है। इसका मुख्य कारण क्षेत्र में रोजगार का आभाव है। प्रखंड में रोजगार के आभाव के कारण लगातार मजदूर पलायन कर रहे हैं। जिसकी सुध ना जनप्रतिनिधि ले रहे ळैं और ना ही प्रखंड प्रशासन।

### एटा मेंस नेशनल रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन

Conference
TA MEN'S ONAL
TOUR T 202

**जमशेदपुर ।** टाटा स्टील खेल विभाग 6 से 10 मई तक टाटा स्टील एटा मेंस नेशनल रैंकिंग टेनिस टूनामेंट का आयोजन करने जा रहा है। यह टूनामेंट जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और एनआईटी में खेला जाएगा। जिसमें 15 राज्यों झारखंड, तेलंगाना, तमिलनाडु, दिल्ली, असम, पश्चिम बंगाल, ओडिसा, मणिपुर, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से कुल 56 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस टूनामेंट में सिंगल मेंस के 32 और डबल मेंस के 16 प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। जिसके बाद विजेताओं को एक लाख रुपए नकद इनाम राशि प्रदान की जाएगी। उक्त जानकारी स्पोर्ट्स विभाग के हेड मुकुल विनायक चौधरी ने प्रेसवार्ता कर दी। मौके पर अन्य भी मौजूद थे।

### इंदुमती टिबड़ेबाल सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन

# विद्या भारती के बच्चे हर क्षेत्र में कर रहे हैं शानदार प्रदर्शन

**संवाददाता**

**चतरा।** शनिवार को जिला मुख्यालय में दीभा स्थित इंदुमती टिबड़ेबाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड अधीविध परिषद द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ खेलो झारखंड के तहत एसजीएफआई में क्वालीफाई करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, हजारीबाग विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा, विद्यालय के संरक्षक विजय अग्रवाल, अध्यक्ष संतन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष मुकेश साह, हजारीबाग विभाग सह प्रमुख व कुम्हरटोली विद्या मंदिर के प्राचार्य ब्रजेश सिंह व विद्यालय प्राचार्य रमेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अभिनंदन गीत के साथ मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। परिचय सह स्वागत विद्यालय के प्राचार्य श्री सिंह ने की। परीक्षा परिणाम वृत प्रस्तुति सह पारितोषिक वितरण पंकज पाण्डेय ने किया। ज्ञात हो कि इंदुमती टिबरेवाल विद्यालय के 250 विद्यार्थी जैक बोर्ड परीक्षा में सम्मलित हुए थे। जिनमें सक्षम वर्मा ने पूरे झारखंड में पांचवा और अपने चतरा शहर में पहला रैंक व रिशु राज दूसरा रैंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। दोनों सफल विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबन्धन द्वारा टैब देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं जैक बोर्ड में टॉप 10 में आने वाले 20 परीक्षार्थियों को व एसजीएफआइ में क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को स्मार्ट वॉच, प्रशस्ति पत्र और शेष उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट फाइल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र, तुलसी का पौधा व धार्मिक ग्रंथ भेट कर सम्मानित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि विद्या भारती विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां के विद्यार्थियों ने दोनों विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और विद्या भारती का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में बदलते रिश्ते में चरित्र ही सबसे बड़ी पूंजी है।

### डॉ. बीआर कॉम्न ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हुए विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**चतरा।** आदर्श पब्लिक स्कूल हंटरगंज के छात्रों ने स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन द्वारा हजारीबाग में आयोजित डॉ. बीआर अंबेडकर ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 2024 में लहराया परचम। स्कूल प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित कर हौसला अफजाई की है। बीते 14 अप्रैल 2024 को हजारीबाग में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में आदर्श पब्लिक स्कूल हंटरगंज के कक्षा चार के सिद्धांत कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 16 वां रैंक प्राप्त कर स्कूल व प्रखंड का नाम रोशन किया है। साथ ही कक्षा 4 के अंकित कुमार ने 23वां, सुमन कुमार 23वां व आयुष कुमार ने 25वां रैंक लाया।

## ब्राइट कोचिंग सेंटर के मैट्रिक एवं इंटर में प्रथम श्रेणी लाने वाले विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

### संस्था के 60 में 53 बच्चों प्रथम श्रेणी से हुए सफलता, इंटर के सभी 11 रहे प्रथम

**संवाददाता**

**प्रतापपुर(चतरा)।** विगत 10 वर्षों से प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में संचालित ब्राइट कोचिंग सेंटर के माध्यम से तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षाओं में हर बार उम्दा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। 2024 में भी ब्राइट कोचिंग सेंटर से तैयारी कर मैट्रिक परीक्षा में शामिल 60 में से 53 विद्याथियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता अर्जित की है। वही इंटरमीडिएट आर्टस की तैयारी कर रही सभी 11 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से पास कर अपने गांव, माता-पिता और कोचिंग का नाम को रोशन किया है। विद्याथियों की सफलता पर कोचिंग संचलिका श्रुति रानी ने समारोह आयोजित कर सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित करने के साथ प्रोत्साहित किया। मैट्रिक में नीतीश कुमार, मनीष कुमार, अमरेश कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, विष्णु कुमार, राहुल कुमार, कल्पना कुमारी, पम्मी कुमारी, रानी कुमारी, संजीत कुमार, प्रीति कुमारी एवं इंटर के फिजा खानम, राधा कुमारी, रंजू कुमारी, गुलराज प्रवीण, शाजिया परवीन, गुड़िया कुमारी, नीतू कुमारी, सत्यवती कुमारी, सहाना कुमारी, निश्वत कुमारी, नीतू कुमारी को अच्छा प्रदर्शन करने पर रजिस्टर, कलम देकर प्रोत्साहित करते हुए हॉसला बढ़ाया। बच्चों ने भी शिक्षिका के आशीर्वाद लिये। वहीं बच्चों को संबोधित करते हुए कोचिंग संचालिका ने बताया कि वैसे बच्चे जो बिल्कुल निर्धन है कोचिंग करने में सक्षम नहीं है उन्हें निःशुल्क यहां पढ़ने की सुविधा प्रदान की जाती है। बताते चले की ब्राइट कोचिंग सेंटर वर्तमान समय में बैंक आफ इंडिया प्रतापपुर के समीप संचालित है।

## ग्रिजली विद्यालय में प्रेम रावत टीम की करियर संबंधित प्रेरक सत्र संपन्न

**संवाददाता**

**कोडरमा ।** तिलैया डैम स्तिथ ग्रिजली विद्यालय में स्टूडेंट सर्विस सेल के द्वारा प्रेम रावत टीम राज विद्या केंद्र के सौजन्य से करियर संबंधित प्रेरक सत्र आयोजित किया गया। कक्षा नवमी, ग्यारहवीं एवम बारहवीं के छात्रों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में उदय कुमार, पोस्टल इंस्पेक्टर मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए और छात्रों को प्रेम, शांति, सद्भावना के साथ साथ कैरियर संबंधित प्रेरक सत्र छात्रों के साथ आयोजित किया। इसके अलावा श्री प्रेम रावत फाउंडेशन के द्वारा चल रहे शांति कार्यक्रम के बारे में भी छात्रों को वीडियो के द्वारा बताया। इससे पूर्व विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने मुख्य वक्ता एवम अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में शांति के अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं और उनमें से एक श्री प्रेम रावत फाउंडेशन टीम के द्वारा किया जा रहा अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की इस प्रकार के सत्र से छात्रों को शांति, सद्भावना जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने में सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में छात्रों की भी भागीदारी सराहनीय थी एवम छात्रों ने मुख्य वक्ता से इस विषय पर अनेकों प्रश्न किए जिनका उत्तर मुख्य वक्ता के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार चौधरी, बुद्ध देव नस्कर, स्टुडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स संयोजक सुनील साव, शिक्षक संतोष कुमार , शफीक आलम एवं अन्य उपस्तिथ थे।

## पदयात्रा कर डोर टू डोर सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया

**संवाददाता**

**कोडरमा ।** कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने बताया कि कोडरमा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी कामरेड विनोद कुमार सिंह के पक्ष में झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चुनाव संचालन समिति के तमाम पदाधिकारी के साथ उपस्थित होकर हम सब पदयात्रा कर डोर टू डोर सघन जनसंपर्क अभियान चला रहे है , जिसमें आम जनों के बीच विनोद सिंह के प्रति अप्रत्याशित लगाव एवं रुझान देखने को मिल रहा है। इंडिया गठबंधन के सभी साथी आम जनों से आगामी 20 मई को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए झंडे पर तीन तारा चुनाव चिन्ह पर वोट देकर इंडिया गठबंधन को जीतने का निवेदन कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का अब तक का सबसे बेहतरीन मेनिफेस्टो जिसमें महिला न्याय ,युवा न्याय , किसान न्याय, मजदूर न्याय एवं भागीदारी न्याय की बात की गई है, पर जनता का विश्वास बढ़ता जा रहा है। सहाय ने कहा की प्रधानमंत्री के झारखंड का पहला चुनावी दौरा को यहां की जनता ने नकार दिया सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ता ही दिखे जबकि पीएम के दोबारा झारखंड के दौरा में बगोदर में जनसभा करने की घोषणा यह स्पष्ट संकेत देता है कि झारखंड के 14 लोकसभा में भाजपा पहली सीट जो हार रही है वह कोडरमा ही है। झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगातार जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को झंडे पर तीन तारा चुनाव चिन्ह पर आगामी 20 मई को वोट देकर जीतने की अपील करने वालों में मजदूर नेता प्रेम प्रकाश, इन्द्रदेव राम, संदीप कुमार, प्रेम पांडेय, दामोदर यादव, संजय पांडेय, सईद नसीम, आशीष पांडे, प्रभात कुमार राम, दीपक विश्वकर्मा, चांद आलम, चरणजीत सिंह, नवल पांडे, दिलीप यादव, मो सद्दाम, रामदेव सिंह शंभू पासवान राजेंद्र भुईयां ,नागेश्वर दास ,कुंदन यादव, जालिम भुईयां ,राजेंद्र पासवान, महेश दास, धीरज यादव, कुलदीप यादव सहित इंडिया गठबंधन के सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

## आजादी से आज तक बिजली नहीं तो वोट नहीं एवं वोट बहिष्कार का फैसला

**संवाददाता**

**कोडरमा ।** सूचना अधिकार मंच सचिव आर के बसंत ने आजादी से आज तक फुलवरिया बिरहोर टोला में बिजली नहीं रहने के कारण यहां के निवासियों द्वारा इस चुनाव में वोट बहिष्कार का निर्णय लेने पर शासन से लेकर प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया है। इस टोले में 75-80 घर है जिसकी आबादी 500-550 है, परंतु आज तक बिजली से मरहूम, वहीं बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफर एवं पोल द्वारा पूरे टोले में पूर्व में ही केबल लगाया जा चुका है जो शोभा की वस्तु बन लोगों को चिढ़ा रहा है। पास में ही जंगल के बीच डुमरियाटांड़ है, जहां वर्षों से बिजली है। ध्पवजाधारी पहाड़ के द्वार से कच्चा रास्ता वन विभाग होकर फुलवरिया जाता है जिसके किनारे पोल लगाकर बिजली पहुंचाई जा सकती है एवं इस संबंध में लगातार आवाज उठाई जा रही है पर जनप्रतिनिधि भी आज तक चुप्पी साधे हैं जबकि वोट पाने हेतु लगातार झूठा आश्वासन देते आ रहे हैं। इस टोले के चारों ओर जंगल होने के कारण भालू एवं विषैले जीव जंतु के यहां आ जाने से लोग दहशत में रहने को मजबूर हो जाते हैं। यहां पानी की समस्या भी विकराल रुप ले चुकी है। इसी आक्रोश में इस बार पूरे टोले की जनता ने नारा दिया है कि आजादी से आज तक बिजली नहीं तो वोट नहीं एवं वोट बहिष्कार का फैसला लिया है।

# पहली बार 1971 में कांग्रेस का चतरा में खुला था खाता

लोकसभा
झारखण्ड
चतरा

**अरवींद कुमार**

**चतरा।** लोकसभा के आम चुनाव में 1984 के बाद चतरा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस को जित नही मिली है। यहां पहली बार 1971 में कांग्रेस को जित मिली थी। चतरा संसदीय क्षेत्र 1957 में अस्तित्व में आया था और उस समय से लगातार 1971 के चुनाव से पूर्व तक रामगढ़ राजा बसंत नारायण सिंह की धर्मपत्नी विजया राजे यहां की सांसद रहीं। उन्होंने 1957 के चुनाव में कांग्रेस के चपलेंदु भट्टाचार्य को, 1962 के चुनाव में त्रिभुवननाथ को और 1967 के चुनाव में कांग्रेस के ही एसपी भदानी को हराया था। लेकिन 1971 के चुनाव में विजया राजे कांग्रेस के उम्मीदवार शंकर दयाल सिंह के हाथों पराजित हो गई। इस तरह से संसदीय क्षेत्र के अस्तित्व में आने के बाद पंद्रह वर्षों बाद कांग्रेस उम्मीवार की यहां से जीत हुई थी। लेकिन जेपी आंदोलन में कांग्रेस बिखर गई और 1977 के चुनाव में जनता पार्टी के उम्मीदवार सुखदेव प्रसाद वर्मा ने शंकर दयाल सिंह को पराजित कर दिया था। लेकिन 1980 में हुए मध्यावति चुनाव में कांग्रेस के रंजीत सिंह निर्वाचित हुए थे। उन्होंने जनता पार्टी के संखदेव प्रसाद वर्मा को हराया था। उसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश में कांग्रेस की लहर थी और कांग्रेसी उम्मीदवार योगेश प्रसाद योगेश निर्वाचित हुए। उन्होंने सुखदेव प्रसाद वर्मा को हराया और 1971 से 1984 के बीच तीन बार कांग्रेस यहां से जीत दर्ज की। लेकिन 1984 के बाद से 2019 तक कांग्रेस चतरा से जीत के लिए तरस रही है। 1984 के बाद कांग्रेस को जीत मिली है। 1989 के चुनाव में जनता दल के उपेंद्रनाथ वर्मा ने योगेश प्रसाद योगेश को हराया था। 1991 के चुनाव में कांग्रेस का स्थान भाजपा ने ले लिया और भाजपा उम्मीदवार धीरेंद्र अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस प्रत्याशी नागमणि तीसरे स्थान पर थे। 1996 के चुनाव में भाजपा यहां से निर्वाचित हुई। धीरेंद्र अग्रवाल पहली बार भगवा झंडा को लहराया और जनता दल के कृष्णनंदन वर्मा दूसरे स्थान पर रहे। 1998 के चुनाव में एक बार फिर धीरेंद्र अग्रवाल ने बाजी मारी और राजद के उम्मीदवार नागमणि दूसरे स्थान पर रहे। 1999 के चुनाव में राजद से चुनाव में नागमणि आए और भाजपा के धीरेंद्र अग्रवाल को पराजित कर दिया। 2004 के चुनाव में धीरेंद्र और नागमणि दानों ने पाला बदल, धीरेंद्र अग्रवाल राजद के उम्मीदवार बने तो नागमणि भाजपा के। जिसमें जीत राजद को मिली। 2009 के चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार इंदर सिंह नामधारी निर्वाचित हुए और दूसरे स्थान पर कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू रहे। इसी प्रकार 2014 के चुनाव में भाजपा के सुनील कुमार सिंह जीत दर्ज की और कांग्रेस के धीरज साहू मुख्य प्रतिद्वंद्वी रहे।

### कार चालक ने स्कूटी सवार महिला को मारी टक्कर

**जमशेदपुर ।** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत ओ रोड जी टाउन क्लब के पास रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार के चालक ने अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान कार स्कूटी को टक्कर मारते हुए क्वार्टर में जा घुसी। जिससे स्कूटी सवार महिला घायल हो गई। साथ ही क्वार्टर की दीवार भी टूट गई। जबकि घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया। जिसके बाद घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार चालक को हिरासत में लेकर थाने चली गई। मामले में बताया जा रहा है कि कार ओ रोड से होते हुए ।

## एसएसपी ने ट्रैफिक जवानों के बीच बांटी छतरी, घड़ा और तौलिया

**संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के चौक चौराहों पर तैनात यातायात पुलिस द्वारा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए जमशेदपुर ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच रविवार छतरी, घड़ा और तौलिया का वितरण किया गया। वहीं जमशेदपुर पुलिस और सामाजिक संस्था मित्र हेल्दी ह्यूमिनिटी के तत्वावधान में साकची थाना परिसर स्थित सीसीआर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसएसपी किशोर कौशल ने ट्रैफिक जवानों के बीच धूप से बचने के लिए सामग्री का वितरण किया। इस दौरान एसएसपी ने कहा कि इस भीषण गर्मी में ट्रैफिक पुलिस के जवान लगातार धूप में खड़े होकर ड्यूटी करते हैं और ऐसे में उनकी तबीयत का ख्याल रखते हुए जमशेदपुर पुलिस और सामाजिक संस्था मित्र हेल्दी ह्यूमिनिटी द्वारा उक्त पहल की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी आशु दोदराजका का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# झांसी का लाल सौरभ यूरोप दौरे पर दिखायेगा हॉकी का कमाल

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में चयन होने पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर

**-22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी**

**-28 मई को जर्मनी के खिलाफ जर्मनी में खेलेगी**

**झांसी। एजेंसी**

यूरोपीय दौरे के लिए हॉकी इंडिया की जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा होते ही नगर के खेल प्रेमियों में खुशी की लहार दौड़ गई, क्योंकि झांसी के लाडले सौरभ आनंद को भारतीय टीम में जगह जो मिली है। सौरभ ने खेल विशेषज्ञ बृजेन्द्र यादव से बातचीत करते हुए कहा कि दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना शानदार होगा। यह दौरा एक शानदार अनुभव होगा और यह मूल्यांकन करने में बहुत मददगार होगा कि हम एक टीम और व्यक्तिगत खिलाड़ी के रूप में कहां खड़े हैं। यह हमारी ताकत का पता लगाने और हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, इसका पता लगाने का एक शानदार तरीका होगा।

भारतीय टीम में चयन पर सौरभ ने कहा कि माता पिता, झांसी के सभी हॉकी प्रेमियों और शुभचिन्तकों के आशिर्वाद का ही परिणाम है कि आज फिर यूरोपीय दौर के लिए टीम इंडिया का हिस्सा बन पाया। फोरवर्ड लाइन में सौरभ इससे पूर्व जूनियर विश्व कप और एशिया कप में भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है। उन्होंने कहा कि टीम के कोच जनार्दन

जर्नलिस्ट और मो. इंतिखाब आलम सर के द्वारा बनाई रणनीति के आधार पर ही इस दौरे के मैचों में हम सब बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारतीय जूनियर हॉकी टीम 20 से 29 मई 2024 के बीच इस दौरे पर टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड्स क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ तीन देशों में पांच मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया की पहल के तहत भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी, ताकि टीम को अनुभव प्राप्त करने में मदद मिल सके। वे अपना पहला मैच 20 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे, उसके बाद 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी।

इसके बाद भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी, उसके बाद 28 मई को जर्मनी के खिलाफ जर्मनी में खेलेगी। टीम 29 मई को अपने दौरे के अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी।

## एक नजर

### भारतीय पुरुष और महिला एथलेटिक्स रिले टीमें ओलंपिक कोटे से चूकी



**नासाउ।** भारतीय पुरुष, महिला और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 24 में संबंधित स्पधाओं में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहने के कारण पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा सुरक्षित करने से चूक गई। शनिवार को बहामास के नासाउ में राजेश रमेश, रूपल, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्री दांडी की मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी थॉमस ए रॉबिन्सन स्टेडियम में ट्रैक पर उतरने वाली पहली भारतीय टीम थी, लेकिन हीट 2 में 3:20.36 के समय के साथ वह छठे स्थान पर रहे। मुहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मुहम्मद अजमल और अमोज जैकब की भारतीय पुरुष टीम 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम हीट 4 में अपनी रेस पूरी नहीं कर पाई। इस टीम ने 2023 हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था और इस स्पर्धा में राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड भी बनाए थे।

### चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप का खिताब फाइनल में इंडोनेशिया को हराया

**चेंगदू।** चीन ने रविवार को यहां इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर अपना 16वां उबेर कप खिताब जीता। दो साल पहले दक्षिण कोरिया से फाइनल हारने के बाद, 2016 के बाद पहली बार चीनी धरती पर आयोजित चैंपियनशिप में चीन को प्रबल दावेदार माना जा रहा था। ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने एकल मुकाबले में बढ़त बनाई और ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को 21-7, 21-16 से हराकर चीन को 1-0 की बढत दिलाई। विश्व की नंबर 1 जोड़ी चेन किंगचेन और जिया यिफान ने युगल मुकाबले में सिती फादिया सिल्वा रामधंती और रिबका सुगियार्तो को 21-11, 21-8 से हराकर चीन को 2-0 से आगे कर दिया। इसके बाद दूसरे एकल में इंडोनेशियाई किशोरी एस्टर नूरुमी ट्राई ने पहला सेट 21-10 से जीत लिया, लेकिन ही बिंगजियाओ ने वापसी करते हुए 21-15, 21-17 से जीत दर्ज की और खिताब अपने नाम किया। यह युवा इंडोनेशियाई खिलाड़ियों के लिए भी ऐतिहासिक दिन था, क्योंकि उन्होंने 2008 के बाद पहली बार टीम को फाइनल में पहुंचाया था। जापान और दक्षिण कोरिया ने कांस्य पदक साझा किया।

### पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक

**लंदन।** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू के मैच में दूसरे दिन ससेक्स के लिए खेलते हुए भारतीय दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद (104) रनों की शतकीय पारी खेली। यह तीन सत्र में ससेक्स के लिए उनका नौवां शतक है। मैच में पुजारा के अलावा टॉम हेंस, टॉम एल्सॉप और जेम्स कोल्स ने भी अर्धशतक लगाए। ससेक्स ने डबीर्शायर के साथ खेले जा रहे मुकाबले में अब तक पांच विकेट पर 357 रन बना लिया है और उन्हें पहली पारी में 111 रनों की बढ़त मिल चुकी है। दिन के आखिर में लुईस रीस ने ससेक्स के दो विकेट लेकर डबीर्शायर को मैच में बनाए रखा है। ससेक्स को शुरूआत में एक विकेट गवां दिया था, लेकिन उसके बाद डबीर्शायर की गेंदबाजी में निरंतरता की कमी साफ तौर पर दिखी। हेंस ने केवल 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था और एल्सॉप के साथ उन्होंने 90 रनों की साझेदारी की थी। पुजारा ने दो साल पहले इसी मैदान पर दोहरा शतक लगाया था और उन्हें बल्लेबाजी के लिए आता देखना डबीर्शायर के लिए चिंता की बात थी। शाम के सत्र में ससेक्स ने मैच में अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू कर दी थी। पुजारा ने 74 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और इतनी ही गेंदों में कोल्स का भी अर्धशतक बनाया।

### भारतीय ट्रैप निशानेबाजों ने किया निराश

नई दिल्ली। भारतीय ट्रैप निशानेबाज विवान कपूर बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश करने में असफल रहे। विवान टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन काउर्ड-होली के साथ शूट-ऑफ में 2-3 से हारकर बाहर हो गए। विवान ने क्वालीफिकेशन राउंड में 120 अंक बनाए और छठे तथा अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए तीन निशानेबाजों के शूट-ऑफ में जगह बनाई, जिसमें आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ'सुलिवन और काउर्ड-हॉली भी शामिल थे। इयान अपना पहला शॉट चूक गए और पहले स्थान से हट गए, जबकि विवान लगातार लड़ते रहे लेकिन उनका तीसरा शॉट चूक गया, काउर्ड-हॉली ने तीनों निशाने साधे और आगे निकल गए। विवान को सातवें स्थान से संतोष करना पड़ा। विवान के अलावा पृथ्वीराज टोंडाइमन (स्कोर 117, रैंक 24) और भौनीश मेंदीरत्ता (स्कोर 116, रैंक 39) का भी पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में राजेश्वरी कुमारी (स्कोर 108) निराशाजनक 23वें स्थान पर रहीं, जबकि श्रेयसी सिंह (स्कोर 107, रैंक 29), मनीष कीर (स्कोर 105, रैंक 38) सूची में और भी पीछे रहीं।

# सीएसके के तेज गेंदबाज मथीसा श्रीलंका लौटे

**नई दिल्ली। एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौटेंगे। सीएसके ने रविवार को उक्त जानकारी दी। पथिराना का चोटिल होना सीएसके के लिए हुत बड़ा झटका है, जो डेथ ओवरों में टीम के लिए काफी प्रभावी रहते हैं। सीएसके ने रविवार को एक बयान में कहा मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं और आगे के इलाज के लिए श्रीलंका लौटेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स पथिराना के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। हालांकि सीएसके ने यह नहीं बताया कि मथीशा पथिराना सीजन के आखिरी चरण में वापसी करेंगे या नहीं। सीएसके प्लेऑफ में

पहुँचने की दौड़ में बनी हुई है, जिसने अपने पहले 10 मैचों में से 5 जीते हैं। मथीशा पथिराना आईपीएल 2024 में 6 मैचों में 13 विकेट लेकर उनके दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

आगे बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफि जुर रहमान हैं, जिन्होंने 9 मैचों में 14 विकेट लिए थे। सीएसके आईपीएल 2024 के लीग चरण के अंत में पथिराना और मुस्तफिजुर रहमान दोनों के बिना है। लीग के शेष मैचों के लिए पथिराना की उपलब्धता अनिश्चित है, जबकि मुस्तफिजुर उनके अभियान में आगे हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज 2 जून से शुरू होने वाले टी 20 विश्व कप 2024 से पहले राष्ट्रीय कर्तव्य के लिए स्वदेश लौट गए हैं।

### मयंक आईपीएल से बाहर हुए : कोच लैंगर

मुम्बई। आईपीएल 2024 के इस सत्र में अपनी सबसे तेज गेंदों के कारण आकर्षण का केन्द्र बने युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। मयंक अभी तक अपनी चोट से नहीं उबरें हैं। मयंक का बाहर होना उनकी टीम लखनऊ सुपर जॉयंट्स के लिए एक बड़ा झटका है। सुपर जॉयंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने भी कहा है कि अब मयंक इस सत्र में आगे नहीं खेल पायेंगे। मयंक पेट के निचले हिस्से की मांसेपेशी में चोट के कारण इस सत्र से बाहर हुए हैं। उन्होंने इस आईपीएल में अपनी तेज गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया है। इस सत्र में उन्होंने 4 मैच में 7 विकेट लिए। अपने पहले दोनो मैचों में वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। सुपर जॉयंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा हम उम्मीद करेंगे कि वह आगे प्लेऑफ में खेल पाये पर उन्हें ऐसा होता हुआ नहीं दिखता। आईपीएल में रिकार्ड 155 की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले मयंक तीसरे और चौथे मैचों में अपने चार ओवर का कोटा भी पूरा नहीं कर सके थे। वहीं लैंगर ने कहा मयंक का स्कैन कराया गया है और उसे उसी जगह पर चोट लगी जहां पहले लगी थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, उसे बुमराह ने बताया कि चोटें तेज गेंदबाज के करियर का हिस्सा होती हैं। मयंक ने 30 मार्च को एलएसजी की ओर से आईपीएल में अपना पहला मैच खेला था। इसमें उन्होंने 155 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी।

## नाडा अधिकारियों को नमूना देने से कभी इनकार नहीं किया : पुनिया

● प्रतियोगिता या गतिविधि में भाग लेने से अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

रविवार को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा निलंबन के बाद पहलवान बजरंग पुनिया ने इस मुद्दे पर कहा कि उन्होंने डोपिंग परीक्षण के लिए नाडा अधिकारियों को अपने नमूने देने से कभी इनकार नहीं किया। बजरंग ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट किया मुझे डोप टेस्ट के लिए कहे जाने की खबर पर मैं स्पष्टीकरण देना चाहता हूं! मैंने नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से कभी इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे पहले मुझे जवाब दें कि उन्होंने मेरा नमूना लेने के लिए जो एक्सपायरी किट लाई थी, उस पर उन्होंने क्या कार्रवाई की और फिर मेरा डोप टेस्ट लें। मेरे वकील विदुष सिंघानिया समय पर इस पत्र का जवाब देंगे। नाडा ने पहलवान बजरंग पुनिया को अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया है। यह कदम संभावित रूप से पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने की उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकता है। सूत्रों के अनुसार, पुनिया 10 मार्च को सोनीपत में चयन ट्रायल के लिए अपना मूत्र का नमूना देने में विफल रहे, जिसके कारण नाडा ने उन्हें भविष्य के किसी भी आयोजन में भाग लेने से निलंबित करने का आदेश जारी किया। नाडा की ओर से 23 अप्रैल को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया नीचे दिए गए पैराग्राफ 4:1:2 के अधीन और नाडा 2021 के अनुच्छेद 7.4 के अनुसार, बजरंग पुनिया को इस मामले में सुनवाई में अंतिम निर्णय आने से पहले किसी भी प्रतियोगिता या गतिविधि में भाग लेने से तुरंत अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया है।

# भारत के तेजस्विन शंकर ने एरिजोना एथलेटिक्स मीट में ऊंची कूद स्पर्द्धा जीती

**एरिजोना। एजेंसी**

भारत के तेजस्विन शंकर ने यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल फेस्टिवल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्द्धा में 2.23 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीत हासिल की। शनिवार को एरिजोना विश्वविद्यालय के रॉय पी. ड्रैचमैन स्टेडियम में हुई स्पर्द्धा में संयोग से शीर्ष तीन एथलीटों ने समान 2.23 मीटर का मार्क दर्ज किया। अमेरिका के अर्नेस्ट सियर्स दूसरे और मैक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर को पहले प्रयास में ही क्लियरेंस हासिल करने के कारण विजेता घोषित किया गया। जबकि सियर्स और विल्चेस ने क्रमशः अपने दूसरे और तीसरे प्रयास में यह मार्क दर्ज किया था।

तेजस्विन शंकर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.29 मीटर है, जो 2018 में हासिल किया गया एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। इस बीच, एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सर्वेश कुशारे ने यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल में 2.13 मीटर की दूरी तय करके पांचवां स्थान हासिल किया, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर और पिछले महीने कैलिफोर्निया में माउंट सैक रिले में हासिल किए गए 2.23 मीटर के अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी कम है। एरिजोना में कुशारे 2.18 मीटर के निशान को पार करने के अपने तीनों प्रयासों में विफल रहे। उल्लेखनीय है कि 25 वर्षीय तेजस्विन शंकर ने इस वर्ष पांच स्पधाओं में भाग लिया है, वर्तमान में रोड टू पेरिस 2024 में 63वें स्थान पर हैं।

पांच में से, तेजस्विन शंकर ने तीन मीट जीती हैं - फरवरी में बेल्जियम में अंतरराष्ट्रीय ऊंची कूंद गाला एल्मोस और मार्च में कंसास में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल। पिछली तीन प्रतियोगिताएँ अमेरिका में हुई हैं।

## वाणिज्य

# वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल

**मुंबई। एजेंसी**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सप्ताह के अंतिम दिन भारी मुनाफावसूली के दबाव में आया घरेलू शेयर बाजार बीते सप्ताह मामूली बढ़त पर रहा और अगले सप्ताह उसकी दिशा दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर को लेकर आने वाले निर्णय, यूरो क्षेत्र के जीडीपी आंकड़े और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.99 अंक अर्थात 0.20 प्रतिशत बढ़कर सप्ताहांत पर 73878.15 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की मामूली बढ़त लेकर 22475.85 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली कंपनियों ने ऊंची

छलांग लगाई वहीं छोटी कंपनियों के शेयर गिर गए। मिडकैप 826.76 अंक अर्थात लगभग दो प्रतिशत उछलकर 42414.53 अंक पर पहुंच गया वहीं स्मॉलकैप 47.88 अंक यानी 0.1 प्रतिशत फिसलकर 47191.41 अंक रह गया।

विश्लेषकों के अनुसार, कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणम उम्मीद से थोड़ी बेहतर रहने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण सप्ताह के दौरान घरेलू बाजार की सकारात्मक शुरूआत हुई। हालांकि, महंगाई की ऊंची दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लगातार छठी बार यथावत रखने के फैसले के बाद वैश्विक बाजार में मिश्रित रुझान के कारण घरेलू बाजार में व्यापक सुधार हुआ।

इसके अलावा चौथी तिमाही के सकारात्मक नतीजों और बिजली की मांग में वृद्धि के कारण बैंकों और बिजली क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों तेजी का रुख रहा। वहीं, एफआईआई की लगातार जारी बिकवाली का असर लार्ज कैप शेयरों के प्रदर्शन पर पड़ा। एफआईआई इस वर्ष मई में अबतक 3,356.45 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे। इसी तरह अप्रैल में उसने बाजार से 35,692.19 करोड़ रुपये निकाले।

निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि अगले सप्ताह बाजार बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समीक्षा और यूरो क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आंकड़ों को लेकर सतर्क रहेगा। हमें उम्मीद है कि ऊंचे भाव और इस बार के लोकसभा चुनाव संबंधी किसी भी हलचल को लेकर बाजार में कुछ हद तक मजबूती आएगी। बीते सप्ताह बुधवार को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिनमें से दो दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही।

### खाद्य तेल और दालों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 76 रिंगिट गिरकर 3880 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.3 सेंट की गिरावट लेकर 43.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 147 रुपये, मूंगफली तेल 733 रुपये और सूरजमुखी तेल 72 रुपये प्रति क्विंटल गया जबकि सोया रिफाइंड 587 रुपये, पाम ऑयल 400 रुपये और वनस्पति तेल 667 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई।सप्ताहांत पर सरसों तेल 12820 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12088 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12308 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8800 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11333 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

### सोना और चांदी में जोरदार गिरावट

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में जोरदार गिरावट दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 2050 रुपये तथा चांदी 1000 रुपये सस्ती बिकी। कारोबार की शुरूआत में सोना 72350 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 70300 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरूआत 80350 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 79350 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 72350 नीचे में 70150 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 80350 तथा नीचे 79000 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 2302 डॉलर तथा चांदी 2656 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 637.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई। एजेंसी**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट आने से 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 637.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर 640.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 559.7 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.3 अरब डॉलर घटकर 55.5 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं,

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.5 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## एक नजर

### कृषि विभाग की ओर से छात्रों को दिया मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता का प्रशिक्षण

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के कृषि विभाग की ओर से जोशीमठ स्थित केंद्रीय विद्यालय के छात्रों को मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही छात्रों को स्थलीय निरीक्षण कराके मृदा नमूना एकत्रीकरण की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई। मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य ने बताया कि खरीफ फसलों के लिए मृदा परीक्षण की जानकारी देने के लिए जनपद चमोली के दो केंद्रीय विद्यालयों का चयन किया गया था। इसमें केंद्रीय विद्यालय जोशीमठ में छात्रों को मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता की जानकारी दी गई और सात मई को केंद्रीय विद्यालय ग्लवादम में छात्रों को मोबाइल एप के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य और सैंपल कलेक्शन की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लाक प्रभारी रघुवीर कामदी और मृदा परीक्षण प्रयोगशाला प्रभारी मांगेराम के माध्यम से छात्रों को मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता की जानकारी दी जा रही है।

### राजनाथ समेत अन्य प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार राजनाथ सिंह, समाजवादी पार्टी (सपा) के रविदास मेहरोत्रा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार सरवर मलिक के प्रचार में पार्टी कार्यकताओं ने ताकत झोंक दी। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा के लिए महिला नेत्रियों ने नाका हिण्डोला क्षेत्र में प्रचार किया। प्रचार में उतरीं महिला नेत्री पूजा ने मार्केट में व्यापारियों से रविदास मेहरोत्रा को जिताने की अपील की। वहीं इंदिरा नगर क्षेत्र में महिला नेत्री शिल्पी यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का प्रचार किया। शहर के विक्रमादित्य वार्ड में मार्टिनपुरवा क्षेत्र के भाजपा के कार्यकताओं ने मतदाताओं से संवाद कार्यक्रम किया।

### ईंट भट्ठा मालिक के घर 35 लाख की चोरी

**कानपुर।** कमिश्नरेट पुलिस की सक्रियता के बावजूद बेखौफ चोर चोरी की घटना को अंजाम देने से चूक नहीं रहे हैं। ऐसा ही एक मामला घाटमपुर कोतवाली के परास गांव में देखने को मिला, जहां बेखौफ चोर एक भट्ठा मालिक के घर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। मामले की जानकारी होते ही परिजनों के पैरो तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी, जहां मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सामाजिक युवा नेता विजय माली ने की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात

**राजस्थान।** नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र के जनसेवक सामाजिक युवा नेता विजय माली मावंडा ने राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की,पिछले तीन दिनों में माली की ये दूसरी मुलाकात है,माली पिछले कई वर्षों से सामाजिक आंदोलनों और सामाजिक मुद्दों में अपनी सक्रियता रूप से भागीदारी निभाते आये है और अब उन मुद्दों को समाज के बड़े नेता के समक्ष रखे है,माली ने कहा कि ये दोनों मुलाकाते ही गैर राजनीतिक रूप से की है,माली ने साथ ही कहा कि अगर सामाजिक मुद्दों के लिए किसी भी पार्टी के नेता या मंत्री से मिलना पड़े तो वो मुलाकात करेंगे और उनके समक्ष भी समाज के मुद्दों की बात रखेंगे,गहलोत साहेब ने पूरा अस्वासन दिया कि आपकी बातों जरूर विचार विमर्श करके अमल किया जाएगा।

### सुरक्षा जागरूकता के लिए निकाली बाइक रैली

**देहरादून।** फुटहिल चैप्टर देहरादून और तमतारा कैफे की ओर से सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह बाइक रैली देहरादून-हरिद्वार रोड से शुरू होकर सहस्त्रधारा-मसूरी रोड होते हुए राजपुर रोड के तमतारा कैफे तक आयोजित की गई। रविवार को आयोजित इस बाइक रैली में हार्ले डेविडसन के 1500 सीसी से ऊपर के सभी मॉडलों को राइडर्स ने शामिल किया और सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। फुटहिल चैप्टर देहरादून की ओर से 25 बाइक राइडर्स शामिल हुए और सुरक्षा जागरूकता अभियान का संदेश लोगों तक पहुंचा। फुटहिल चैप्टर देहरादून के निदेशक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि हमारे इस बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों में नशे में वाहन चलाने से बचाना, वाहन चलाने वक्त यातायात नियमों का पालन करना, वाहन चलाने वक्त सीट बेल्ट, हेलमेट को पहने रहना, वाहन चलाने वक्त अपने गति पर नियंत्रण रखना, पहाड़ी रास्तों पर वाहन चलाने वक्त अन्य वाहनों को रास्ता देना।

### कार को बचाने में पलटा सांची का ट्रक

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर इलाके में रविवार अलसुबह एक कार को बचाने के चक्कर में सांची का ट्रक पलट गया। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हुई, लेकिन चालक की जान बच गई। दो लोगों को मामूली चोट आई है जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी अनुसार घटना भमौरी चौराहे की है। कार क्रमांक एमपी 13 जेडडी 9232 रसोमा चौराहे से पाटनीपुरा की तरफ जा रही थी। कार तेज रफ्तार में थी। इस दौरान अचानक सामने से सांची दूध का ट्रक आ गया। कार चालक गति पर नियंत्रण नहीं कर पाया और ट्रक से टकरा गया। ट्रक चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया और ट्रक को घुमा दिया, जिससे ट्रक पलट गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। इधर हादसे के बाद सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को अस्पताल भिजवाया। वहीं दोनों गाड़ियों को थाने में खड़ा कर लिया है।

# अभी अमेठी छोड़ी है वायनाड भी छोड़ेंगे राहुल : पुष्कर सिंह धामी

- अपराधियों माफियाओं को ठीक ठिकानों पर ले जाने का काम उत्तर प्रदेश सरकार ने किया

**बदायूं। एजेंसी**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य के लिए रोड शो करने बदायूं पहुंचे। रोड शो करने से पहले मुख्यमंत्री धामी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर कहा कि अमेठी कांग्रेस की परम्परागत सीट है। अमेठी से इंदिरा गांधी चुनाव हारी, राजीव गांधी चुनाव हारे, लेकिन उन्होंने कभी अमेठी की सीट नहीं छोड़ी। यह पहली बार है कि राहुल गांधी ने वहां का रण छोड़ दिया है, एक तरह से भाग गए हैं। यह देश की जनता देख रही, राहुल गांधी ने अभी अमेठी छोड़ी है। वह वायनाड भी छोड़ेंगे। अब कांग्रेस पार्टी कहीं नहीं है। वह अपनी परंपरागत सीट भी छोड़ रहे हैं, उनकी जमीन अब नहीं बची है।

मुख्यमंत्री धामी ने यह भी कहा कि गठबंधन की हार होने वाली है, यह सारे हथकंडे अपनाते हैं कभी कहते हैं भाजपा वाले आरक्षण खत्म कर देंगे, कभी कहते हैं संविधान खत्म करने वाले हैं। इनको पता है चार जून को जब परिणाम निकलेगा तो मोदी जी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

श्री धामी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश बनाने का काम किया है। जनता से उसे भली भांति देख रही है। आज उत्तर प्रदेश विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है, उत्तर प्रदेश में आज गरीब कल्याण योजनाएं चलाई जा रहीं है।

जिसका जनता को लाभ मिल रहा है। पहले की सरकारों में अपराधियों का आतंक होता था। माफिया हावी होते थे, व्यापारी परेशान रहते थे,वसूली गैंग हावी रहते था। अब उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनकर उभर रहा है। सपा व बसपा की सरकारों में अपराधी हावी रहते थे,लेकिन आज उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त हो गया है। पूरी तरह रह से कानून व्यवस्था का राज हो गया है। आज अपराधियों माफियाओं को ठीक ठिकानों पर ले जाने का काम उत्तर प्रदेश सरकार ने किया है।

भाजपा में जो भी आएगा वह प्रक्रिया के तहत आएगा : धामी

-सपा द्वारा भाजपा पर लगाए जा परिवारवाद के आरोप को लेकर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा में जो भी आएगा वह प्रक्रिया के तहत आएगा। यहां पर अंतर यह है कि समाजवादी पार्टी को चलाने काम एक परिवार करता है। भाजपा को कोई परिवार नहीं चलाता है। जनता सब जानती है। इन मौके पर भाजपा प्रत्याशी हरीश शाक्य, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता,सहित तमाम पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारतीय चुनाव क्षेत्र अद्वितीय है : राजीव कुमार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के हिस्से के रूप में भारतीय आम चुनावों को देखने के लिए 23 देशों के 75 प्रतिनिधि भारत में हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन रविवार को नई दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की उपस्थिति में किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय चुनाव और चुनाव आयोग के प्रयास विश्व के लोकतांत्रिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। प्रक्रिया और क्षमता के संदर्भ में यह काफी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव क्षेत्र अद्वितीय है। यहां चुनावी पंजीकरण और मतदान दोनों ही अनिवार्य नहीं हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को पूरी तरह से प्रेरक के तौर पर काम करना होता है। नागरिकों को स्वेच्छा से मतदाता सूची का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करना और उसके बाद व्यवस्थित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना होता है। आयोजन से इतर आयोग ने कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान एवं नेपाल के मुख्य चुनाव आयुक्तों और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी की। इससे पहले, दिन में प्रतिनिधियों को ईवीएम-वीवीपैट, आईटी पहल, मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका सहित भारतीय आम चुनाव 2024 के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई।

### योग से तन-मन स्वस्थ्य होता है : गणेश जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को बीएस नेगी महिला प्राविधिक प्रशिक्षण संस्थान ओएनजीसी कोलागढ़ में दून योगपीठ देहरादून की ओर से तीन से पांच मई तक आयोजित हुए तीन दिवसीय नौवां दून योग महोत्सव 2024 के समापन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने योग महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया। मंत्री जोशी ने कहा कि योग भारत वर्ष की प्राचीन धरोहर, योग से तन और मन स्वस्थ होता है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति की मनोबल, एकाग्रता, पढ़ने की क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने देश और विदेश में आज योग को एक नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि योग हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए भी प्रेरित करता है। इस अवसर पर राज्य मंत्री विनोद उनियाल, संस्थापक योगाचार्य डॉ. विपिन जोशी, नमिता ममगाई, प्राचार्य बीएस नेगी, प्रो. कंचन जोशी, अनिल, विजेंद्र सिंह, मधु सेमवाल, मथुरा दत्त जोशी, एसपी रयाल आदि उपस्थित थे।

## हमास के बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर इजराइल में प्रदर्शन

**तेल अवीव। एजेंसी**

हमास आतंकियों की तरफ से गजा में बंधक बनाए गए इजराइलियों की रिहाई की मांग को लेकर शनिवार देर रात इजराइल में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने देश के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर देश को युद्ध की आग में झोंकने का आरोप लगाया। यह प्रदर्शन उस समय हो रहा है जबकि शनिवार को ही काहिरा में मिस्र और कतर की मध्यस्थता में गजा में संघर्ष विराम को लेकर समझौता वार्ता शुरू हुई जो पहले दिन बेनतीजा रहने के बाद रविवार को भी जारी रहेगी। इस वार्ता में हमास के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। समझौता वार्ता में इजराइल ने अपने बंधकों की रिहाई के बदले 40 दिनों के संघर्ष विराम की पेशकश की है। इस दौरान इजराइल भी फिलिस्तीनी बंधकों को रिहा करेगा। इजराइल और हमास के बीच पिछले करीब सात माह से संघर्ष चल रहा है। हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइली शहरों पर हजारों रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास आतंकियों ने इजराइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया। जिसमें गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा के अधिकारियों का दावा है कि 7 अक्तूबर के बाद से गाजा में इजराइल के हमलों अबतक उसके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

हालांकि इजराइल के हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका के बाद कई दूसरे देशों में भी इजराइल के खिलाफ नाराजगी देखी जा रही है। अमेरिकी विश्वविद्यालयों से शुरू हुआ प्रदर्शन का यह सिलसिला फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड व स्वीट्जरलैंड तक पहुंच गया।

## मौसम की खराबी से सीजेआई चंद्रचूड़ नहीं कर पाए मुक्तिनाथ के दर्शन, भारत लौटे

- जस्टिस चंद्रचूड़ के मुक्तिनाथ दर्शन के लिए तीन हेलीकॉप्टर स्टैंड बाई पर रखे गए थे

**काठमांडू। एजेंसी**

तीन दिनों के नेपाल दौरे पर आए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ मौसम खराबी के कारण मुक्तिनाथ के दर्शन नहीं कर पाए। उनका एवरेस्ट बेस कैंप पर भी जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया, जिसके बाद सीजेआई भारत लौट गए हैं। नेपाल की सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश के निमंत्रण पर आए जस्टिस चंद्रचूड़ का आज तीसरे दिन पोखरा होते हुए मुक्तिनाथ और एवरेस्ट बेस कैंप जाने का कार्यक्रम तय था। सर्वोच्च अदालत के प्रधान न्यायाधीश विश्वम्भर श्रेष्ठ ने बताया कि नेपाल आने के बाद भगवान पशुपतिनाथ और मुक्तिनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए सीजेआई की व्यक्तिगत इच्छा थी। परिवार सहित नेपाल आए जस्टिस चंद्रचूड़ के मुक्तिनाथ दर्शन के लिए तीन हेलीकॉप्टर स्टैंड बाई पर रखे गए थे।

काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास की प्रवक्ता गीतांजलि ने बताया कि पोखरा में रहे भारतीय सेना के पेंशन कैंप ऑफिस से उनके परिवार को पहले मुक्तिनाथ का दर्शन करने जाने और वापसी में एवरेस्ट बेस कैंप जाने का कार्यक्रम तय किया गया था। बीती रात से ही मुक्तिनाथ और एवरेस्ट बेस कैंप जाने के एयर रूट का मौसम बिगड़ने से सीजेआई का दौरा रद्द कर दिया गया। इसके बाद वे परिवार के साथ भारत लौट गए हैं।

## कुछ लोग अपने फायदे के लिए किसानों का कर रहे इस्तेमालः अशोक

**फतेहाबाद। एजेंसी**

सिरसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर ने कहा कि देश का भला कोई कर सकता है तो वह भाजपा पार्टी ही है। भाजपा के शासन में 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जिस बुलंदियों तक पहुंचाया है, उसको कायम रखने के लिए तीसरी बार भाजपा का सत्तासीन होना बेहद जरूरी है।

वे चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न स्थानों पर सभाओं को संबोधित कर रहे थे। रविवार को तंवर ने सुबह 9 बजे रतिया हलके के गांव रायपुर ढाणी, सहनाल में जनसभा कर अपने रोजमर्रा के कार्यक्रम की शुरूआत की। सुबह सवा 10 बजे श्री कृष्ण गौशाला में जलपान के बाद पदमावती धाम में दर्शन किए और प्रार्थना की। तत्पश्चात पौने 12 बजे वार्ड 4 पुरानी गौशाला में बाबा तेजगर डेरा में जाकर प्रार्थना की।

इसके बाद रतनगढ, मिराना, बलियाला, बोड़ा, खाई, महम्मदकी, पिलछिया, लदुवास, सरदारेवाला, लुठेरा, ब्रह्मणवाला व नंगल सहित रतिया हलके के अनेक गांवों में एक के बाद एक जनसभाएं कर लोगों का सहयोग व समर्थन मांगा। अशोक तंवर ने कहा कि कुछ लोग किसानों का अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। किसानों को गुमराह कर उन्हें भडकाने का काम किया जा रहा है।

## मैंने निभाया राजधर्म, भाजपा ने आपदा प्रभावितों को दिखाई पीठः सुखविंदर

**शिमला। एजेंसी**

कसौली विधानसभा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में खरीद-फरोख्त की राजनीति शुरू कर राज्य की संस्कृति को कलंकित किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी से गद्दारी कर छह कांग्रेस विधायक राजनीतिक मंडी में बिके और अब खरीद फरोख्त की राजनीति पर पूर्ण विराम लगाने की ज़िम्मेदारी प्रदेश के मतदाताओं की है। अगर खरीद फरोख्त की राजनीति को अभी सबक नहीं सिखाया तो यह आगे भी चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास धन बल नहीं है, बल्कि जनबल ही पार्टी की ताकत है। यह लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है और आने वाले चुनाव में प्रदेश के मतदाता भाजपा को एक राज्यसभा सीट चुराने की सजा देकर लोकसभा की चारों सीटें कांग्रेस पार्टी के नाम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले वोट खरीदने के लिए पैसा लेकर आएँगे। आप पैसे रख लेना लेकिन वोट कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को ही देना। मुख्यमंत्री ने कहा कि दागियों ने जनता के साथ नमक हरामी की है और जन भावनाओं से खिलवाड़ किया है।

उन्होंने कहा कि पार्टी से गद्दारी करने के बाद बिके हुए विधायक एक महीने तक प्रदेश से बाहर भागते रहे और उनके परिवार के सदस्य भी उनके लिए चिंतित थे। उन्होंने कहा कि एक दिन अचानक दागियों ने दिल्ली जाकर भाजपा का पटका पहन लिया। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ऐसा पहली बार है जब निर्दलीय विधायक हाथ में इस्तीफा लेकर घूम रहे हैं, प्रदर्शन कर रहे हैं और कोर्ट जा रहे हैं।

### भाजपा ने स्मार्ट सिटी के नाम पर देहरादून की दुर्दशा की : नवीन

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और वॉर रूम के चेयरमैन नवीन जोशी ने रविवार को रायपुर क्षेत्र के अन्तर्गत जयपुर में जनसंवाद से जनसमर्थन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय लोगों से जनसम्पर्क कर नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। जोशी ने कहा कि देहरादून शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर पूरे देहरादून की दुर्दशा कर दी गयी है, जगह जगह सड़कें और नालियां खोदकर जनमानस का जीना दूभर कर दिया है। लेकिन भाजपा पूरे शासन काल में सिर्फ और सिर्फ जुमलेबाजी में लगी रही, वे न तो देहरादून को स्मार्ट सिटी बना पाये और न ही लोगों का उत्थान कर पाये। उन्होंने कहा कि अगर देहरादून में कांग्रेस का मेयर बनता है तो देहरादून को स्मार्ट सिटी बनाने के साथ साथ सभी क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास होगा और लोगों को काम धंधे भी मिलेंगे।

**चारधाम यात्रा**

**धामों के कपाट खुलने के दिन की हेलीकाप्टर से जायेगी पुष्प वर्षा**

## यात्रा की सभी तैयारियां 10 मई तक हर हाल में पूरी हों : धामी

- मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम' को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**देहरादून। एजेंसी**

धामी सरकार 10 मई से शुरू हो रही चारधाम यात्रा की सभी तैयारियों को लेकर मुस्तैदी के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष की चारधाम यात्रा के अनुभवों से सीख लेकर यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए हैं। धामों के कपाट खुलने के दिन हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की जायेगी। इस बार भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है।

रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड सदन, नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम' के 300 सेवादारों की टीम को मुख्य सेवक सदन मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय,देहरादून में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने बाबा केदारनाथ डोली यात्रा के साथ चलने वाले 'मुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 10 मई से हमारी चारधाम यात्रा प्रारम्भ होने वाली है, जो हमारे लिये उत्सव का वातावरण तैयार करती है। साथ ही हम सब चारधाम यात्रा जल्दी से जल्दी प्रारम्भ हो, इसका इन्तजार बेसब्री से करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा का एक बहुत बड़ा उत्सव पूरे उत्तराखण्ड, देशवासियों, भक्तगणों, श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों के लिये होता है। इस अवसर पर हम सब लोग अपने-अपने तरीके से इस पुण्य में सम्मिलित होते हैं। इस पुण्य में भण्डारे के आयोजन की अपनी अलग ही भूमिका है, जिसके लिये उन्होंने इस आयोजन में शामिल टीम लीडर हिमांशु चमोली सहित महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड आदि के युवाओं को हार्दिक बधाई व शुभकामना दी।

उन्होंने इस मौके पर पिछले वर्ष आयोजित किये गये ह्ममुख्य सेवक के भंडारा कार्यक्रम का उल्लेख करते हुये कहा कि पिछले वर्ष इस भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही शानदार रहा। हजारों श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों ने इस भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया, जिसके सफल आयोजन का सन्देश पूरे देश में गया।

## जापान की विदेश मंत्री एक दिवसीय नेपाल यात्रा पर, काठमांडू में होगी द्विपक्षीय वार्ता

**काठमांडू। एजेंसी**

जापान की विदेश मंत्री खामीखावा योको कुछ घंटे के नेपाल दौरे पर रविवार को काठमांडू पहुंचीं हैं। आज दिन भर राजनीतिक मुलाकात के बाद देर रात उनकी वापसी होगी। नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ के निमंत्रण पर जापानी विदेश मंत्री योको काठमांडू पहुंचीं। त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर विदेश सचिव सेवा लम्साल ने उनका स्वागत किया। लम्साल ने बताया कि कुछ पर्यटकीय क्षेत्रों का अवलोकन करने और राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने का कार्यक्रम तय है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक जापानी विदेश मंत्री योको सबसे पहले काठमांडू के दरबार स्क्वायर और बसन्तपुर क्षेत्र का अवलोकन करेंगी। इसके बाद नेपाल के विदेश मंत्री के साथ उनकी द्विपक्षीय औपचारिक वार्ता तय है। लम्साल ने बताया कि नेपाल और जापान की विदेश मंत्री के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कोई भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होने हैं। वार्ता में सिर्फ जापान की तरफ से नेपाल को दिए जाने वाले सहयोग और जापान के सहयोग से चल रही परियोजना की प्रगति पर चर्चा होनी है।

जापान की विदेश मंत्री आज ही नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगी। राष्ट्रपति से मुलाकात शीतल निवास में होगी, जबकि प्रधानमंत्री प्रचंड से उनके सिंह दरबार स्थित दफ्तर में मुलाकात होगी। जापानी विदेश मंत्री के सम्मान में आज रात्रिभोज होगा, जिसके बाद आज देर रात वह स्वदेश लौट जाएंगी।

# लोस क्षेत्र विकास से कोसों दूर, करेंगे चहुंमुखी विकास: राजकुमार

संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी (झापा) हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने सदर और दारू प्रखंड के गांवों का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की जनसमस्याओं से रूबरू होकर हर संभव उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान हमने देखा है कि हजारीबाग में विकास नदारद है। कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधियों की अपेक्षा का लगातार शिकार हो रहे हैं। ऐसे में झारखंड पार्टी जो क्षेत्रीय पार्टी है जंगल जमीन की पार्टी है आप लोगों के बीच चुनावी समर में आपके जन समर्थन के लिए पहुंची है ताकि आप सभी के जन समर्थन से चहुंमुखी विकास किया जाए। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सुदुरवर्ती क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहा हूं जहां पर ग्रामीणों की समस्यायों को काफी नजदीक से देखा है जो समस्याएं आजादी के पूर्व थी आज आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी बनी हुई है ऐसे में विकास के मायने अधूरे हैं चाहे किसानों की सिंचाई की व्यवस्था हो, बिजली की व्यवस्था हो, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क हर क्षेत्र में हमारा लोकसभा क्षेत्र पिछड़ेपन का शिकार है। जरूरत है एक ऐसे जनप्रतिनिधि की जो इन समस्याओं का गंभीरता पूर्वक कार्य योजना बनाकर कार्य करें ताकि चहुंमुखी विकास हो।झारखंड पार्टी सभी के समर्थन और सहयोग से धरातल पर विकास की योजनाओं को उतारने का काम करेगी। सुदुरवर्ती क्षेत्रों के अंतिम पायदान के लोगों तक विकास की किरणें पहुंचे यहीं हमारा लक्ष्य है।

# सैनिक कल्याण के जरिए पूर्व सैनिक को मिली जमीन पर दलालों की नजर

संवाददाता

**रामगढ़।** जिलांतर्गत ग्राम बुजुर्ग जमीरा के खाता नंबर 169 प्लॉट नंबर 1666 की ढाई एकड़ जमीन केंद्र सरकार की अनुशंसा पर सैन्य कल्याण हेतु पूर्व सैनिक रामटहल महतो को खेतीबाड़ी हेतु वर्ष 2001 में बंदोबस्ती कर दिया गया था। लेकिन उक्त भूमि पर सरकारी सांठगांठ कर भुनेश्वर राम द्वारा जबरन और अनैतिक रूप से कब्जा कर कराए जा रहे निर्माण को रोकने की गुहार लगाते हुए पीड़ित और उनकी पत्नी हेमंती देवी डीसी, सीओ सहित अन्य सामाजिक संगठनों को पत्र लिखा है। रविवार को इसी मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद् की प्रदेश अध्यक्षा सिंधु झा से मिलकर न्याय दिलवाने की गुहार लगाई। पूर्व सैनिक को रक्षा मंत्रालय की अनुशंसा से प्राप्त भूमि पर वर्ष 2017 से हीं विवाद चला आ रहा है जिसपर सीओ द्वारा भी जांच करवाकर उक्त भूमि का स्वामी पूर्व सैनिक और उनकी धर्मपत्नी हेमंती देवी को मानते हुए अपना रिपोर्ट भी सौंपा गया है, बावजूद इसके उक्त भूमि पर दलालों द्वारा निर्माण कार्य करवाने एवं पूर्व सैनिक रामटहल महतो को हरवे हथियार से लैस होकर डराने धमकाने पर विरोध जताते हुए दीपक मिश्रा ने कहा है कि सारे हिंदू संगठन के लोग इस पूर्व सैनिक के सम्मान में उनके साथ खड़े है और उनके साथ कहीं भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## एक नजर

### कान्यकुब्ज ज्योतिषि ब्रह्मण संघ की बैठक संपन्न

**हजारीबाग ।** इचाक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लुंदरु ग्राम के देवी मंडप में ज्योतिषी कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासंघ की बैठक गिरिजानंद पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडा के साथ प्रदेश और जिला के पदाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी विप्रगण भगवान परशुराम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा किये। सभी ने बारीझबारी से भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किया। उसके बाद सलाहकार समिति के सदस्य दिवंगत मदन तिवारी को एक मिनट का मौन रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष श्री पंडा ने कहा की ब्राह्मणों की एकता और उनके समस्या को लेकर मैं तात्पर्य हूं, जहां हमारी जरूरत पड़ेगा मैं हर समय आप सबों के साथ हूं , मुझे आप सबों ने जो दायित्व सौंपा है। मैं उसे पूरा करूंगा सिर्फ आप सभी का साथ और हौसला चाहिए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र पांडेय ने कहा की इचाक के लुंदरू में के बैठक में उपस्थित सभी विप्र गण को कहता हूं, यदि ब्रह्मण समाज में एकता का परिचय देना है तो प्रदेश अध्यक्ष के हाथो को मजबूत करे और कोई भी कार्य करने से पहले बैठक कर निर्णय ले इस बैठक में प्रदेश सचिव महेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता मदन पांडेय राजेंद्र पांडेय, सीताराम पांडेय, सीताराम मिश्रा, देवशरण पांडेय, कृष्णा पांडेय,भुनेश्वर पांडेय, जगरनाथ पांडेय सहित प्रदेश, जिला और प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों ब्रह्मण उपस्थित रहे।

### बसंत प्रजापति और राजदीप प्रसाद बने महामंत्री: वकील महतो

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड भाजपा संगठन में बदलाव किया गया है।सर्वेश सिंह व गुलचंद महतो को महामंत्री पद से पदमुक्त करते हुए बसंत प्रजापति और राजदीप प्रसाद को महामंत्री बनाया गया।मंडल अध्यक्ष वकील महतो ने कहा कि दोनों को महामंत्री बनाए जाने से संगठन में काफी मजबूती आएगी।वहीं ज़िला परिषद सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि दोनों संगठन के बहुत ही पुराने व अनुभवी कार्यकर्ता है।चुनाव के समय में इनका चयन होने से चुनाव में काफी फायदा होगा।दोनों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त जताया।उपस्थित लोगों में ज़िला परिषद सदस्य सर्वेश कुमार सिंह,डाडी मंडल अध्यक्ष वकील महतो,बसंत प्रजापति,राजदीप प्रसाद,बँटी तिवारी,शत्रुंजय सिंह,अवधेश प्रजापति,भुवनेश्वर प्रजापति,अरुण प्रजापति,अर्जुन प्रजापति,धानेश्वर प्रजापति,विजय केदार सतीश नरेश जयनंदन प्रभु प्रजापति,नागेश्वर प्रजापति,मनोज प्रजापति,प्रतिमा देवी,सबिता देवी,बिमला देवी,अनामिका देवी,अनु देवी,गीता देवी,ननकी देवी उपस्थित थे।

### भुवनेश्वर मेहता के चुनावी दौरे में भागीदारी

**हजारीबाग।** पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार एडवोकेट अनिरुद्ध प्रसाद के लिए चुनावी सघन दौरा हुआ। मेरु, दारू, हरली, पीटो, अमृत नगर इत्यादि दर्जनों गांव में भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को लोगों ने भरपूर स्वागत किया और आश्वासन दिया कि वह उनको उनकी पार्टी को जीतने का काम करेंगे। उनके साथ लखनदार महतो, मजीद अंसारी, महेंद्र राम, एडवोकेट रामेश्वर प्रसाद, लखनदार प्रसाद महतो, दामोदर महतो, दीपक पांडे, मोहम्मद यूसुफ, वासुदेव प्रसाद, स्वदेशी पासवान इत्यादि लोग मौजूद थे।

### प्रकृति पर्व सरहुल पूजा होसिर में मनाया गया

**गिद्दी।** प्रकृति पर्व सरहुल पुजा होसिर गाँव में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गांव के पाहन सत्यनारायण मुंडा ने सरना स्थल पर मुर्गे के बलि व सखुआ के पेड़ की विधिवत पूजा अर्चना के साथ की, और सुख समृद्धि और शांति की कामना की। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पाहन ने दो घड़े मे पानी को देख कर इस वर्ष अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की। इस मौके पर मुख्य रूप से कनकी पंचायत पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य गणेश महतो, दौलत महतो, रामप्रवेश ठाकुर, केतर मुंडा, नागेश्वर पटेल, संजय राम, अशोक महतो, महेश मुंडा मोहन मुंडा दिनेश्वर महतो गणेश चौधरी, कार्तिक चौधरी, मुकेश महतो, दीपेंद्र कुमार, नंदकिशोर महतो कालीचरण मुंडा गोरीनाथ बेदिया, सोहन महतो, कुलदीप मुंडा, प्रार्थना देवी, काजल देवी, खेमनाथ महतो आदि मौजूद थे।

### दोहाकातू ग्राम में भाकपा- माले के नेतृत्व में ग्रामीणों की हुई बैठक में हुआ निर्णय

# जमीन दलालों को भगाने का लिया संकल्प

**आदिवासियों की जमीन पर फर्जी तरीके से जबरन चाहरदीवारी किया जा रहा था जिस पर ग्रामीण-रैयतों ने अपने विरोध- प्रतिरोध के जरिए बंद कराया गया**

संवाददाता

**रामगढ़ ।** रामगढ प्रखंड के ग्राम दोहाकातू के तिलैया टोला में भाकपा-माले के जिला कमिटी सदस्य कामरेड दिगेन्द्र ठाकुर के अध्यक्षता में तथा जिला कमिटी सदस्य सह रामगढ़ प्रखंड सचिव सरयू बेदिया के संचालन में ग्रामुणों की एक आवश्यक बैठक हुई।

बैठक में वहां के गंझू परिववार आदिवासियों की खतियानी जमीन खाता नम्बर-62 व 65 प्लांट नम्बर-1210 व 1211 रकवा- 1.75 डी० व 1.60 डी० कुल रकवा- 3.35 डी० पचपेड़ी स्थित रोड किनारे की जमीन रैयत वंशु गंझू वो तनु गंझू पिता कर्मा गंझू की खतियानी भूमि पर अबैध तरीके से जमीन दलालों के सहयोग से एक चिप्स-गिटी क्रेशर मालिक ने आदिवासियों की जमीन पर फर्जी तरीके से जबरन चाहरदीवारी किया जा रहा था जिस पर ग्रामीण-रैयतों ने अपने विरोध- प्रतिरोध के जरिए बंद कराया गया । दलाल छुटभैये नेता अपने ही गांव - पंचायत के गरीब-गुरबों, शोषित - पीड़ित,आदिवासियों की जमीनों की लूटवाने और अपने दलाली की कमाई के लिए -अबैध रुप से हड़पने खरीद-बिक्री से भी बाज नहीं आते हैं। कहने का तो जन प्रतिनिधि कहे जाते हैं,मगर बिडम्बना यह है,कि ये जन प्रतिनिधी जल-जंगल -जमीन को तहस-नहस करने एवं जनता को लूटने और लूटवाने के कारो बार में शामिल रहते हैं।जन प्रतिनिधि नहीं बल्कि जन लूटेरा की भूमिका में रहते हैं। इन्हें गरीब,कमजोर ,वंचित,निरीह लोगों की जमीन,जयदाद पर गिद्ध नजर लगी रहती है। बैठक में लखीचरण भोक्ता, छोटू गंझू, भोला गंझू, निर्मल बेदिया, फुलमनी देवी, प्रमिला देवी, मोनिका देवी, मनी देवी, सरस्वती देवी, जीरामनी देवी, विजय गंझू, शिबू गंझू, लाल बहादुर गंझू, चंद्र मोहन गंझू, छोटू कुमार भोगता, अमित गंझू, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, अंजली देवी, झालो देवी, जगलाल भोगता ,बंशीधर भोगता, भुवनेश्वर गंझू, रोहित गंझू, मालती देवी, अधनी देवी, बरती देवी, गांगों, देवी, जयराम गंझू, रामवृक्ष गंझू, रंजीत गंझू, अमीन गंझू अन्य सैकड़ो लोग शामिल थे। उपस्थित सभी लोगों से आह्वान किया गया कि चंद मूठी भर पूंजीपत्तियों की पार्टी भाजपा को लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त देने के लिए,सत्ता से बेघर करने के लिए तमाम मेहनत कशों को गोल बंद होकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को जितने का संकल्प लें। बैठक के अंत में जोरदार नारों के साथ* "भाकपा -माले जिन्दा बाद,जमीन दलालों को मार भगाओ,जल,जंगल,जमीन की सुरक्षा के लिए एकजूट संघर्ष तेज करो,गरीब-आदिवासियों की जमीन हड़पने वालों को बेनकाब करो, भाजपा हटाओ- लोकतंत्र बचाओ, मोदी हटाओ- लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ, इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जे०पी०भाई पटेल को जिताओ।

# पीवीयूएनएल,स्वर्णरेखा महिला समिति ने हर्ष के साथ मनाया वार्षिक दिवस समारोह

संवाददाता

**पतरातू।** पीवीयूएन स्वर्णरेखा महिला समिति ने वार्षिक दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत आरके सिंह और रीता सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में लेडीज क्लब के सदस्यों ने सुपर हिट बॉलीवुड ट्रैक, गणेश वंदना, कव्वाली और अंत में फैशन रैंप वॉक का प्रदर्शन किया। उनके मनमोहक प्रदर्शन ने वास्तव में इस अवसर को यादगार बना दिया। विभिन्न प्रश्नोतरी और इंटरैक्टिव खेलों का भी आयोजन किया गया। मौके पर विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिसने शाम को बहुत ही खास और मनोरंजक बना दिया। सरिता झा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्णरेखा महिला समिति अपनी विभिन्न कल्याणकारी पहलों के माध्यम से समाज में योगदान दे रही और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम संबोधित करते हुए स्वर्णरेखा महिला समिति अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि क्लब विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर पहलों जैसे स्कूल बैग वितरण, आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान करना आदि के माध्यम से समाज में योगदान देने की बात कहीं। साथ ही समिति की एकता की तारीफ की और उन्होंने संबोधन का समापन इस टिप्पणी के साथ किया कि आगे भी समाज के लिए बेहतर काम करते रहेंगे।

वही दूसरी तरफ आर के सिंह, सीईओ, पीवीयूएनएल ने समिति की तारीफ की और कार्यक्रम की सफलता की बधाई दी और महिला समिति के द्वार किये गए कल्याणकारी कार्य भी सहराना की। इस अवसर पर महाप्रबंधक परियोजना अनुपम मुखर्जी, देवदीप बोस जीएम (ओ एंड एम) और अन्य सदस्यों सहित कर्मचारी उपस्थित थे। मौज-मस्ती से भरी शाम का समापन सदस्यों और मेहमानों के लिए एक विशेष रात्रिभोज के साथ हुआ।

# विस्थापन भाजपा की देन, हमने लड़ी है विस्थापितों की लड़ाई : जेपी भाई पटेल

संवाददाता

**हजारीबाग।** इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क महाभियान चलाया। उन्होंने दर्जनों पंचायत का दौरा करते हुए जनसभा एवं डोर टू डोर कैंपेन किया। कैंपेन करते हुए कांग्रेस के पक्ष में हाथ छाप पर वोट देने का अह्वान किया। जनसंपर्क अभियान में बडकागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने श्री पटेल का भरपूर साथ दिया वहीँ झामुमो के जिला प्रभारी संजीव बेदिया भी साथ कदम से कदम मिलाते नजर आए। कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। चिलचिलाती धुप और प्रचंड गर्मी के बावजूद हर जनसभाओं में लोगों का सैलाब उमड़ता रहा। सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने जेपी पटेल को आशीर्वाद देकर भरी मतों से जिताने का वादा किया।

जय प्रकाश भाई पटेल जोर शोर के साथ जनसंपर्क करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने विस्थापितों सहित आम लोगों से संवाद स्थापित किया। जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे पता है विस्थापन यहाँ की बड़ी समस्या है। इस समस्या की देन भाजपा है। हमने हमेशा टेकलाल बाबु के पदचिन्हों पर चलते हुए इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी है। राष्ट्रीयकरण या सरकारी कम्पनियाँ तो फिर भी ठीक थीं, उनसे अधिकारों का हनन रोका जा सकता था परन्तु अदानी जैसे प्राइवेट कंपनियों के हाथों अब भाजपा की सरकार यहाँ की जमीनों को बेचने का काम कर रही है। उनके वादे हमेशा से खोखले रहे हैं। कहा, जमीन हमारी, कोयला हमारा, मजदूर भाई हमारे, सब कुछ हमारा मगर हमें बदले में सिर्फ छल और कपट मिला। हिस्सेदार की जगह हमें नौकर बनाया गया है। आगे कहा, यह सब कुछ इसलिए मुमकिन हो सका क्यूंकि यहाँ का सांसद उसी पार्टी से है जिसने कभी इन समस्याओं पर संसद में अपना मुह तक नहीं खोला। विरोध में एक शब्द नहीं निकेल। चुपचाप हजारीबाग को बिक जाने दिया। जेपी पटेल ने ग्रामीणों से वादा करते हुए कहा कि संसद में जाने के बाद विस्थापन निति में सुधार कर उसे जमीनी रूप लागू करवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

# 84 साल की उम्र में बेटे के लिए आशीर्वाद मांगने बड़कागांव पहुंचे ब्रजकिशोर जायसवाल

**भावुक होकर बोले, नेता नहीं सेवक चुनें, मोदी को पीएम और मनीष को बनाएं सांसद**

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पिता सह हजारीबाग जिले के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल 84 साल की उम्र में बुलंद इरादें के साथ अपने बेटे के लिए आशीर्वाद मांगने रविवार को बड़कागांव पहुंचे। ब्रजकिशोर जायसवाल का बड़कागांव से खासा अपनापन और रिश्ता रहा है। उन्होंने अपना बचपन बड़कागांव स्थित अपने पैतृक गांव जुगरा में बिताया है और इसी से जिला परिषद सदस्य का चुनाव जीतकर वे हजारीबाग जिले के जिला परिषद अध्यक्ष भी बने थे। उन्होंने यहां पहुंचकर अपने बड़कागांव स्थित आवास जुगरा निवास में क्षेत्र के लोगों से साथ मिलकर और बैठक करके अपने बेटे भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लिए कमल फूल छाप पर वोट करने का अपील किया। ब्रजकिशोर जायसवाल लोगों से बात करने के दौरान कई बार भावुक हो गए और स्पष्ट शब्दों में मनीष जायसवाल के लिए आशीर्वाद और जनसमर्थन मांगते हुए कहा की नेता नहीं अपने क्षेत्र का बेटा और अपने लिए सेवक चुनें, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का पीएम और मनीष को अपना सांसद चुनें। ब्रजकिशोर जायसवाल के साथ उनके बेटे और मनीष जायसवाल के भाई निशांत जायसवाल भी बड़कागांव पहुंचे थे। निशांत जायसवाल ने भी अपने जनसेवक और जननेता भाई मनीष जायसवाल के लिए लोगों से बढ़चढ़कर कमल फूल छाप पर मतदान करने का आग्रह किया। मौके पर उनके साथ विशेष रूप से बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. के.पी. शर्मा, विजय वर्मा, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, सी.पी.जैन, सत्येंद्र सिंह, पुष्कर अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### जे पी पटेल के दौरे को लेकर कांग्रेसियों की बैठक

**पतरातू।** पतरातू के ऐतिहासिक मां पंचवहनि मंदिर के प्रांगण में विस्थापित नेता कुलदीप यादव की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक रखी गयी। जिसमें दिनांक 10/5 /2024 को इण्डिया महागठबंन के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के दौरा व रिभर साईड कांग्रेस कार्यालय में सभा को लेकर आवश्यक रणनीति बनाई गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि कई माईने में दिनांक 10/5 /2024 को होने वाला दौरा ऐतिहासिक होगा। इस ऐतिहासिक सभा में पूर्व वित व विदेश मंत्री सह सांसद तथा हजारीबाग लोकसभा के राजनीति के भीष्म पितामह यशवंत सिन्हा, सी पी आई के नेता पूर्व सांसद व कोयलांचल के लोकप्रिय नेता रमेन्द्र कुमार, झामुमो के वरीय नेता संजीव बेदिया राजद के गिरधारी गोप सहित महागठबंन के कई जिला व प्रदेश के नेता उपस्थित हो रहे हैं।

# सिद्धार्थ व अंकन रॉय को ब्लैक बेल्ट की उपाधि मिली

संवाददाता

**पतरातू।** कराते फेडरेशन ऑफ शोतोकान इंडिया सह मॉडर्न मार्शल आर्ट्स कराते डॉ फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आज पतरातु सौंदा बस्ती निवासी सिद्धार्थ प्रसाद डीजल कॉलोनी निवासी अंकन रॉय को मिला ब्लैक बेल्ट सौदान फर्स्ट डॉन की उपाधि । यह उपाधि हैदराबाद के सिहान के गणेश प्रेसिडेंट के एफ एस के द्वारा दिया गया । ये दोनो सेंसी विकास पाठक ब्लैक बेल्ट चतुर्थ डॉन अंतर्राष्ट्रीय करते पदक विजेता कराते कोच के पास पिछले 10 साल से मार्शल आर्ट्स कराते सीख रहे है और आज भी रेगुलर स्टूडेंट हैं। रसदा स्थित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स कराते ट्रेनिंग सेंटर में एक दिवसीय मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे रामगढ़ जिला के 100 करातेकारो ने भाग लिया जिन्हें संस्था के मुख्य प्रशिक्षक सेनसी विकास पाठक और महिला प्रशिक्षिका सुमित्रा ब्लैक बेल्ट तृतीय डॉन के द्वारा काता, कुमिते फाईट और किहोंन का प्रशिक्षण दिया गया। सीनियर ब्लैक बेल्ट और ब्राउन बेल्ट करातेकारो को लाठी , डंडे डबल नांन चाकू ,तलवार का प्रशिक्षण दिया गया।

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी** द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
**प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी*** ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999